सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.6 न्यू | 26.9 अधि |
| धर्मशाला | 16.6 न्यू | 32.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77478.93 |
| निफ्टी | 23567.00 |
| सोना 72,440 | चांदी 92,687 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 21 जून, 2024 | 8 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 184, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सिरमौर पुलिस ने गोवंश हत्या मामले में बनाया एक्शन प्लान -पेज 3
- स्वर्णकार और पत्नी पर आधी रात को हथियारों से जानलेवा हमला -पेज 5
- इस बार 14 से 27 जुलाई तक चलेगी श्रीखंड महादेव यात्रा -पेज 11
- कांगड़ा ने हमीरपुर को 9 विकेट से हराया -पेज 13
- बजट में मिल सकता है टैक्स छूट का तोहफा -पेज 14


### टी-20 विश्व कप आज के मैच

ऑस्ट्रेलिया vs बांग्लादेश
स्थान: एंटीगुआ, समय : सुबह 6:00 बजे

इंग्लैंड vs दक्षिण अफ्रीका
स्थान: सेंट लूसिया, समय : रात 8:00 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को वीरवार शाम राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में एक लाख रुपए के मुचलके पर जमानत दे दी है। वहीं, ईडी ने जमानत के विरोध के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। कोर्ट ने कहा कि ये दलीलें शुक्रवार को जज के सामने की जा सकती हैं। केजरीवाल शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते हैं। पहले राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले मामले में आरोपी केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### झटका: बिहार में बढ़ा हुआ आरक्षण रद्द

**पटना।** नीतीश सरकार को बड़ा झटका लगा है। पटना हाईकोर्ट ने वीरवार को बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 फीसदी आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 फीसदी आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो जाएगी।

### संजय सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के एमपी-एमएलए कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। जमानती वारंट में संजय सिंह को 29 जून को कोर्ट मे हाजिर होने को कहा गया है। आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ अदालत ने चुनाव आचार संहिता से जुड़े एक केस में जमानती वारंट जारी हुआ है।

### बीआरएस विधायक के परिसरों पर ईडी की रेड

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक गुदेम महिपाल रेड्डी और उनके भाई जी. मधुसूदन रेड्डी के घरों और दफ्तरों की तलाशी ली। छापेमारी सुबह पांच बजे सभी स्थानों पर एक साथ शुरू हुई। पुलिस ने इस साल मार्च में मधुसूदन रेड्डी को गिरफ्तार किया था। उन पर संगारेड्डी जिले के पतनचेरू मंडल स्थित लकदरम गांव में अवैध एवं अतिरिक्त खनन के आरोप लगाए थे।

### कनाडा में आईआरजीसी आतंकवादी ग्रुप घोषित

**ओटावा।** कनाडा ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी ग्रुप करार दिया है। ट्रूडो सरकार ने ईरान में रहने वाले कनाडाई लोगों से देश छोड़ने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि आईआरजीसी अब कनाडा में आतंकी ग्रुप की लिस्ट में शामिल हो गया है।

### अनंत व्यंग्य




# नीट काउंसिलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का फिर इनकार

## आखिरी सुनवाई के बाद परीक्षा कैंसिल होती है तो काउंसिलिंग भी रद्द की जाएगी

- अलग-अलग हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर भी रोक
- अब आठ जुलाई को सुनवाई

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने वीरवार को हुई सुनवाई में नीट-यूजी काउंसिलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आखिरी सुनवाई के बाद परीक्षा कैंसिल होती है तो काउंसिलिंग भी कैंसिल हो जाएगी। इससे पहले 11 जून को भी सुप्रीम कोर्ट ने यह अपील खारिज की थी।



49 स्टूडेंट्स और स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अर्जी लगाई थी। याचिकाकर्ताओं ने एग्जाम में 620 से ज्यादा स्कोर वाले स्टूडेंट्स का बैकग्राउंड चेक करने और फॉरेंसिक जांच करने की मांग की है। अलग-अलग हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर भी रोक लगाई है। इसके साथ ही राजस्थान, कलकत्ता और बॉम्बे हाईकोर्ट में नीट-यूजी केस में दायर याचिकाओं को क्लब कर दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट में 8 जुलाई को सुनवाई होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यह मांग की थी। वहीं, पेपर लीक मामले में केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान एक लड़का अपने भाई के लिए सुप्रीम कोर्ट आया था। इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट एग्जाम के साथ समझौता नहीं होगा। गुनहारों को बख्शा नहीं जाएगा। एनटीए के लिए हाई कमेटी गठित होगी, जो इसको और बेहतर करने के लिए सिफारिश देगी।

### आरोपियों ने कबूला, एक दिन पहले मिले थे प्रश्नपत्र

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर आरोपियों का कबूलनामा सामने आया है। परीक्षा से एक दिन पहले ही उन्हें प्रश्न पत्र मिल गया था। नीट परीक्षार्थी अनुराग यादव ने बताया कि उसके फूफा सिकंदर प्रसाद यादवेंदु ने ही उसे कोटा से पटना बुलाया था और कहा था कि परीक्षा में सब सेटिंग हो चुकी है। इसके बाद पटना के एक रेस्ट हाउस में अमित आनंद और नीतीश कुमार के पास मुझे छोड़ दिया। इन लोगों ने मुझे नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका दी। रातभर में पेपर रटवाया गया। सिकंदर यादवेंदु ही अनुराग के फूफा हैं। इस मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

### शिक्षा मंत्रालय बोला- सीबीआई करेगी जांच, परीक्षा की नई तिथि जल्द होगी घोषित

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने के बाद वीरवार को मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया है। मंत्रालय ने कहा कि दोबारा परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने शास्त्री भवन में प्रेसवार्ता में बताया कि एनटीए की ओर से 18 जून को आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा में 9 लाख छात्रों ने भाग लिया था। मंत्रालय ने देखा कि परीक्षा में गड़बड़ी की संभावना है। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया था।

# चौपाल की 11 स्कूली छात्रों से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

## मर्डर केस में 22 साल की सजा काट चुका है आरोपी दुकानदार

- घन्नाहट्टी से किया गिफ्तार डीएसपी को सौंपी जांच
- दुकान आने वाली छात्राओं से करता था अश्लील हरकतें

रविंद्र जस्टा, शिमला

**शिमला** जिले के चौपाल के सरकारी स्कूल की 11 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी मर्डर केस में 22 की जेल की सजा काटकर डेढ़ साल पहले ही घर आया था। इसके बाद उसने स्कूल के बाहर दुकान खोली थी। पीड़ित छात्राओं का आरोप है कि जब वे कुछ सामान खरीदने दुकान पर जाती थीं तो वह उनके साथ अश्लील हरकतें करता था तथा गलत तरीके से छूता था। मामले की जांच चौपाल के डीएसपी को सौंपी है।

चौपाल थाना के एसएचओ मनोज ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने स्कूल की यौन उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष की शिकायत पर पोक्सो एक्ट के तहत चौपाल पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी सत्य प्रकाश को शिमला जिले के घन्नाहट्टी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चौपाल के भूड़क खगना गांव का रहने वाला है। आरोपी ने अलग-अलग समय पर 7वीं से 11वीं



कक्षा तक की छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें कीं। एक छात्रा ने यह बात स्कूल की हेड गर्ल को बताई। 15 जून को हेड गर्ल ने यह बात स्कूल की यौन उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष टीचर को बताई। इसके बाद छात्राएं बोली- उनके साथ दुकानदार ने अश्लील हरकतें की।

सेक्शुअल हैरेसमेंट कमेटी के सामने 11 छात्राओं ने दुकानदार द्वारा उनके शरीर में गलत जगह पर टच करने की बात बताई। 18 जून को स्कूल प्रबंधन समिति की मीटिंग बुलाई गई। एसएमसी ने यह मामला पुलिस को देने का निर्णय लिया। बुधवार को पुलिस को शिकायत दी गई। इस मामले में पुलिस ने सभी छात्राओं के बयान कलमबद्ध किए हैं। (अनंत ज्ञान)



छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न का मामला दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ सख्त कार्रवाई करेगी।
**रोहित ठाकुर, शिक्षा मंत्री**



चौपाल में 11 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को शिमला के घन्नाहट्टी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पहले भी हत्या मामले में सजा काट चुका है। पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।
**-संजीव गांधी, एसपी शिमला।**

# बिलासुपर में पेशी के लिए आए युवक पर कोर्ट के बाहर फायरिंग

## विधायक बंबर ठाकुर पर हमले का मुख्य आरोपी घायल, पीठ पर लगी एक गोली

- पंजाब के शूटर को किया गिरफ्तार, दूसरा साथी फरार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बिलासपुर** में वीरवार को दिनदहाड़े कोर्ट परिसर के बाहर घुमारवीं निवासी एक युवक पर फायरिंग की गई। एक गोली युवक की पीठ पर लगी और दूसरी गोली वहां खड़ी गाड़ी के शीशे पर जाकर लगी। घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालात को देखते हुए बिलासपुर एम्स रेफर किया गया।

पुलिस ने एक शूटर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा फरार हो गया है। सदर थाना बिलासपुर में मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हमले का मुख्य आरोपी सौरभ पटियाल अपने साथियों के साथ पेशी के लिए कोर्ट आया था। आरोपी को डेढ़ माह पहले ही मारपीट मामले में जमानत मिली थी। डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि गोलीकांड को अंजाम देने वाले शूटर 34 वर्षीय सन्नी गिल पुत्र जिंदर सिंह निवासी लुधियाना (पंजाब) को दबोच लिया है। घायल सौरव पटियाल उर्फ फांदी निवासी घुमारवीं का एम्स बिलासपुर में इलाज चल रहा है। वहीं, मंडी रेंज के डीआईजी जी शिवा कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। शूटर युवक के खिलाफ पहले ही पंजाब में मर्डर का मामला दर्ज है।



गाड़ी के शीशे पर लगी गोली

छानबीन करती पुलिस टीम।

# पेखूबेला में सौर ऊर्जा से पैदा होगी 6.61 करोड़ यूनिट बिजली

## सीएम सुक्खू ने 32 मेगावॉट की परियोजना जनता को की समर्पित

राजेश शर्मा, ऊना

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को ऊना जिले के पेखूबेला में हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से निर्मित 32 मेगावॉट की पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना प्रदेश की जनता को समर्पित की।

सुक्खू ने इस सौर परियोजना का शिलान्यास 2 दिसंबर, 2023 को किया था और लगभग चार महीने में ही 15 अप्रैल, 2024 को इस परियोजना से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया गया। पेखूबेला परियोजना का निर्माण 220 करोड़ रुपए की लागत से 49 हेक्टेयर भूमि पर किया गया है। सीएम ने कहा कि यह परियोजना सालाना 6.61 करोड़ यूनिट विद्युत उत्पादन करेगी और प्रदेश सरकार को प्रतिवर्ष 2.90 रुपए प्रति यूनिट की दर से 19.17 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। इस परियोजना में 82,656 सोलर मॉड्यूल स्थापित किए हैं और परियोजना से उत्पन्न बिजली की निकासी रक्कड़-टाहलीवाल ट्रांसमिशन लाइन से की जा रही है। पेखूबेला सौर परियोजना से प्रतिवर्ष 2,532 टन कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। (अनंत ज्ञान)



पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### पहला हरित ऊर्जा राज्य बनेगा हिमाचल

**सुक्खू** ने कहा कि हिमाचल देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनने की ओर अग्रसर है, जिसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 500 मेगावॉट सौर ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निगम ने 47 मेगावॉट की तीन सोलर परियोजनाओं के निर्माण कार्य आवंटित किए हैं। इनमें से एक सोलर परियोजना पूरी हो चुकी है और दो अन्य सोलर परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से 72 मेगावॉट की सात सोलर परियोजनाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं और 54 मेगावॉट की चार सौर ऊर्जा परियोजनाओं की डीपीआर तैयार की जा रही है।

# कांग्रेस का भेदभाव और वादाखिलाफी असली चेहरा : अनुराग

## कहा- प्रदेश के लोग पानी को तरस रहे और मुख्यमंत्री अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने में व्यस्त

अनंत ज्ञान, बीबीएन

**हमीरपुर** लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भेदभाव और वादाखिलाफी कांग्रेस का असली चाल, चरित्र और चेहरा हैं। देशभर में आज कांग्रेस के दफ्तरों के बाहर महिलाएं पैसे लेने के लिए लाइन लगाकर खटाखट-खटाखट दरवाजा खटखटा रही हैं, लेकिन अंदर से कोई दरवाजा नहीं खोल रहा। यही कांग्रेस के झूठे दावों और वादों की सच्चाई है।



नालागढ़ में भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते अनुराग।

अनुराग वीरवार को नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। नालागढ़ में भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर ने कभी सेवाभाव में कोई कमी नहीं रखी। हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के 6 महीनों में हीं दो बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए। आज हिमाचल के जंगलों में आग लगी है और लोग पानी को तरस रहे हैं, लेकिन सरकार सोई हुई है। हिमाचल में सरकार है भी या नहीं इस पर गहरा प्रश्न चिन्ह है। मुख्यमंत्री यह सब देखने की बजाए अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने में व्यस्त हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की घोर अनदेखी हो रही है, जो पिछली बार चुनाव में दूसरे नंबर पर आया था उसे टिकट नहीं दिया गया। जब हिमाचल में आपदा आई थी, तब कांग्रेस की सरकार ने तिरपाल बांटने और राहत देने में भी यह देखा था कि कौन भाजपा का है और कौन कांग्रेस का है। प्राकृतिक आपदा में जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, तब पीएम मोदी ने हिमाचलवासियों के बचाव और राहत से लेकर पुनर्वास तक के लिए सभी उपाय किए, लेकिन कांग्रेस की सरकार केंद्र से मिले पैसों को भी सही से उपयोग नहीं कर सकी और अपने लोगों को फायदा पहुंचाने में लगी रही।

# जम्मू-कश्मीर जल्द बनेगा राज्य : मोदी

## प्रधानमंत्री ने 3300 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का किया शिलान्यास

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज डल झील के किनारे करेंगे योग

एजेंसी, श्रीनगर

**तीसरी** बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी वीरवार शाम जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे। पीएम श्रीनगर में 'युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही 1500 करोड़ के 84 प्रोजेक्ट्स और कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के विकास के लिए 1800 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार काम करती है और नतीजे दिखाती है। तीसरी बार सरकार बनाने से दुनिया को स्थिरता का संदेश मिला है। हमारी सरकार को लेट-लतीफी पसंद नहीं है। आज जो बदलाव जम्मू-कश्मीर में दिख रहे हैं, वह बीते 10 साल में हमारे काम का नतीजा है। इसके साथ ही उन्होंने बीते दिनों में जम्मू के कई जिलों में हुए आतंकी हमलों पर कहा- हमारी सरकार ने हालिया हुए आतंकी हमलों को गंभीरता से लिया है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में हिचकिचाएंगे नहीं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को जल्द ही राज्य बनाने की घोषणा भी की। पीएम की इस घोषणा के साथ ही जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। वे शुक्रवार को सुबह 6.30 बजे से श्रीनगर के एसकेआईसीसी में योग दिवस के मुख्य समारोह का नेतृत्व करेंगे और डल झील के किनारे योग करेंगे। इस दौरान करीब 7 हजार लोग उनके साथ योग करेंगे। कुछ लोगों को विभिन्न आसनों की ट्रेनिंग दी गई है।

**मौसम** बारिश होने से किसानों और बागवानों के चेहरे खिले, तापमान में आई गिरावट, दिनभर छाए रहे बादल

# प्रदेश में 26 जून तक प्री-मानसून का दौर

रविंद्र जस्टा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में लोगों को अब गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने प्रदेश में 26 जून तक प्री-मानसून का दौर जारी रहने का अनुमान लगाया है।

प्रदेशभर में बुधवार को हुई बारिश से किसानों और बागवानों के चेहरे खिल गए हैं। वहीं, वीरवार को दिनभर बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि पिछले 24 घंटों में हुई बारिश से गर्मी से लोगों को राहत मिली है।

22 और 23 जून को मौसम साफ रहने की उम्मीद है। बारिश होने से तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। काहू में 53.5, कुफरी 43.4, कंडाघाट 41.6, भरमाणी 35.4, धर्मशाला 34.0, सोलन 30.6 व जोगिंद्रनगर में 28.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शिमला में न्यूनतम तापमान 13.6, धर्मशाला 16.8, ऊना 22.0 और नाहन में 25.0 डिग्री दर्ज किया गया। (अनंत ज्ञान)



शिमला के रिज मैदान में चहलकदमी करते पर्यटक।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| ऊना | 38.4° |
| बिलासपुर | 38.1° |
| चंबा | 37.2° |
| हमीरपुर | 36.9° |
| कांगड़ा | 36.8° |
| मंडी | 36.2° |
| सुंदरनगर | 35.8° |
| बरठीं | 35.8° |
| धौलाकुआं | 34.1° |
| धर्मशाला | 32.5° |
| सोलन | 31.0° |
| जुब्बड़ हट्टी | 29.8° |

# तमिलनाडु में जहरीली शराब से 34 की मौत, 100 से ज्यादा भर्ती

- जिलाधिकारी का तबादला एसपी निलंबित, सीआईडी को सौंपी जांच की जिम्मेदारी

एजेंसी, नई दिल्ली

**तमिलनाडु** के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, इन लोगों ने पैकेट में मिलने वाली शराब पी थी। मरने वालों में पांच महिलाएं भी हैं।

पुलिस ने इस मामले में कन्नुकुट्टी (49) समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। कन्नुकट्टी के पास से लगभग 200 लीटर जहरीली शराब बरामद हुई, जिसमें मेथेनॉल मिला हुआ है। वहीं, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। तमिलनाडु सरकार ने जिलाधिकारी का तबादला और पुलिस अधीक्षक को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। राज्य सरकार ने मामले की जांच सीआईडी की सौंप दी है।

### मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई आज

**एआईएडीएमके** के वकीलों ने मद्रास हाईकोर्ट से कल्लाकुरिची मामले पर तत्काल सुनवाई करने की अपील की। जस्टिस डी कृष्णकुमार और के कुमारेश बाबू की बेंच 21 जून को इस मामले की सुनवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने मद्रास हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बी गोकुलदास की अध्यक्षता में आयोग बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही मरने वालों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं के यौन उत्पीड़न मामले की हो निष्पक्ष जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कन्या महाविद्यालय इकाई की अध्यक्ष दीक्षिता ने कहा कि शिमला के चौपाल में 7वीं से 9वीं कक्षा की 11 छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न की घटना देवभूमि को शर्मसार करने वाली घटना है। नैंसी अटल ने कहा इस तरह की घटना हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय और देवभूमि राज्य में होना बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह सरकार के ओर कानून व्यवस्था के ऊपर खड़ा करती है कि जबसे व्यवस्था परिवर्तन नारा देने वाली पार्टी सत्ता में आई है तबसे अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हुए हैं कि इस तरह की अमानवीय घटना को अंजाम देने से पहले उन्हें कानून का जरा भी डर नहीं रहा है। ऐसे में विद्यार्थी परिषद सरकार से मांग करती है प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ किया जाए तथा महिला सुरक्षा को लेकर निर्णायक कदम लिए जाएं।

### केशव रैना को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सतलुज जल विद्युत निगम परियोजना सुन्नी बांध में प्रभावित परिवारों की बैठक पूर्व पंचायत प्रधान हुकम चंद की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान प्रभावित पंचायतों में परलोग, बिंदला, सरत्योला तथा शाहोट के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। बैठक में लगभग 70 लोगों में उपस्थित रहे और कमेटी का गठन किया। इस दौरान कमेटी का अध्यक्ष केशव राम रैना, उपाध्यक्ष अमर चंद, सचिव सतीश मेहता, सह सचिव तेज राम तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए घनश्याम को सर्वसम्मति से चुना गया। इस दौरान प्रभावितों की समस्याओं की भी चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)

### पवन शर्मा सर्वसम्मति से चुने एसएमसी अध्यक्ष

**जुन्गा (शिमला)।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा की नई विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन वीरवार को आमसभा की बैठक में किया गया, जिसमें पवन कुमार शर्मा सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। जबकि प्रधानाचार्य को सदस्य सचिव और स्थानीय प्रधान बंसी लाल कश्यप को सदस्य मनोनित किया गया। इसके अतिरिक्त तरुण शर्मा, राकेश ठाकुर, रीना शर्मा, राकेश, दीक्षा, दया, राजेंद्र कुमार, राजीव सूद, रमा शर्मा, प्रिंयका, संजय ठाकुर, बाबूराम, रजनी, रीना कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। इसी प्रकार अध्यापक वर्ग से एसएससी में अंशु महाजन, तीर्थानंद और वारिज कों भी बतौर सदस्य शामिल किया गया। (अनंत ज्ञान)

### छुट्टियों में भी कॉलेजों में पढ़ाई कर सकेंगे विद्यार्थी

**गोपल कपिल, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी पुस्तकालय के रीडिंग रूम खुले रहेंगे। इसके आदेश सरकार की ओर से जारी कर दिए गए हैं। कॉलेज में ग्रीष्मकालीन अवकाश 12 जुलाई तक घोषित है। झंडूता कॉलेज की ग्रेड-1 अधिक्षिक शशि किरन ने बताया की झंडूता ग्रामीण क्षेत्र है यहां बच्चे दूर दूर से पढ़ने आते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पुस्तकालय बंद होने के कारण विद्यार्थियों को घर वापस जाना पड़ता था। लेकिन अब बच्चे कॉलेज के रीडिग रूम में पढ सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों की समस्या को समझते हुए अवकाश के दौरान भी सभी महाविद्यालयों में पुस्तकालय के रीडिंग रूम खुले रखने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों को झंडूता कॉलेज में तुरंत प्रभाव से जारी कर दिया गया है। इसका ग्रामीण विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा विद्यार्थियों को सुबह 10 से शाम 5 तक तह सुविधा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### आईटी फैकल्टी के 5 पदों के लिए इंटरव्यू 24 को

**शुभम राही, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने जानकारी देते हुए बताया कि सॉफ्ट ब्रेन इन्फॉर्मेशन टेकनोलॉजी कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर बलासपुर, द्वारा आईटी फैकल्टी के 5 पदों के लिए 24 जून को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उमीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आईटी फैकल्टी के लिए एमसीए बीसीए, बीएससी, एमएससी, आईटी, बीटेक, एमटेक, आईटी होना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि उमीदवार को मासिक मानदेय 11,500 रुपए से लेकर 15,000 रुपए तक दी जाएगी। उमीदवार की आयु 18 से 35 तथा पुरुष-महिला उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 24 जून को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार इंटरव्यू में भाग लेने के लिए एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल पर भी आवेदन कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मानसून को लेकर सभी तैयारिया पूरी करें विभाग

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के एसडीएम योगराज धीमान ने मानसून सीजन को लेकर वीरवार को एसडीएम आफिस झंडूता में अधिकारियों के साथ बैठक की। योगराज धीमान ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से संबंधित सभी विभाग अपनी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि मानसून सीजन के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि झंडूता अस्पताल जाने वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हैं तो लोकनिर्माण विभाग उन रास्तों को ठीक करे।जल शक्ति विभाग मानसून के दौरान स्वच्छ जल लोगों तक पहुंचाए, ताकि किसी तरह की बीमारी न फैले। अगर मानसून के दौरान सीर खड्ड के पास बाढ़ जैसी स्थिति बनती है तो स्वास्थ्य विभाग लोगों को आवश्यकता अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराए, ताकि मानसून के दौरान कोई महामारी न फैले। एसडीएम योगराज धीमान ने बताया कि पिछले वर्ष भी देखा गया कि हमारे यहां मानसून में बाढ़ और स्लाइडिंग होती है, जिससे पिछले वर्ष भी लोगों को सिफ्ट करना पड़ा था। मानसून में यह चीजें दोबारा न हो इसके लिए आज बैठक रखी गई थी। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर को

**शुभम राही, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 14 सितम्बर, 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण मनीषा गोयल ने दी। इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकद्दमों, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले निपटाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडुता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले हैं, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता हैं। कोई इच्छुक व्यक्ति जिसका उपरोक्त श्रेणी में से मामला कोर्ट में विचाराधीन नहीं है, अगर वह अपना मामला लोक अदालत में लगवा कर आपसी समझौते पर आधारित फैसला प्राप्त करना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की मुक्त कानूनी सहायता या सलाह के लिए प्राधिकरण के हैल्पलाईन नंबरों, टोल फ्री नंबर 15100 हिमाचन प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, सचिव (सिनियर सिविल जज) जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-224887 और उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, घुमारवीं के दूरभाष नंबर पर 01978-254080 पर संपर्क कर सकता है। इसके आतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या जिला विधिक सेवाऐं प्राधिकरण बिलासपुर की email id. Secy-dlsa-bil-hp@gov.in पर भेज सकता है। अगर कोई व्यक्ति अपनी समस्या ऑनलाइन भेजना चाहता तो वह राष्ट्रीय विधिक सेवाऐं प्राधिकरण, नई दिल्ली की वेबसाईट पर जा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

# रिज मैदान में स्टॉल लगाने का विरोध कारोबारियों ने बंद रखा लक्कड़ बाजार

## बोले- ऐतिहासिक धरोहर से हो रहा खिलवाड़, कोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



रिज में स्टॉल लगाने के विरोध में प्रदर्शन के दौरान मीडिया से बातचीत करते कारोबारी तथा (दाएं) लक्कड़ बाजार में बंद दुकानें।

रिज मैदान पर बाहरी राज्यों के कारोबारियों द्वारा स्टॉल लगाने के विरोध में लक्कड़ बाजार के कारोबारी उग्र हो गए है।

कारोबारियों ने लक्कड़ बाजार बंद कर शिमला जिला प्रशासन के खिलाफ रोष रैली निकाली और रिज मैदान पर लगाएं गए स्टॉल को तुरंत हटाने की मांग की। कारोबारियों का कहना है कि रिज मैदान एक ऐतिहासिक धरोहर है और देश विदेश से लोग यहां इसकी प्राकृतिक सुंदरता को निहारने के लिए पहुंचते हैं न कि रेहडी फड़ी और गंदगी देखने, ऐसे में रिज मैदान पर दुकानें नहीं लगनी चाहिए। शिमला लक्कड़ बाजार कारोबारी एसोसिएशन ने विरोध स्वरूप बाजार पुरे दिन के लिए बंद रखा और कहा कि रिज मैदान पर पिछ्ले कुछ समय से जिला प्रशासन मेले लगा रहा है, जिससे रिज मैदान की खूबसूरती खत्म हो रही है, जबकि हाई कोर्ट ने हैरिटेज क्षेत्र में इस तरह के आयोजन पर प्रतिबंध लगाया है बावजूद इसके दुकानें लगाई गई है। रिज पर दुकानें लगने से लक्कड़ बाजार के कारोबारियों की रोजी रोटी भी खतरे में पड़ गई। साथ ही इसके कारण रिज मैदान गंदगी का आलम है और रिज की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ गया है।

पिछले साल भी कारोबारियों ने प्रशासन के समक्ष मुद्दा उठाया था लेकिन उसका कोई असर नही हुआ। अगर प्रशासन ने अब भी रिज मैदान से मार्केट नहीं हटाई तो कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा।

पहले भी कारोबारी कई बार स्टॉल लगाने का विरोध कर चुके है। लेकिन उनके मांगो की सुनवाई नहीं हो रही है।

# नदी में गिरे ट्रक को चालक के शव सहित निकाला


सुन्नी के चाबा के समीप हुए दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को रेस्क्यू करते लोग।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

शिमला ग्रामीण के थाना सुन्नी के तहत चाबा में मंगलवार को हुए दुर्घटनाग्रस्त हुए ट्रक (नं. एचपी 09 सी 1206) को सतलुज नदी से निकाल दिया है।

बुधवार को पुलिस प्रशासन द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया तथा सतलुज में डूबे ट्रक को दो क्रेनों की सहायता से निकला गया। ट्रक के चालक का शव भी ट्रक में फंसा हुआ था। मृतक की शिनाख्त लीलाधर उर्फ विकास पुत्र छोटे लाल (27) निवासी सैंज ठियोग के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है ट्रक चाबा के समीप मोड़ पर पीछे करते वक्त सतलुज नदी में गिर गया और चालक भी ट्रक समेत नदी में डूब गया था।

बहरहाल थाना प्रभारी सुन्नी दिलू राम ने बताया कि चाबा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुए ट्रक को सतलुज नदी से निकाल दिया गया है तथा चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सन्नी अस्पताल लाया गया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# झिकनीपुल में जीआरएस की बदसलूकी पर बिफरा वार्ड सदस्य

**सपना सूद, नेरवा/चौपाल**

पंचायत कर्मियों द्वारा जहां आम आदमी के साथ दुर्व्यवहार के मामले सामने आते हैं वहीं अब इससे जनप्रतिनिधि भी अछूते नहीं हैं। ऐसा ही एक मामला बीते मंगलवार को विकासखंड चौपाल की झिकनीपुल पंचायत में सामने आया यहां चडोली वार्ड सदस्य सुरेश जामटा और ग्राम रोजगार सेवक के बीच मनरेगा मस्ट्रोल निकालने के लिए विवाद हो गया। विवाद सोशल मिडिया में भी तूल पकड़ने लगा है। इससे लोगों में पंचायत कर्मियो के प्रति भारी रोष देखने को भी मिला। सुरेश ने जीआरएस पर बदसलूकी के गंभीर आरोप लगाए हैं। नेरवा में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जीआरएस से उसके वार्ड में पिछले चार महीने से लंबित पड़े कार्यों के विषय में वो मिले और उन्होंने मस्ट्रोल निकालने की गुहार लगाई थी, परंतु न जानें जीआरएस क्यों भड़क गया औ एक फाइल को पटकते हुए उसे कार्यालय से बाहर निकलने की धमकी दी। इसकी उनके पास विडियो भी रिकार्ड।

सुरेश ने हैरानी जताते हुए कहा कि जीआरएस का व्यवहार पंचायत प्रतिनिधि के साथ ऐसा है तो आम आदमी के साथ कैसा होगा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। सुरेश ने यह भी आरोप लगाया है कि जीआरएस ने उसके वार्ड के साथ भेदभाव किया है। उसके वार्ड के 2021-2022 के मनरेगा के कार्य भी अभी तक लटके हुए हैं। सुरेश ने उच्चाधिकारिओं को शिकायत भेज कर मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। इस बारे खंड विकास अधिकारी चौपाल विनीत ठाकुर का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट से हो यूजीसी-नेट परीक्षा मामले की जांच

## एसएफआई ने एनटीए संस्था को भंग करने की उठाई मांग, शिक्षा मंत्री से मांग इस्तीफा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



प्रदेश विश्वविद्यालय में धरना-प्रदर्शन करते हुए एसएफआई के कार्यकर्ता।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) हिमाचल प्रदेश राज्य समिति ने मोदी शासन में प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की निंदा की है। नीट घोटाले का मुद्दा अभी सुलझ भी नहीं पाया है कि यूजीसी-नेट परीक्षा का मामला सामने आ गया है।

गौरतलब है कि दोनों परीक्षाएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए ने आयोजित की है। इस परीक्षा में 18 जून 2024 को 1205 परीक्षा केंद्रों पर 9 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए हैं, लेकिन परीक्षा देने के बाद उनको पता चलता है कि इसमें भारी धांधली के चलते परीक्षा रद्द कर दी गई है। परीक्षा रद्द करना देश के लाखों युवाओं के साथ न्याय नहीं है। एसएफआई ने कहा ऐसा लगता है कि मोदी सरकार में ये एनटीए जैसी एंजेसियां भाजपा व आरएसएस के लिए अनुचित तरीके से पैसा कमाने का जरिया बन चुकी है और निरंतर देश के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ का काम यह सरकार कर रही है।

एसएफआई ने कहा कि इस यूजीसी नेट परीक्षा में धांधली का अंदाजा बड़ी आसानी से लगाया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में भी इस परीक्षा के आयोजन कई परीक्षा केन्द्र थे जिसके निष्पक्ष आयोजन के लिए पर्यवेक्षकों की न्युक्ति की गई थी जिसमें अधिकांश भाजपा और आरएसएस की विचारधारा समर्थित शिक्षकों को नियुक्त किया गया था और वे भी सबसे जुनियर शिक्षकों को। इसमें वे शिक्षक भी शामिल थे जिनकी नियुक्ति भाजपा शासनकाल में पिछले दरवाजे से युजीसी नियमों को ताक पर रख कर की गई थी। एसएफआई ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने कई शीर्ष और जिम्मेदार शैक्षणिक निकायों में अयोग्य लोगों को नियुक्त किया है और इस तरह के भ्रष्टाचार और अनियमितताएं ऐसी नियुक्तियों का प्रतीक हैं।

एसएफआई मांग करती है की एनटीए जैसी भ्रष्ट संस्था को भंग किया जाए व शिक्षा मंत्री भारत सरकार नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे व इस घोटाले की जांच सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश के अधीन स्वतंत्र तरीके से की जाए। एसएफआई पूरे प्रदेश में इन धांधलियों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगी। (अनंत ज्ञान)

# घायक युवक सौरव को पहले से मिल रही थी जान से मारने की धमकियां

## प्रेसवार्ता कर सौरव पटियाल ने मीडिया के सामने रखे थे कई प्रूफ

**शुभम राही, बिलासपुर**

**अनंत ज्ञान साइड स्टोरी**

**कहा था- मुझे मारने के लिए पूर्व विधायक की ओर से पंजाब में दी जा रही है सुपारी**

बिलासपुर शहर में हुए गोलीकांड में घायल युवक सौरव पटियाल को पहले से ही जान से मारने की धमकियां मिल रही थी। यह बात हम नहीं कर रहे हैं, बल्कि कुछ सप्ताह पहले सौरव पटियाल ने बतौर प्रेसवार्ता करते हुए यह बयान दिया था। साथ ही उन्होंने मीडिया के सामने यह बात भी कही थी कि मुझे जान से मारने के लिए एक बिलासपुर के नेता ने पंजाब में सुपारी दी है, जिसका बतौर प्रूफ उनके पास है।

इस दौरान उन्होंने उक्त समय में पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार भी लगाई थी। वहीं, अब कोर्ट परिसर के 100 मीटर दूरी पर सौरव पटियाल पर हुई फायरिंग के बाद बिलासपुर शहर में माहौल काफी भयभीत करने वाला पैदा हो गया है।

आपको बता दें कि बिलासपुर जिला के एक नेता और सौरव पटियाल की पहले से ही आपसी रंजिश चली हुई है, जिसके चलते कुछ माह पहले ही सौरव पटियाल और उनके दोस्तों द्वारा बंबर ठाकुर पर हमला किया गया था। जिसके बाद बंबर ठाकुर काफी दिनों तक जिला अस्पताल में उपचाराधीन थे। वहीं, अब वीरवार को हुए गोलीकांड के बाद इस मामले के तार कहीं और भी जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी तक पुलिस प्रशासन भी इस सारे मामले में बताने के लिए कतरा रहा है, लेकिन पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस ने पूर्व विधायक के बेटे को पूछताछ के लिए सदर थाना में बुलाया गया था। वहीं, अब देखना यह होगा कि इस मामले में पुलिस की जांच कहां तक पहुंचती है और पुलिस क्या मुख्य आरोपियों तक पहुंचने में सफल होती है या नहीं। क्योंकि सौरव के परिजनों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि इस गोलीकांड में कई लोग संलिप्त हैं और इस मामले में काफी समय से प्लानिंग करके उनके बेटे को मारने की साजिश रजी जा रही थी।(अनंत ज्ञान)

**ये सवाल हो रहे पैदा**

1. बंबर ठाकुर मारपीट मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट के बाहर ही क्यों हुआ हमला?
2. सौरव पटियाल पर ही क्यों चलाई गई गोलियां, जबकि अन्य दोस्त भी सौरव के साथ थे शामिल?
3. सौरव पटियाल ने कुछ समय पहले ही क्यों प्रेसवार्ता में जान से मारने की बात कही थी?
4. बिलासपुर के नेता पर ही क्यों परिजन व साथ लगते लोग लगा रहे हैं आरोप?
5. क्या यह सोची समझी थी साजिश या फिर अचानक सौरव पर हुआ हमला?

# पट्टा में पुल के नीचे मिला व्यक्ति का शव, जांच जारी

**शुभम राही, बिलासपुर**

किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पट्टा नामक स्थान पर पुल के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है, जिसकी पवन कुमार उर्फ रवि (42) पुत्र श्रवण कुमार गांव जोल, डाकघर कल्लर, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है।

सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया, जहां पर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले पर पुलिस गहनता से जांच कर रही है कि मृतक का मर्डर हुआ है या इसकी गिरने से मौत हुई है।

मृतक के पिता श्रवण कुमार ने कहा कि शाम को उनकी बेटे के साथ बातचीत हुई और कहा कि वह खाना खाने के लिए पट्टा के पास रुका हुआ है, लेकिन सुबह पंचायत प्रधान ने उन्हें सूचना दी कि उनके बेटे का शव पुली के नीचे पड़ा हुआ है तो परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी शिव चौधरी ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली की पट्टा के पास एक शव पड़ा हुआ है। पुलिस सारे मामले की गहनता से जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# गोलीकांड के विरोध में भाजपा ने शहर में निकाली मशाल यात्रा


गोलीकांड के विरोध में प्रदर्शन करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**शुभम राही, बिलासपुर**

**आज 3 घंटे बंद रहेगा बिलासपुर बाजार**

बिलासपुर शहर में हुए गोलीकांड के बाद शहर में भाजपा की ओर से मशाल यात्रा निकालकर विरोध प्रकट किया गया। विरोध रैली निकालते हुए भाजपा सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

वहीं, गोलीकांड के बाद व्यापार मंडल बिलासपुर ने भी अपना कड़ा रूख अपनाया है। व्यापार मंडल बिलासपुर के कार्यकारी अध्यक्ष चमन गुप्ता ने बताया कि शहर में हुए इस गोलीकांड का वह पूरी तरह से विरोध करते है। व्यापार मंडल बिलासपुर ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि वह आज यानि शुक्रवार को सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखेंगे। इसी के साथ उन्होंने कहा कि बिलासपुर शहर में पूरी तरह से माहौल खराब हो गया है।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर शहर में पूरी तरह से माहौल खराब होते जा रहा है। इससे न केवल बिलासपुर का नाम बदनाम हो रहा है बल्कि यहां के लोग भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे है। उन्होंने बिलासपुर शहर की जनता से भी आग्रह किया है कि इस संदर्भ में वह व्यापार मंडल का पूरी तरीके से सहयोग करें। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश भर के 121 युवाओं ने सीखी जीवन जीने की कला

**शुभम राही, बिलासपुर**


यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेते प्रदेश भर के युवा।

युवाओं को सशक्त बनाने और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा वाईएलटीपी यानी कि यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम का सृजन किया गया है।

बिलासपुर जिले की मार्कंडेय ऋषि भूमि मार्कंड में इस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों तथा बिलासपुर के अलावा पड़ोसी राज्यों के युवाओं ने भी भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 121 युवा शामिल हुए, जिन्होंने न केवल जीवन जीने की कला सीखी बल्कि एक सशक्त नेतृत्व क्षमता कैसे विकसित की जाए इसके बारे में भी जानकारी ली। यह प्रोग्राम 12 जून से आरंभ होकर 19 जून तक चला। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक सैंसी शर्मा और उनकी टीम ने इन युवाओं को विभिन्न प्रकार के ज्ञान और अन्य गतिविधियों के माध्यम से बहुत कुछ सिखाया। युवाओं का मानना था कि इन सात-आठ दिनों में उनमें सकारात्मक परिवर्तन आया है।

सैंसी शर्मा ने बताया कि आर्ट ऑर्फ लिविंग ने इस परिवर्तन के लिए युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम को अपना माध्यम बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप इसकी परियोजनाओं का कुशल और प्रभावी वितरण हुआ है। प्रेरित युवाओं को उचित प्रशिक्षण दिया जाता है।

वाईएलटीपी व्यक्तिगत विकास और संचार कौशल पर ध्यान केंद्रित करता है। तनाव कम करने वाली श्वास तकनीकों के माध्यम से, व्यक्तियों को आंतरिक शांति मिलती है और समुदाय सेवा की भावना से एक साथ आते हैं। (अनंत ज्ञान)

**राजनीति** लोकसभा चुनावों में मिली हार को लेकर घुमारवीं में कांग्रेस का आत्ममंथन

# कार्यकर्ताओं के बिना कोई पार्टी चुनाव नहीं जीत सकती : राजेश

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



बैठक के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी।

लोकसभा चुनावों में मिली हार को लेकर घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने आत्ममंथन किया, जिसके लिए वीरवार को घुमारवीं के एक निजी होटल में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी ने की।

इस अवसर पर सभी बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर चर्चा की। साथ ही घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं को सुझाव देने के साथ उनसे सुझाव भी लिए गए। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने संगठन में चल रही समस्याओं को ब्लॉक कांग्रेस के समक्ष रखा, जिस पर राजेश धर्मानी ने बताया कि इन समस्याओं का निदान करने के लिए आगामी दिनों में कार्य शुरू किया जाएगा। इस मौके पर राजेश धर्मानी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना कार्यकर्ताओं के कोई भी पार्टी चुनाव नहीं जीत सकती है। हर पार्टी की रीढ़ उसके कार्यकर्ता होते हैं। इसलिए कार्यकर्ताओं का यह फर्ज है कि वह प्रदेश सरकार की नीतियों को घर-घर जाकर लोगों तक पहुंचाएं तथा उन्हें बताएं कि प्रदेश सरकार किस तरह से लोगों के हित में लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ हर कार्यकर्ता को अपना दायित्व समझने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने घुमारवी विधानसभा क्षेत्र में हो रहे करोड़ों रुपए के विकास कार्यों पर भी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की तथा उन्हें बताया कि वह इन कार्यों को आम जनता तक पहुंचाएं साथ ही इस बात का भी कार्यकर्ता ध्यान रखें कोई भी जरूरतमंद सरकार की जानकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इसलिए हर बूथ लेवल पर यह कार्यकर्ता का फर्ज रहेगा कि वह घर-घर जाकर जरूरतमंदों तक प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सरकार की मदद करें।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में जिन भी बूथों पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को लीड मिली है उन सभी बूथों के तहत आने वाले क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक बूथ को 10 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### गगल एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : धीरेंद्र



**अनंत ज्ञान, गगल।** देश में चल रही उग्रवादियों की धमकियां के लिए कई एयरपोर्ट्स में चौकसी बढ़ा दी गई है। उग्रवादियों ने 41 एयरपोर्ट्स को उड़ाने की धमकी दी है, जिसके चलते कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसी कोई भी सूचना नहीं मिली है। अगर सूचना मिलती है तो एयरपोर्ट के चारों तरफ सुरक्षा बढ़ा दी जाएगी और हर पहलू पर आने जाने वालों पर पहनी नजर रखी जाएगी। निदेशक ने कहा कि वैसे भी गगल एयरपोर्ट पर रात को भी सुरक्षा कड़ी होती है। किसी को भी गेट के अंदर आने की अनुमति नहीं होती है क्योंकि अब गगल एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए जवानों की संख्या भी काफी हो गई है इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से एयरपोर्ट पूरी तरह सुरक्षा के घेरे में है। (अनंत ज्ञान)

### देहरा में दो आजाद प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

**सालबिया शर्मा, गरली।** नामांकन प्रक्रिया के पांचवें दिन देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि देहरा उपचुनाव के लिए वीरवार को सुलेखा देवी (59) पत्नी बीर सिंह निवासी गांव व डाकघर करियाड़ा तहसील देहरा जिला कांगड़ा और अरुण अंकेश स्याल (34) पुत्र हीरा लाल स्याल निवासी गांव रजोल डाकघर गुम्मर तहसील देहरा जिला कांगड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन भरा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



नामांकन करतीं आजाद प्रत्याशी सुलेखा चौधरी।

### चुनावी हथकंडे भाजपा को हार से नहीं बचा सकते : बावा



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा ने कहा कि अगर पूर्व विधायक अपने क्रशर लगाने ओर लीज परमिशन लेने की बजाय लोगों के कार्यों के लिए सरकार के पास गए होते तो आज की जनसभा में बाहरी लोगों की भीड़ जुटाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक खुद जनमत का मजाक उड़ाकर एक महीने तक आलीशान होटलों में बैठकर आराम फरमाते रहे और जिसने नालागढ़ में करोड़ों के विकास कार्य करवाएं, हर समय लोगों के दुख-सुख में खड़े रहे उन्हें बाहरी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता विकास को लेकर सजग है और ऐसे चुनावी हथकंडे भी भाजपा को हार से नहीं बचा सकतें। इस बार जनता ने जिसकी सरकार उसका विधायक बनाने का मन बना लिया है।

### रिज मैदान में 8वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला आज से

**अनंत ज्ञान, शिमला।** ओकार्ड इंडिया दिल्ली और हिमालय साहित्य संस्कृति के द्वारा 8वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला 21 जून से 30 जून तक शिमला के रिज मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। पुस्तक मेले का उद्घाटन 21 जून को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। ओकार्ड इंडिया के संयोजक सचिन चौधरी ने शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पुस्तक मेले में हिंदी-अंग्रेजी के 30 प्रकाशक भाग ले रहे हैं। इसमें 45 बुक स्टॉल लग रहे हैं। पुस्तक मेले का मुख्य आकर्षण बच्चों का साहित्य रहने वाला है। उन्होंने बताया कि इस बार का छठा ओकार्ड साहित्य सम्मान हिंदी के चर्चित कवि आलोचक गणेश गनी को दिया जाएगा। 22 जून को कवि दरबार, जिसमें चालीस से ज्यादा स्थानीय और देश के कई भागों से रचनाकार भाग लेंगे।

# तेजी से विकसित हो रहा ऊना का हरोली क्षेत्र बनेगा रोजगार का हब

## आज पूरे प्रदेश के लिए विकास का मॉडल बन गया है कभी अति पिछड़ा रहा यह क्षेत्र

**राजेश शर्मा, ऊना**

वह दिन दूर नहीं है जब तीन दशक पहले तक सबसे पिछड़ा माने जाने वाला हरोली विधानसभा क्षेत्र रोजगार का हब बन जाएगा। तेजी से औद्योगिक विस्तार और अब बल्क ड्रग पार्क के लिए शुरू हुई कदमताल से यह संभव हो रहा है। विकास का मामला हो अथवा सियासी ताकत हो कोई भी मौका भुनाने में हरोली के विधायक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कभी पीछे नहीं रहते हैं। लगातार दो दिन मुख्यमंत्री एक ही विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे हों, शायद जिले के इतिहास में ऐसा पहली दफा संभव हुआ है। यह संभव करने में भी मुकेश अग्निहोत्री की सियासी ताकत का कहीं न कहीं प्रमुख रोल रहा है। राज्य के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उस विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखते हैं, जिसे तीन दशक पहले तक सबसे पिछड़ी विधानसभा कहा जाता था। हरोली के बीत इलाके में पेयजल संकट यहां तक होता था कि लोगों को छप्पड़ का पानी पीने के लिए इस्तेमाल करना पड़ता था। जहां से पशुओं को पानी दिया जाता था, उसी पानी को पीने को लोग मजबूर थे। अति पिछड़े क्षेत्र में लोग अपनी बेटियों की शादी करने से मना करते थे। ऐसी स्थिति होने के बावजूद आज विकास के मामले में यह क्षेत्र पूरे हिमाचल के लिए विकास का एक मॉडल बन चुका है। मुकेश अग्निहोत्री का हरोली विधानसभा क्षेत्र आने वाले तीन से चार सालों में हिमाचल के लिए रोजगार का सबसे बड़ा हब भी बन चुका होगा।

मुकेश अग्निहोत्री को यह हाल ही में हुए विस उपचुनावों और लोकसभा चुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन करने का पुरस्कार भी माना जा रहा है। हालांकि यह परियोजनाएं पहले से ही पाइप लाइन में थीं, लेकिन मुख्यमंत्री के पास वित्त विभाग है और उनकी संस्तुति से ही काम रिकार्ड समय में पूरा हो सकता है। मुकेश अग्निहोत्री अपने विधानसभा क्षेत्र और अपने जिले के विकास के लिए पूरे समर्पण भाव से काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### बल्क ड्रग पार्क से खुलेंगे रोजगार के द्वार



**बल्क** ड्रग पार्क बनाने की यहां कवायद शुरू हो चुकी है और न जाने कितनी कंपनियां यहां इस बल्क ड्रग पार्क में लोगों को रोजगार मुहैया करवाएंगी। हरोली विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री के सियासी रुतबे का ही प्रभाव माना जाएगा कि यहां लगातार दो दिन राज्य के मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचे हैं। यहां उन्होंने महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना की ऊना जिले के लिए शुरुआत की और वीरवार को करोड़ों रुपए की विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करने पहुंचे हुए थे। सौर ऊर्जा के परियोजना पेखूबेला का शुभारंभ और हरोली क्षेत्र में दो सब स्टेशन शुरू किए गए हैं।

# सिरमौर पुलिस ने गोवंश हत्या मामले में बनाया एक्शन प्लान

**एसपी जैरथ, नाहन**

उत्तर प्रदेश के शामली जिला से ताल्लुक रखने वाले कथित गोवंश हत्या के बाद स्टेटस पर वीभत्स फोटो डालने वाले आरोपी पर शिकंजा टाइट हो चुका है। कथित गोवंश हत्या से जुड़ी फोटो वायरल करने वाला आरोपी सिरमौर के नाहन शहर में कपड़े का व्यवसाय करने वाला बताया गया है। आरोपी के द्वारा स्टेटस पर डाली गई गोवंश हत्या की फोटो के बाद जिला सिरमौर में धार्मिक उन्माद फैल गया है। हिंदू वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत होने के बाद सिरमौर पुलिस भी एक्शन में आ चुकी है। लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होने को लेकर संवेदनशील हुए मामले में जांच को भी आगे बढ़ाया जा चुका है।

सिरमौर पुलिस के द्वारा उत्तर प्रदेश के शामली जिला पुलिस से भी संपर्क साध लिया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस से मिली जानकारी के बाद पता चला है कि कथित आरोपी की लोकेशन भी ट्रेस कर ली गई है। सहारनपुर पुलिस के प्रमुख अधिकारी के द्वारा मिली जानकारी से पता चला है कि कथित आरोपी 16 तारीख से शामली जिला के जलालाबाद में लोकेट हुआ है। (अनंत ज्ञान)



नाहन बाजार में तैनात पुलिसकर्मी।

### एसपी की अपील-शांति व आपसी सौहार्द बनाए रखें

**एसपी** सिरमौर रमन कुमार मीणा ने लोगों से भी अपील की है कि वे शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि सिरमौर पुलिस उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ लगातार संपर्क में है। शहर में कानून और शांति व्यवस्था बनी रहे, इसको लेकर पुलिस गश्त सुनिश्चित की गई है। जिला कप्तान ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने बताया कि बाहरी राज्य से आए विशेष वर्ग का पुलिस वेरिफिकेशन समय-समय पर सुनिश्चित भी किया जाता है। वहीं, एसपी ग्रामीण सहानपुर सागर जैन ने बताया कि हिमाचल पुलिस का क्षेत्र के आला पुलिस अधिकारियों के साथ बराबर संपर्क बना हुआ है। मामला संवेदनशील है, लिहाजा प्रदेश पुलिस हर पहलू को गंभीरता से ले रही है।

# छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में अपनाएंगे जीरो टॉलरेंस पॉलिसी : रोहित ठाकुर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

जिला शिमला के चौपाल में 11 छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में अब सरकार भी अलर्ट हो गई है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मामला शिक्षा विभाग के संज्ञान में आया है। विभाग जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए दोषियों के खिलाफ एक्शन लेगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि यह गंभीर विषय सरकार व विभाग के समक्ष आया है। विभाग जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा और विभाग पूरा प्रयास करेगा की बच्चों को इंसाफ मिल सके।

उन्होंने कहा कि इस तरह के मामले समाज में बढ़ रहे हैं। ऐसे में स्कूलों के स्तर पर बच्चों को मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध करवाने के बारे में भी सरकार विचार करेगी और जल्द ही इस मामले को लेकर कैबिनेट में जाएगी।

वहीं, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को देहरा से चुनावी मैदान में उतारे जाने को लेकर रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा कभी सरकार का गुनाह नहीं करेगी। वह केवल सरकार का कटाक्ष ही करेंगे। जहां तक परिवारवाद की बात है। प्रदेश भाजपा में भी इसके अनेक उदाहरण है। ऐसे में इस मसले पर भाजपा को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री पत्नी को टिकट दिए जाने को लेकर इनकार कर रहे थे, लेकिन पार्टी आलाकमान के आदेश के बाद देहरा विधानसभा क्षेत्र में सर्वे के आधार पर कांग्रेस पार्टी ने सीएम की पत्नी कमलेश ठाकुर को देहरा विधानसभा से कांग्रेस का टिकट दिया है। (अनंत ज्ञान)



- सीएम सुक्खू की पत्नी की राजनीति में एंट्री पर भाजपा पर किया पलटवार
- कहा, अपने गिरेबान में झांक कर देखें परिवारवाद की बात करने वाले

## कांग्रेस सरकार के संरक्षण में मित्रों का चल रहा गुंडाराज

# हिमाचल में जंगलराज जैसे हालात : बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि सरकार के संरक्षण में हिमाचल में मित्रों का गुंडाराज चल रहा है। यहां एक के बाद एक आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें मर्डर, रेप, एक्सटॉर्शन, दुष्कर्म, महिला अत्याचार, दिनदहाड़े हथियारों से वार, सरकारी कर्मचारियों के मर्डर जैसी अनेकों घटनाएं हैं, जिनको अगर गिरने लगे तो शाम हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर कोर्ट के पास गोलीबारी होने का मामला सामने आया है, यह हैरतअंगेज है। आज से पहले हिमाचल के इतिहास में कभी कानून-व्यवस्था की ऐसी दुर्गति नहीं हुई है। एक न्यायालय के बाहर गोली चलना अपने आप में संरक्षण का बड़ा संकेत है। उन्होंने कहा कि गोली लगने से एक युवक घायल हो गया है। गोलीबारी के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल और फिर एम्स रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हमले का मुख्य आरोपी सौरभ पटियाल अपने साथियों के साथ पेशी के लिए कोर्ट आया था। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने पटियाल पर अनेकों राउंड गोलियां चलाईं। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि अज्ञात लोगों ने पटियाल पर अनेकों राउंड गोलियां चलाईं।

बताया जा रहा है कि आरोपी गोली चलाने के बाद कोर्ट की तरफ भागे। गोलियों से गाड़ियों के शीशे भी टूटे हैं। कांग्रेस सरकार के राज में प्रदेश में जंगलराज जैसी स्थिति हो गई है। वहीं, इस घटना को भाजपा लेकर 22 जून को के बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में एक उग्र प्रदर्शन करेगी, जिसका नेतृत्व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय पूर्व मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल करेंगे। (अनंत ज्ञान)




- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले, बिलासपुर कोर्ट के पास गोलीबारी होना चिंताजनक

# मित्रों की सरकार में छात्राओं के साथ हो रही छेड़छाड़ : चेतन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि प्रदेश में मित्रों की सरकार जहां अपनी कुर्सी बचाने में मस्त है, वहीं हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़ती चली जा रही है। प्रदेश में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है, जहां दुकान में बुलाकर एक चौपाल का दुकानदार स्कूल की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। यह कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा की दृष्टि से एक गंभीर अपराध है और कुल मिलाकर यह विषय चिंतनीय है। निश्चित रूप से पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है, पर इस मामले को लेकर सरकार और प्रशासन की ओर से कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हमारी जानकारी के अनुसार आरोपी काफी समय से स्कूली बच्चियों को बहला-फुसला रहा था। जब एक बच्ची ने इसकी सूचना अध्यापक को दी तो 15 जून को एक बैठक बुलाई गई, जिसमें मालूम पड़ा कि एक नहीं बल्कि, 11 छात्राओं के साथ यह व्यक्ति घिनौनी हरकत कर चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा मांग करती है किप्रशासन इस मामले को लेकर कड़ी से कार्रवाई करे और प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा की दृष्टि से ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान जंगल राज जैसी स्थिति पैदा हो गई है, परंतु सरकार मौन दिखाई दे रही है।



- यह मामला महिला सुरक्षा की दृष्टि से एक गंभीर अपराध

# कमलेश का नैहरनपुखर व चनौर में जोरदार स्वागत

## कांग्रेस प्रत्याशी ने चनौर मंदिर और मां बगलामुखी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**सालबिया शर्मा, गरली**

नैहरनपुखर, परागपुर, रक्कड, ढलियारा व चनौर आदि इलाकों में वीरवार को पहुंची कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान दयाल नैहरनपुखर पंचायत में कदम रखते ही सीएम सुखबिंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी का प्रधान ममता देवी व पार्टी कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ो हम आपके साथ के नारों से उनका मनोबल बढ़ाया।

इस मौके पर जसवां-परागपुर के दिग्गज कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ब्लॉक कांग्रेस मंडल देहरा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उनके साथ थे। कमलेश ठाकुर सुबह करीब 11 बजे रक्कड़ पहुंची और उसके बाद परागपुर नैहरनपुखर में पहले से ही उनके इंतजार में खड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की बेटी कमलेश ठाकुर के गले में फूल मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने चनौर मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर गाडियों के काफिले सहित देहरा पहुंची और वहां से उन्होंने मां बगलामुखी मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। बताया जा रहा है कि कमलेश ठाकुर 21 जून को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। (अनंत ज्ञान)



### नादौन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर किया स्वागत

**शशि सोनल, नादौन**

देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी का टिकट लेकर पहली बार नादौन पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।


कार्यकर्ताओं ने नादौन बस स्टैंड के पास इंद्रपाल चैक पर आतिशबाजियों व ढोल की थाप पर स्वागत किया तथा लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। स्वागत करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद, शहरी इकाई के अध्यक्ष शम्मी सानी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना कुमारी के अलावा मोती जोशी, भरत भूषण, बलजीत संधू, सुनील बिट्टू शर्मा, मोंटी संधु, कमल कम्मी, अजय सौंधी, निर्मल जैन, कुलदीप चैधरी, अशोक संधू, ठाकुर प्रकाश चंद, रिपन कपिल, महिन्द्री जैन, रमेश चंद, सुदर्शन जरियाल, रफो दास, कृष्णा चैधरी, संदीप कुमार, कैप्टन सुनील दत्त शर्मा, प्रकाश शर्मा, अनिल भाटिया, छुणकी, सुभाष चंद, रविंद्र गद्दी, संधू बबलू चौधरी, सहित काफी संख्या में कार्यकताओं और पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। कमलेश का नादौन विधानसभा के जोलसप्पड़, रंगस, नौहंगी, दंगड़ी, भूंपल, भटठा, जलाड़ी, गगाल, नादौन, कोहला, कलूर, रक्कड़, चैली सहित जगह-जगह लोगों का अभिनंदन स्वीकार किया था लोगों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में उपचुनाव भाजपा की देन : जगत सिंह नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

भाजपा हर बात को ट्विस्ट देने के लिए मशहूर है। रिकांगपिओ में पत्रकारों से बात करते हुए राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा का काम लोगों को गुमराह करना, झूठ बोलना है। प्रदेश में उपचुनाव भाजपा की देन है। धनबल के द्वारा सरकार को गिराने का काम भाजपा ने किया, जिसमें डेढ़ सौ करोड़ रुपए से ज्यादा धनबल का इस्तेमाल हुआ। नेगी ने कहा कि कांग्रेस की 40 विधायकों की जीत के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार थी, तीन निर्दलीय विधायक भी सपोर्ट में थे, जबकि भाजपा के पास केवल 25 विधायक थे। ऐसा कोन सा गणित था कि प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनती। नेगी ने कहा कि भाजपा ने ऑपरेशन लोटस के तहत पहले 9 विधायकों कि खरीद-फरोख्त की। बाबजूद इसके सरकार नहीं गिरी। 6 विधायकों को विधानसभा से निष्कासित भी कराया गया व उपचुनाव भी हुए, जिसमें 4 पर कांग्रेस की जीत हुई। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी इस्तीफा दिया था जो स्वेच्छा से नहीं दबाव में दिया गया था। न्यायालय से भी कोई राहत उन्हें नहीं मिली अंत में विस अध्यक्ष ने इस्तीफा मंजूर किया। अब वही तीन विधायक भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की जनता के पैसे का सत्यानाश किया है। यह भाजपा का खेल है, भ्रष्टाचार व धनबल के द्वारा चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार को अलोकतांत्रिक तरीके से गिराने की भरपूर कोशिश हुई तो जनता से इसका मुंहतोड़ जवाब मिला। धनबल जनता के बल के सामने हार गया। (अनंत ज्ञान)



# सामान्य निर्वाचन पर्यवेक्षक इजराइल ने देहरा में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

## पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस देहरा में स्थापित किया गया कैंप कार्यालय

**शिवम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य निर्वाचन पर्यवेक्षक इजराइल वात्रे इंटी (आईएएस) शुक्रवार को देहरा पहुंचे। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम देहरा के कार्यालय में अधिकारियों संग बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा, डीएसपी देहरा अनिल कुमार, तहसीलदार देहरा कर्मचंद कालिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उन्होंने नामांकन प्रक्रिया, मतदान करवाने वाले दल, निगरानी दल, उड़न दस्ते सहित सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी स्थानीय अधिकारियों से प्राप्त की। अपने अनुभवों को साझा करते हुए इज़राइल वात्रे इंटी ने अधिकारियों को आवश्यक टिप्स दिए और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उनसे संपर्क करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित बनाने हेतु हर आवश्यक कदम उठाने की बात कही। निर्वाचन आयोग के नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के दौरान पूरी सतर्कता बरतने की बात कही। (अनंत ज्ञान)



### शिकायत के लिए करें संपर्क

**रिटर्निंग** अधिकारी शिल्पी बेक्टा ने बताया कि सामान्य निर्वाचन पर्यवेक्षक का कैंप कार्यालय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह देहरा में स्थापित किया गया है। चुनाव संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या सुझाव के लिए कोई भी व्यक्ति उनसे सोमवार, बुधवार तथा शुक्रवार को सुबह दस बजे से 11 बजे तक मिल सकता है। उनसे मोबाइल नंबर 98057-10223 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**सियासत** नालागढ़वासियों को एक बार फिर से धरती पुत्र को जीताकर विधानसभा भेजना होगा

# क्षेत्र का विकास करने वाले व्यक्ति का करें चुनाव : जयराम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नालागढ़वासियों को एक बार फिर से अपने धरती पुत्र को जीताकर विधानसभा भेजना होगा। इन्होंने जो इस्तीफा दिया है, वह आत्मसम्मान व अपने क्षेत्र के विकास के लिए दिया है क्योंकि प्रदेश सरकार क्षेत्र का नहीं सिर्फ अपने मित्रों का विकास करने में जुटी हुई है।

भाजपा से प्रत्याशी केएल ठाकुर की नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह चुनाव ईमानदार व बाहरी के बीच का चुनाव है, जिसमें आपको अपने क्षेत्र का विकास करने वाले व्यक्ति का चुनाव करना है और वो व्यक्ति केएल ठाकुर है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्व में भाजपा सरकार के कार्यकाल में जब मैं मुख्यमंत्री था तो मैंने केएल ठाकुर का अपने क्षेत्र के लिए विकास करवाने का जुनून देखा है कि किस तरह वह काम करवाने के लिए पीछे पड़ जाते हैं और इस जुनून को क्षेत्र की जनता भी भलीभांति जानती है। उन्होंने कहा कि केएल ठाकुर हमेशा से अपने क्षेत्र के विकास के बारे में सोचते हैं और क्षेत्र को केवल ऐसे ही नेता की जरूरत है, जिसके लिए 10 अप्रैल को कमल को खिलाना जरूरी है।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व भाजपा प्रत्याशी लखविंदर राणा समेत कई नेता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



मंच पर बैठे पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर व अन्य भाजपा नेता।

### कांग्रेस झूठे वादे करने वाली सरकार : अनुराग

**भाजपा** से प्रत्याशी केएल ठाकुर की जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि केएल ठाकुर के लिए आपका प्यार साफ नजर आ रहा है जो इस कड़कती धूप में भी बैठे हुए है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार झूठी गारंटी के सहारे सत्ता में आई है और आज हर वर्ग परेशान हो चुका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा भी खोखला साबित हुआ है।

### मेरा विधानसभा क्षेत्र, मेरा परिवार : केएल ठाकुर

**भाजपा** से प्रत्याशी केएल ठाकुर ने कांग्रेस से प्रत्याशी हरदीप बावा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह कभी क्षेत्र के विकास का नहीं सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उन्हें भलीभांति जानती है कि वो कैसे व्यक्ति हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने बीते दिनों कहा था कि अपने निजी काम करवाने आते थे, लेकिन आज तक एक भी काम नहीं करवाया है। जबकि क्षेत्र के काम करवाने के लिए भी मुख्यमंत्री ने कभी रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द भाजपा की सरकार बनने वाली है और विकास की रफ्तार एक बार फिर से दौड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को करारी हार देने के लिए जनता पूरी तरह से तैयार है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं







हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड धर्मशाला
की तरफ से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विकास ठाकुर
अधिशासी अभियंता
हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड
धर्मशाला


## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



पुनीत शर्मा
जिला ब्यूरो प्रमुख
धर्मशाला


HOLYFAITH
SR. SEC. SCHOOL PATHIAR

की तरफ से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




Deepak Sood
Director

Principal

HPBOSE 10th Result March 2024
Congratulations to all the Students, Parents, Teachers and well wishes for 100% result
All students secure more than 85% marks




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
CRASH COURSE
NEET/IIT JEE/NDA 2024
Classes starting from: 12th, 16th, 21st & 30th March, 2024
OUR RECENT ACHIEVERS



HOSTEL FACILITY AVAILABLE
SERVING SINCE 1995
RCC STUDY CENTRE धर्मशाला
88943-95895
70183 - 71320
Behind Hotel Centre Point, Civil Lines
www.rccdharamshala@gmail.com

DAV PUBLIC SCHOOL TIARA
21 JUNE International YOGA DAY
डी ए वी पब्लिक स्कूल तियारा
की तरफ़ से अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
करो योग , रहो निरोग




Ekta Atri
Principal DAV Tiara

MAHARISHI VIDYA MANDIR
SEN. SEC. SCHOOL
Estd. 1991
Khatehar, Near Chetru, Maned (Dharamshala) | Ph.: (01892-275576, (Off.) 9882818725 (Principal)
(AFFILIATED TO C.B.S.E. NEW DELHI) Affiliation No. 630098
Admission Start
From Pre-Nursery onward
STREAMS FOR XI AND XII FOR BOYS AND GIRLS MEDICAL, NON-MEDICAL, COMMERCE
Arun Kumar Sharma Principal
Salient Features :
- Maharishi's consciousness Based Education System
- Pollution Free Environment
- All Facilities are available in affordable fees.
- Biggest Sports Ground.
- Sports Facility available. (Volleyball, Kabaddi, Basketball, Badminton & Chess etc.)
- Well qualified and dedicated staff.
- Teacher-Student Ratio is 1:20.
- Transport facilities available.
- Enriched Library.
- Highly Equipped Lab. for Physics, Chemistry, Biology, Computer & Maths.
- Excellent Board Results.
- Inter Branch Transfer facility throughout India.
- Special Educational Tour



For Prospectus Please Contact School Office

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
AVS ACADEMY
Together we Achieve Extraordinary
HP POLICE RESULT 2022
AVS ACADEMY का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हिमाचल में मात्र 1 वर्ष में 33 से ज्यादा छात्रों का पुलिस भर्ती में चयन उम्मीद है कि अगली भर्ती में ये आंकड़ा अवश्य दुगना होगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार सभी को हार्दिक बधाई।




Add 1: MAIN BRANCH KACHERI ADDA, DHARAMSHALA
Add 2: BEHIND CENTER POINT HOTEL DHARAMSHALA
7018918038, 9459208108, 9418827803

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
मंडल धर्मशाला
की तरफ से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विनय मैहरा
अधिशासी अभियंता
धर्मशाला

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

योग है स्वास्थ्य के लिए लाभकारी योग रोगमुक्त जीवन के लिए गुणकारी



कर्ण सिंह पठानिया (मालटू)
जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
M/S SidhiVinayak Stone Crusher
Amroh, Tehsil Dehra
Distt. Kangra



राजीव कालिया
जिला खनन अधिकारी
धर्मशाला

Prop. Vishal Sharma

## न्यूज ब्रीफ

### स्वरूप सिपहिया ने स्कूल को दान की 9 मरले भूमि



**अनंत ज्ञान, भवारना।** पुन्नर निवासी स्वरूप सिंह सिपहिया व स्वर्ण सिंह सिपहिया पुत्र वीरमान सिपहिया ने स्वेच्छा से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पुन्नर को 9 मरले के करीब अपनी भूमि दान करते हुए मिसाल पेश की है। विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू ठाकुर व समस्त स्टाफ ने इस अनुकरणीय पहल के लिए इनका आभार प्रकट किया है। नायब तहसीलदार भवारना व अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा मौके पर आकर रजिस्टरी संबंधी औपचारिकताएं पूरी की गईं। (अनंत ज्ञान)

### बारिश से मौल घाटी को भीषण गर्मी से मिली राहत



**राकेश डोगरा, डरोह।** पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए मौल घाटी का प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर से प्रार्थना कर रहा था कि हे ईश्वर हम पर भी रहम करो। आखिरकार बुधवार को ईश्वर ने सबकी सुन ली। कौना, हल्दरा, सांबा, ढाटी, रोडा, सपडुल, बीरगढ़ व सन्हूं में वीरवार शाम को एक-आधा घंटा जोरदार बारिश होने के उपरांत यहां मौसम सुहावना हो गया। वरना यहां बारिश का नामोनिशान नहीं था। काफी अरसे के बाद हुई बारिश के कारण मौसम खुशगवार हो गया है। अब उम्मीद है कि पानी का स्तर धीरे-धीरे ऊपर आना शुरू हो जाएगा। जो पौधे सूखने के कगार पर थे, वे फिर से हरे-भरे होने लगे हैं। अब पशुओं को चारे की कमी भी नहीं होगी। इंसान तो इंसान पशु पक्षी भी गर्मी से बेहाल थे, उन्हें भी राहत मिलेगी। खूब बारिश होने से जंगलों में लगी आग भी बुझ जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को दी शुभकामनाएं



**सालबिया शर्मा, गरली।** परागपुर के पूर्व विधायक नवीन धीमान व प्रेस क्लब परागपुर के पूर्व अध्यक्ष अमित वालिया ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को लोकसभा चुनाव जीतने पर उनके समीरपुर स्थित निवास स्थान में जाकर शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक नवीन धीमान व अमित वालिया ने संयुक्त रूप से बताया कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद इस बार चुनाव जीतने के पश्चात पहली बार हिमाचल स्थित अपने घर समीरपुर पहुंचे हैं। इसलिए उन्हें शुभकामनाएं देने हेतु समीरपुर स्थित उनके निवास स्थान पर गए थे। इन्होंने आशा जताई है कि शीघ्र ही भाजपा संगठन में अनुराग ठाकुर को उच्च पद प्रदान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### नालियों की सफाई करवाने के लिए सौंपा ज्ञापन



**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** सहयोग महिला मंडल नगरोटा बगवां द्वारा एसडीएम मुनीश शर्मा को बरसात से पहले बंद पड़ी नालियों की सफाई करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। सहयोग महिला मंडल की प्रधान संजना भंडारी व उपप्रधान अनीता शर्मा, अरुणा कटोच, रजनी, सीमा, मीनाक्षी, नीना आदि की अगुवाई में एसडीएम साहब से गुहार लगाई है कि पिछले वर्ष भारी बरसात हुई थी जिसके कारण नगरोटा शहर, बाजार व आसपास इलाकों में बरसात का पानी घरों व दुकानों में आ जाने के कारण लोगों को बहुत नुकसान हुआ था। आने बाली बरसात में फिर कोई नुकसान न हो इसके लिए आप से अनुरोध है कि जल्द से जल्द प्रशासन, नगर परिषद व उच्च मार्ग को निर्देश दें कि नालियों की सफाई, घास की कटाई की जाए, ताकि लोगों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### दयानंद मॉडल स्कूल में लगाया योग शिविर



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** इन्नर व्हील क्लब सिविल लाइन धर्मशाला द्वारा वीरवार को वरिष्ठ माध्यमिक दयानंद मॉडल स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के संबंध में लगाया गया था। यह शिविर डॉक्टर बबीता गौतम तथा डॉक्टर रीना पठानिया की की देखरेख में आयोजित किया गया। क्लब की ओर से दोनों मुख्य अतिथियों को जीवंत पौधे तथा स्कूली बच्चों को रिफ्रेशमेंट प्रदान की गई। इस मौके पर क्लब की जिला अध्यक्ष रीता शर्मा, क्लब की स्थानीय अध्यक्ष नीलू महाजन तथा क्लब के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# खड्डों में नहाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

## प्रशासन के चेतावनी बोर्डों को नजरअंदाज कर नहाने के लिए खड्डों में उतर जाते हैं लोग

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



कांगड़ा बाईपास के साथ बहती बनेर खड्ड में मंगलवार को डूबने से एक 18 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई थी। मृतक रैहन का रहने वाला था, जो कि माता के दर्शनों को अपने दोस्तों के साथ आया था। शुक्रवार को कांगड़ा पुलिस ने खड्ड का दौरा किया और लोगों से यहां नहीं नहाने की अपील की।

गौरतलब है कि यहां पानी में डूबने से मरने वाला कोई पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व पुराना कांगड़ा में भी बनेर खड्ड में नहाते समय कई लोग डूब चुके हैं। यहां डूबने वालों में अधिकांश लोग बाहरी राज्यों से थे, जो कि इस खड्ड की सुंदरता को देख यहां नहाने के लिए उतर जाते हैं। हालांकि प्रशासन ने उक्त जगह पर चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया है, लेकिन प्रशासन के आदेशों को दरकिनार कर लोग यहां पर नहाने के लिए खड्ड में उतर जाते हैं। डूबने की कई घटनाएं होने के बावजूद लोग सबक नहीं लेते तथा अक्सर खड्डों में गर्मी के कारण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। आजकल कांगड़ा बाईपास में फोरलेन का कार्य भी युद्ध स्तर पर चला हुआ है, जिसके लिए यहां पर पानी को रोका जा रहा है, जिस कारण बनेर खड्ड में पानी की मात्रा काफी ज्यादा हो गई है। ज्यादा पानी देखकर भी लोग नहाने के लिए खड्ड में उतर जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

**मंगलवार को बनेर में डूबने से 18 वर्षीय युवक की हो गई थी मौत**

## मनूनी खड्ड का प्रवाह बढ़ने से बाल–बाल बचे नहा रहे लोग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला के खनियारा में मनूनी खड्ड में अचानक बढ़े पानी के बहाव में आने से कई लोग बाल–बाल बचे। जानकारी के अनुसार वीरवार को कुछ लोग खड्ड में नहा रहे थे कि ऊपरी क्षेत्र में हुई बारिश के कारण एकाएक खड्ड का प्रवाह बढ़ गया।

लोगों ने सीटियां तथा आवाजें लगाकर नहा रहे लोगों को सचेत किया तथा खड्ड में नहा रहे लोग जल्दी से खड्ड से दूर हो गए वरना कोई अनहोनी हो सकती है। बताते चलें कि बरसात शुरू हो जाने के कारण खड्डों में नहाने के खतरे बढ़ गए हैं, लेकिन लोग अतीत में हुए हादसों से सबक नहीं लेते तथा अक्सर खड्डों में गर्मी के कारण मस्ती करते नजर आ रहे हैं।

बता दें कि उपायुक्त हेमराज बैरवा ने एक दिन पूर्व ही स्थानीय लोगों और पर्यटकों से भी नदी नालों के किनारे नहीं जाने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दौरान नदियों, नालों तथा खड्डों में अचानक पानी के बहाव में बढ़ोतरी होने की आशंका रहती है। कई बार पर्यटकों के बाढ़ में फंसने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



कांगड़ा जिले के मटौर की आहाना को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## देहरा में जनसभाओं के लिए पांच मैदान किए अधिसूचित

**शुभम शर्मा, देहरा।** विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत देहरा में राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा की जाने वाली जनसभाओं के लिए पांच मैदान निर्धारित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार खबली ग्राउंड, हरिपुर ग्राउंड, पंचायत ग्राउंड नजदीक ठाकुर कॉलेज ढलियारा, देहरा रैन बसेरा के समीप मैदान तथा मेला ग्राउंड समीप हनुमान चौक देहरा को जनसभाओं के लिए निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि चुनावी रैलियों की वीडियोग्राफी करने का प्रावधान भी किया गया है, ताकि चुनावी रैली पर होने वाले खर्च का अनुमान भी लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि रैलियों के लिए टेंट, कुर्सियां, ध्वनि यंत्रों इत्यादि की दरें भी निर्धारित की गई हैं। उसके आधार पर ही राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशी को रैलियों का खर्चा दर्शाना पड़ेगा। डीसी ने बताया कि जनसभाओं के लिए जो स्थल निर्धारित किए गए हैं, उनमें ही रैलियां की जा सकती हैं। सभी राजनीतिक दलों को अपनी जनसभा करने से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है और केवल निर्धारित मैदानों में ही जनसभाएं की जा सकेंगी। (अनंत ज्ञान)

## थुरल स्कूल में किया विश्व योग दिवस का पूर्वाभ्यास

**राकेश डोगरा, डरोह**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में वीरवार को फिट इंडिया मूवमेंट के बैनर तले विश्व योग दिवस का पूर्वाभ्यास बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ किया गया। इस उपलक्ष्य पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल, स्कूल फिट इंडिया एंबेसडर डीपीई राजीव राणा व महिला अधिकारी शगुन डोगरा ने बच्चों संग विभिन्न योगासन का पूर्वाभ्यास किया।

मंच संचालन सभ्या कुमारी द्वारा किया गया। विद्यालय के सभी बच्चों को सूर्य नमस्कार आसन से परांगत कर इसका अभ्यास करवाया गया। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल ने बच्चों को अपने संबोधन में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनी दिनचर्या बनाने व योग से स्वस्थ जीवन के महत्व की जानकारी दी। साथ ही स्कूल के बच्चों को योग करने के नए–नए टिप्स बताए गए।

कार्यक्रम में लेखराज हीर, प्रवीण कुमार, सीमा, अजीत धीमान, वरुण दत्त शर्मा, राजीव कुमार, मनोज मेहरा, अर्चना, अनिल कुमार, राशि सूद, सीमा, पूजा शर्मा, अंशुमन, अनुराधा, रीतू डोगरा, सुरेश, सभ्या कुमारी, अनिल, रामसिंह, रीता, नीता और निर्मला ने विशेष रूप से भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## स्वर्णकार और पत्नी पर आधी रात को हथियारों से जानलेवा हमला

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



हमले में घायल हुए पति–पत्नी और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाती फॉरेंसिक टीम।

थाना इंदौरा के अंतर्गत बस स्टैंड के साथ एक स्वर्णकार व उसकी पत्नी पर कुछ लोगों ने तेज हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं, सूचना मिलने पर डीएसपी विशाल वर्मा भी मौके पर पहुंचे व नूरपुर से फॉरेंसिक टीम भी जांच के लिए पहुंची व साक्ष्य जुटाए। जानकारी देते हुए डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा ने बताया कि रात करीब अढ़ाई बजे थाना इंदौरा में फोन पर सूचना मिली कि बस स्टैंड के नजदीक एक घर के सदस्यों पर कुछ अंजान लोगों ने हमला कर घर के मालिक व उसकी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है।

इस पर अतिरिक्त थाना प्रभारी इंदौरा सब–इंस्पेक्टर नरेश कुमार अपनी टीम सहित देर रात मौके पर पहुंचे। मौके पर पाया कि राजेश वर्मा व उसकी पत्नी शैली वर्मा घायल हुए है। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए इंदौरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायल राजेश वर्मा ने बताया कि रात करीब अढ़ाई बजे उसकी पत्नी शैली वर्मा व उसकी बेटी लाइट न होने के कारण बाहर टहल रहे थे तो उसकी बेटी ने चार से पांच लोगों को देख। उन लोगों ने उसकी पत्नी के गले पर दरात और कनपटी पर पिस्तौल रख दिया, जिसे देख उसकी बेटी जोर से चिल्लाई।

आवाज सुनकर वह बाहर आया तो चार पांच लोगों ने उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर व शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं शोर मचाने पर हमलावर अपने हथियार वहीं छोड़ भाग निकले। डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि उन्होंने मौके का जायजा लिया व इस बात की जांच की जा रही है कि यह हमला लूटपाट के लिए हुआ या जान से मारने की साजिश थी। (अनंत ज्ञान)

## स्टाफ की कमी से लोग हो रहे परेशान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** तहसील कार्यालय कांगड़ा में स्टाफ की कमी के चलते लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां पर 26 पटवार वृत्तों के लोग जमीन संबंधी कार्यों के लिए आते हैं, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते लोगों को तो परेशानी हो ही रही है। वहीं, अतिरिक्त कार्यभार के चलते कार्यरत कर्मचारी भी पूरी तरह से लोगों की दिक्कत कम करवाने में सफल नहीं हो पा रहे। यहां पर क्लर्क, प्रोसेस सर्वर, जमादार, चपड़ासी आदि के पद काफी समय से खाली चल रहे हैं। इस संबंध तहसीलदार कांगड़ा मोहित रतन ने कहा कि खाली चल रहे पदों की लिस्ट बनाकर आगे भेज दी है। (अनंत ज्ञान)

## टेट के बारे में पूछताछ के लिए टेलीफोन नंबर जारी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड के सर्वर में आई तकनीकी खराबी के कारण बोर्ड की परिणाम वेबसाइट ठीक से काम नहीं कर रही है और विभिन्न टेट आवेदकों के रोल नंबर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते बोर्ड टीईटी जून–2024 के लिए ऑनलाइन रोल नंबर, आवेदक का नाम, परीक्षा केंद्र का नाम और आवेदन में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए एक लिंक भी प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, बोर्ड ने विशेष रूप से टीईटी जून 2024 से संबंधित पूछताछ के लिए टेलीफोन नंबर 01892–242122, 242135 पर 20 से 23 जून तक सुबह 8 बजे से रात के 10 बजे तक पूछताछ करने के लिए केंद्र भी स्थापित किया है। टीईटी शाखा का टेलीफोन नंबर 01892–242192 है जो पूछताछ के लिए भी उपलब्ध रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## कैडेट्स को दी ट्रैकिंग रूट्स की जानकारी

### ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपीडिशन के तीसरे दिन कैडेट्स का हुआ परिचय

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपीडिशन के तीसरे दिन कैडेट्स का परिचय सत्र हुआ। कैंप कमांडेंट कर्नल संजय शांडिल ने डीजी एनसीसी की तरफ से आई हुई हिदायतों के बारे में कैडेट्स को बताया। साथ ही में ट्रैकिंग की गतिविधियों एवं ट्रैकिंग रूट्स के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान की गई। कैडेट्स को इंटरनेशनल योगा डे पर होने वाले कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। सुबह कैंप कमांडेंट कर्नल संजय शांडिल ने कैडेट्स को ट्रैक के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम तथा शहीद स्मारक के लिए रवाना किया।

कर्नल संजय शांडिल तथा उनकी पत्नी पूनम शांडिल ने भी कैडेट्स के साथ ट्रैक किया व क्रिकेट स्टेडियम से दिख रही बर्फ से ढकी धौलाधार की मनमोहक वादियों का लुत्फ उठाया। सभी कैडेट्स ने क्रिकेट स्टेडियम में हो रहे मैच को भी देखा, साथ ही उन्होंने शहीद स्मारक में शहीदों को नमन किया। (अनंत ज्ञान)

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल में पीले–हरे वस्त्र पहनकर आए छात्र

### प्रिंसिपल रेणु परमार की अध्यक्षता में स्कूल में मनाया गया मैंगो डे

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के छात्रों द्वारा शुक्रवार को प्रिंसिपल रेणु परमार की अध्यक्षता में मैंगो डे मनाया गया। इस प्रतियोगिता में प्री प्राइमरी के बच्चों ने भाग लिया। छोटे–छोटे बच्चे येलो मैंगो के अलग–अलग रूप में तैयार होकर आए थे। वे अपने साथ तरह–तरह के मैंगो भी लाए थे। इस मौके पर आम के बारे में उन्हें जानकारी दी गई। बच्चों ने मैंगो शेक एक्टिविटी में भी हिस्सा लिया। टीचर्स ने क्लास में मैंगो शेक बनाकर दिखाया। मैंगो डे सेलिब्रेशन एक फन एक्टिविटी होने के साथ बच्चों में लैंग्वेज डेवलपमेंट का भी माध्यम बना। स्कूल की एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि छोटे बच्चों को पीले और हरे रंग के आम के कपड़े पहनाए गए और उनके सिर पर सुंदर टोपी लगाई गई। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को देश और विदेशों में पाए जाने वाले आम की विभिन्न किस्मों की जानकारी दी गई। (अनंत ज्ञान)

## जयसिंहपुर कांग्रेस ने की समीक्षा बैठक

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर।** मंडल अध्यक्ष जसवंत डडवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें में हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रदर्शन के बारे में संक्षेप से समीक्षा की गई जिसमें 112 बूथ की कमेटियों, जोन कमेटिया सहित बीसीसी की संपूर्ण कार्यकारणी एवं अग्रणी संगठनों से विस्तृत रिपोर्ट ली गई। इसमें विधानसभा की 65 पंचायतों में महिला सचिवों को नियुक्ति की गई और जयसिंहपुर जोन को छोटा किया गया। सभी बूथों से मंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की सूची बनाई गई, जिसे मंत्री को भेजा गया। (अनंत ज्ञान)

## हीटवेव के चलते जसूर में तीन दिन बंद रहेगी होलसेल मार्केट

**संजीव महाजन, नूरपुर**



नूरपुर के कस्बा जसूर में होलसेल व्यापारियों की एक बैठक हुई, जिसमें सभी जनरल गुडज होलसेलर, कनफेक्शनरी होलसेलर, मनियारी होलसेलर के साथ सप्लायर्स शमिल हुए। इन सभी ने प्रचंड गर्मी व हीटवेव के चलते 27 जून से लेकर 29 जून तक मार्केट बंद रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इन्हीं तारीखों को डमटाल और पठानकोट मार्केट भी बंद रहेगी।

बैठक में शमिल निर्मल जनरल स्टोर,अनु जनरल स्टोर, कोहली जनरल,देसराज राजेश कुमार, मूलराज सुदेश कुमार, जगदम्बा गिफ्ट सेंटर, रोशन लाल एंड संस, गुप्ता ब्रदर्स, आनंद बीड़ी कंपनी, अग्रवाल बीड़ी, अशोका बीड़ी, जय दुर्गा, सुदर्शन कुमार एंड ब्रदर्स, वरुण कनफेक्शनरी स्टोर इत्यादि सभी दुकानें 27 जून से लेकर 29 जून तक बंद रहेगी। सभी दुकानदारों ने सभी रिटेलर्स दुकानदार व लोगों से अपील की है कि वह अपना जरूरी सामान का स्टोक 26 तारीख तक ले ले नहीं तो 29 जून के बाद लेना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## व्यवस्था बदलने के लिए व्यक्ति का बदलना जरूरी : कानिटकर



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**एचपीसीयू में 'शिक्षा में बदलाव, उभरता भारत' विषय पर हुई संगोष्ठी**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग, शिक्षा विभाग और आतंरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की ओर से संयुक्त रूप से धौलाधार परिसर– 1 के सम्मेलन कक्ष में 'शिक्षा में बदलाव, उभरता भारत' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बतौर मुख्य वक्ता/ मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर, अखिल भारतीय प्रचार टोली सदस्य, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, नागपुर ने शिरकत की। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की।

मुख्य वक्ता कानिटकर ने कहा कि व्यक्ति नहीं बदलेगा तो व्यवस्था कैसे बदलेगी। चाहे किसी भी तकनीक को लागू कर दें, लेकिन अगर मनुष्य में नैतिकता नहीं होगी तो बदलाव असंभव है। मनुष्य सबसे बड़ा परिवर्तन का कारण है। राष्ट्रीय शिक्षा को अगर उभरते भारत का कारण बनना है तो व्यवस्था बदलनी होगी। भारत में राष्ट्रीय नीति को सही मायनों में लागू करना है तो शिक्षकों को ऋषि बनना होगा, उन्हें आचार्य बनना होगा। शिक्षा का मूल अध्ययन करना पड़ेगा। तभी उभरते भारत में शिक्षा का बदलाव होगा।

समापन अवसर पर संगोष्ठी के सहसंयोजक डा. ओमप्रकाश प्रजापति ने सभी का धन्यवाद करते हुए मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि का इस संगोष्ठी में भाग लेने पर आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

**जाइका** पड़ोसी देश में पढ़ी जाएगी स्वयं सहायता समूहों की सफलता की कहानी

## श्रीलंका में बजेगा हिमट्रेडिशन ब्रांड के उत्पादों का डंका

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



जाइका वानिकी परियोजना का अपना ब्रांड हिमट्रेडिशन के उत्पादों का डंका अब पड़ोसी देश श्रीलंका में भी बजेगा। जाइका परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को खरीद कर जाइका श्रीलंका की टीम के चेहरे प्रफुल्लित हुए। दो दिवसीय हिमाचल दौरे पर पहुंचे प्रतिनिधियों ने पालमपुर के समीप गोपालपुर मार्केटिंग आउटलैट से हिमट्रेडिशन ब्रांड के ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स की खरीददारी की। इस दौरान हिमाचली टोपी, शॉल, आचार, चटनी, पत्तल, बैग सहित कई अन्य उत्पादों की खूब बिक्री हुई। वीरवार को वन मंडल पालमपुर के डरोह रेंज के तहत चौपाटी महादेव भोड़ा में महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ संवाद सत्र का आयोजन किया गया।

**हिमाचल दौरे पर आई जाइका की टीम ने खरीदे ऑर्गेनिक उत्पाद**

जाइका इंडिया की प्रोजेक्ट फॉर्मूलेशन एडवाइजर इनागाकी युकारी ने हिमाचल में हो रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हिमाचल में सफल प्रबंधन के मुताबिक जाइका वानिकी परियोजना चल रही है और श्रीलंका की टीम को दो दिनों तक काफी कुछ सीखने को मिला। इनागाकी ने कहा कि हिमाचल में जाइका वानिकी परियोजना की सफलता की कहानी अब श्रीलंका में पढ़ी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी, परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नंद, प्रोग्राम मैनेजर विनोद शर्मा, डा. कौशल्या कपूर, प्रिया, डीएफओ पालमपुर डॉ. संजीव शर्मा, एसीएफ ओम प्रकाश चंदेल, सेवानिवृत्त हिमाचल प्रदेश वन सेवा अधिकारी बीएस यादव, एसएमएस पालमपुर कृतिका शर्मा, अकाउंटेंट प्रिति वालिया, एफटीयू कॉ–ऑर्डिनेटर अनु सूद, शिवानी वालिया समेत वन विभाग और जाइका वानिकी परियोजना की टीम मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, जिशान बेदी** सपुत्र श्री कुलदीप बेदी निवासी 15बी इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करता हूँ कि मेरी बेटी के जन्म प्रमाणपत्र में नाम गलती से शरगुन बेदी दर्ज किया गया है जबकि उसका नाम नीलांशी बेदी है। कृपया सभी संबंधित इसे नोट कर लें।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, गुडडो देवी** पत्नी स्व. श्री गुरु राम निवासी गांव व डा. लरुंह, उप तहसील राजा का तालाब, तह. फतेहपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि मेरा लड़का विकी जो मेरे कहने सुनने से बाहर है। अत: मैं अपने बेटे विकी का अपनी तमाम चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन–देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीखंड लंगर सेवा समिति लगाएगी भंडारा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** श्री खंड कैलाश यात्रा 14 जुलाई से 27 जुलाई तक निर्धारित की गई है, जिसमें श्री खंड लंगर सेवा समिति चौकी जम्बाला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 से 23 जुलाई तक करेगा भंडारे का आयोजन करेगी। उक्त जानकारी हमीरपुर में निजी होटल में प्रेस वार्ता के दौरान सेवा समिति चौकी जम्बाला के कोषाध्यक्ष अजय पटियाल ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री खंड लंगर सेवा समिति चौकी जम्बाला हर वर्ष श्रीखंड यात्रा में यात्रियों को भंडारे का आयोजन करती आई है। जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए श्रीखंड पहुंचते हैं और प्रसाद के रूप में भंडारा ग्रहण करेंगे। जिला हमीरपुर को प्रदेश से सेवा समिति के सहयोग में जो भी दान या अन्य सामग्री देना चाहता है जो श्रीखंड लंगर सेवा समिति चौकी जम्बाला के प्रधान मोबाइल नंबर: 9418114859 पर संपर्क कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

### सांसद अनुराग ठाकुर को प्रकाश ने दी बधाई

**ए कुमार, सुजानपुर।** सुजानपुर भाजपा शहरी इकाई सचिव प्रकाश सडियाल ने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर से मिलकर उन्हें जीत की बधाई दी। इस अवसर पर प्रकाश सडियाल ने कहा कि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का प्रदेश के विकास में बहुत योगदान रहा है। अनुराग ने केंद्रीय मंत्री रहते प्रदेश तथा हमीरपुर को कई सौगातें दी हैं। प्रदेश में भाजपा को सशक्त बनाने में ठाकुर का बहुत बड़ा योगदान रहा है। (अनंत ज्ञान)

### विधायक कै. रणजीत ने जाना मरीजों का हाल

**ए कुमार, सुजानपुर।** सुजानपुर के नवनिर्वाचित विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने टौणी देवी अस्पताल का दौरा किया तथा वहां पर मरीजों का हाल-चाल पूछा। कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि टौणी देवी अस्पताल को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। लोगों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सुजानपुर के अस्पताल में भी सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। कैप्टन रणजीत सिंह इसके बाद टौणी देवी तहसील पहुंचे वहां पर मौजूद तहसीलदार से मिले। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने बताया कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग बिना किसी झिझक से कभी भी उनसे मिल सकते हैं तथा अपनी समस्याएं उनके समक्ष रख सकते हैं। लोगों की समस्याओं को हल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### हैंडपंप ठीक होने पर लोगों ने जताई खुशी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत ढणवान के डेरा परोल के बाजार में एक वर्ष से खराब पड़े हैंडपंप ठीक होने से स्थानीय दुकानदारों और लोगों को राहत मिली है। दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने इस समस्या से विधायक सुरेश कुमार की समक्ष रखा जिसे विधायक ने प्राथमिकता पर हल करवा दिया है। डेरा परोल बाजार की वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता होशियार सिंह व कुलदीप चंद ने बताया कि यह हैंडपंप स्थानीय दुकानदारों व अन्य बाजार के लोगों के लिए एकमात्र पीने का साधन है। इससे हैंडपंप से स्कूल के बच्चे और आसपास के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध हो रहा था, लेकिन खराब होने से सभी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व प्रधान सुभाष चंद्र विनोद कुमार कुलदीप चंद रामचंद्र लाल सिंह सहित अन्य लोगों ने विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### उपचुनाव को लेकर पहले चरण का पूर्वाभ्यास आरंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर नियुक्त किए जाने वाले पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों के लिए वीरवार को बड़ू स्थित बहुतकनीकी महाविद्यालय के सभागार में पहले चरण का पूर्वाभ्यास आरंभ हुआ। इस पूर्वाभ्यास के दौरान तहसीलदार एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार और अन्य अधिकारियों ने पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इस अवसर पर ईवीएम-वीवीपैट के मास्टर ट्रेनर विजय चैहान ने अधिकारियों को ईवीएम-वीवीपैट की कार्य प्रणाली एवं विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत करवाया। (अनंत ज्ञान)

### किसी उम्मीदवार ने दाखिल नहीं किया नामांकन पत्र

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के उपचुनाव के लिए वीरवार को भी किसी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। अभी तक चुनाव मैदान में दो ही उम्मीदवार हैं जिनमें से एक ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस उपचुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के अलावा और कोई उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए तैयार नहीं हुआ है। बता दें कि 14 जून से आरंभ हुई नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति के लिए मात्र एक ही दिन शेष है और अभी तक केवल एक ही प्रत्याशी ने पर्चा भरा है। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून को दोपहर बाद 3 बजे तक प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच 24 जून को होगी तथा 26 जून तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान 10 जुलाई को सुबह 7 से सायं 6 बजे तक होगा, जबकि, मतगणना 13 जुलाई को होगी। (१ )

### छुट्टियों में टीचर नहीं छोड़ सकेंगे अपना स्टेशन

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** भीषण गर्मी के चलते स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 22 जून से करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने अभिभावकों और शिक्षक संघों पर स्कूल के समय सारिणी में बदलाव तो कर दिया है, लेकिन फिर भी बच्चों को गर्मी अधिक सता रही है। पिछले कुछ वर्षों में स्कूलों में छुट्टियों का शेड्यूल भी बदल दिया गया है। ग्रीष्मकालीन स्कूलों 22 जून से 29 जुलाई तक छुट्टियां कर दी गई हैं। हालांकि जब से छुट्टियों का शेड्यूल बदला है तब से सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हो रही है। हालांकि इस बार भी 22 जून से स्कूलों में छुटिटयां पड़ रही हैं, लेकिन स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापक अपना स्टेशन छोड़कर नहीं जा सकते। बता दें कि जिला में 15 जुलाई तक उपचुनाव के चलते चुनाव आचार संहिता लगी है। जिसके चलते कोई भी अध्यापक बिना विभाग के मुखिया को बताए स्टेशन नहीं छोड़ सकता। यही कारण है कि जब चुनाव आचार संहिता समाप्त नहीं होती अध्यापक कहीं घूमने भी नहीं जा सकते। इस बारे में प्रारंभिक उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि सभी स्कूलों में 22 जून से छुटिटयां पड़ रही हैं अब 30 जुलाई को ही दोबारा से स्कूल लगेंगे। (अनंत ज्ञान)

### स्कूल में निर्धन छात्रों को बांटी निशुल्क वर्दियां



**शशि सोनल, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन में स्कूल के प्रिंसीपल दिले मोहम्मद पोसवाल द्वारा स्कूल के निर्धन बच्चों को अपनी निधि से निःशुल्क स्कूल की वर्दियां बांटी गई। इसके अलावा इन बच्चों को निःशुल्क ट्रैक सूट भी प्रदान किए गए। लाभान्वित होने वाले बच्चों में लवली, शिवम, सुनील, कैलाश, आरव, सुजल, इमौन,सूरज, प्रिंस ,करण, राजीव, विष्णु आदि रहे। इस अवसर पर प्रिंसीपल ने बाकी बच्चों से भी आग्रह किया कि अगर उनको पढ़ाई से संबंधित किसी वस्तु की जरूरत हो तो वे बिना संकोच मुझसे संपर्क कर सकते हैं। प्रिंसीपल के इस कदम की स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रशंसा की है तथा औरों से भी आग्रह किया कि वे भी बच्चों की उन्नति के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। (अनंत ज्ञान)

### 11 जुलाई को रवाना होगा पहला जत्था

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** श्रीखंड महादेव यात्रा के दौरान लंगर लगाने के लिए श्रीखंड महादेव लंगर सेवा समिति हमीरपुर का पहला जत्था इसके प्रधान तरसेम लाल के नेतृत्व में 11 जुलाई को रवाना होगा। समिति के प्रधान तरसेम लाल ने बताया कि पहला पड़ाव सिंहगाड़ दूसरा पड़ाव थाचरू और तीसरा पड़ाव भीम डबार में होगा। समिति 23 जुलाई तक यात्रियों के लिए लंगर लगाएगी। उन्होंने बताया कि कमेटी पिछले 30 वर्षों से श्रीखंड महादेव की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन करती आ रही है। उन्होंने बताया कि लंगर कमेटी को जो भी दानी सज्जन राशन व दान राशि और अन्य वस्तुएं देना चाहते हैं, वे 30 जून से पहले कमेटी के प्रधान और अन्य सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लंगर की सेवा में जो श्रमदान करना चाहते हैं, वह मोबाइल नंबर 9418114859 पर संपर्क कर सकते हैं। उनका कहना है कि 1994 से समिति इस लंगर सेवा का आयोजन करती चली आ रही है वीरवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में तरसेम के अलावा अनूप शर्मा, चंचल देव, अजय पटियाल, प्रेमचंद और विजय कुमार भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में 9 और सीटों पर आ रहा है उपचुनाव : राजेश धर्माणी

## बोले- सरकार को संकट में डालने के लिए 'लोटस' नहीं, ऑपरेशन नड्डा की ही भूमिका रही

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**




प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राजेश धर्माणी और अन्य।

कबीना मंत्री और हमीरपुर उपचुनाव के कांग्रेस के प्रभारी राजेश धर्माणी ने कहा है कि 38 विधायकों की मौजूदगी में सुक्खू के नेतृत्व मौजूद स्थिर सरकार के बीच में अब तीन उपचुनाव तो हो ही रहे हैं, लेकिन उन्होंने दावा किया कि 9 सीटों पर उपचुनाव अभी और आ रहे हैं। जिनका फैसला बहुत जल्दी होने वाला है। भाजपा के जिन नौ विधायकों का अबमानना का मामला विधानसभा स्पीकर के पास पेंडिंग है, उन पर निश्चित रूप में कार्रवाई होने वाली है। जनता विपक्ष में बैठने के लिए भाजपा के प्रत्याशियों को चुनने वाली नहीं है। भाजपा इसके लिए लाख कोशिश कर ले, वोटर किसी भी भ्रम में आने वाला नहीं है।

धर्माणी वीरवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा के भीतर जिस नए घुटने नई राजनीति का उदय किया है उसमें न जयराम और न ही धूमल परिवार का कोई लेना-देना लगता है। यहां तो अब पता चल गया है कि तीसरे गुट के रूप में ऑपरेशन लोटस नहीं, ऑपरेशन नड्डा की भूमिका ही रही है। यह अब जग जाहिर हो गया है। पूर्व सांसद कृपाल परमार ने भी इस पर मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि नई उम्मीद के साथ खरीद फरोख्त करने का बीड़ा इसी ऑपरेशन ने शुरू किया था, वह अब ओंधे मुंह गिरा है।

धर्माणी ने कहा कि निर्दलीय विधायकों ने जिस तरीके से अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं का विश्वास तोड़ा है, वह उन्हें भुगतना पड़ेगा। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि भाजपा जिन छह उपचुनावों का जिक्र कर रही है, वास्तव में भाजपा के 9 विधायकों के खिलाफ सदन के भीतर एक ऐसी पिटीशन विधानसभा अध्यक्ष के पास लंबित है, जिसका फैसला भी आना है, क्योंकि भाजपा के इन विधायकों ने स्पीकर की चेयर का अपमान किया था। जो दस्तावेज अध्यक्ष की कुर्सी के पास आकर फाड़े थे वह मामूली मामला नहीं है। थोड़ा इंतजार करो, सब दुरुस्त हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### जनता समझे सीएम बार बार नहीं मिलते : सुरेश

**कॉन्फ्रेंस** में विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के इशारों को निश्चित रूप में समझना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं धूमल। खुद प्रचार नहीं करेंगे, केवल कार्यकर्ताओं को उनका सिग्नल समझना है और उसे वे बखूबी दे रहे हैं। हमीरपुर जिला की जनता को मुख्यमंत्री बार-बार नहीं मिलते, अब फिर मिले हैं। हमीरपुर उपचुनाव में भी लोगों को इस अहमियत को समझना होगा, बड़सर के लोग अब पछता कर रहे हैं।

### जनता को काम पर विश्वास काम करना होगा : चंद्रशेखर

**धर्मपुर** के विधायक चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि हमीरपुर का उपचुनाव इस जिला को फिर से ऐसे दोराहे पर खड़ा कर रहा है, जहां से यह जिला फिर से उभारा जा सकता है। धूमल के रूप में जो पहचान इस जिले को मिली है उसे अब सुक्खू के रूप में एक बार फिर कायम रखने की जिम्मेदारी हमीरपुर की जनता की ही है, क्योंकि 2012 में पूर्व मुख्यमंत्री बस स्टैंड के जिस शिलान्यास को छोड़ गए थे, उसे आगे कोई भी सरकार बढ़ा नहीं पाई। सुक्खू सरकार ने इसे सबसे पहले प्रोजेक्ट के रूप में दिया। हमीरपुर में विद्युत चीफ इंजीनियर का कार्यालय, इलेक्ट्रिक डिपो और जिले को विकास मॉडल के रूप में तैयार करना। अब हमीरपुर को उभरने के लिए यहां की जनता को काम पर विश्वास काम करना होगा, तभी इस जिले का नाम पहले के तरह ख्याति से भरा रहे।

## खाई में लुढ़ककर पेड़ पर अटकी कार, तीन लोग गंभीर घायल



टांडा मेडिकल अस्पताल में चल रहा घायलों का इलाज।

**ए कुमार, सुजानपुर**

वीरवार को सुजानपुर के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिसमें कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

उक्त घटना सुबह 7.30 बजे की है जब थुरल के नजदीक द्रमण लाहड़ गांव के निवासी रतन चंद, उनकी पत्नी संतोष कुमारी और उनका बेटा विशाल कुमार अपनी कार में दिल्ली से अपने घर वापस आ रहे थे कि सुजानपुर से दो किलोमीटर पीछे पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के साथ गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में कार में सवार थुरल के नजदीक द्रमण लाहड़ गांव के निवासी रतन चंद, उनकी पत्नी संतोष कुमारी और उनका बेटा विशाल कुमार को गंभीर चोटें आई है, जिन्हें पहले सिविल अस्पताल सुजानपुर में प्राथमिक उपचार किया गया उसके बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज हमीरपुर रैफर कर दिया है। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में रतन चंद और संतोष कुमारी का उपचार चल रहा है, जबकि विशाल को मेडिकल कालेज टांडा रैफर कर दिया है। हालांकि यह हादसा किस वजह से हुआ इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन जिस खाई में यह गाड़ी लुढ़की वहां पर एक पेड़ के ऊपर गाड़ी उसके साथ अटक गई नहीं तो गाड़ी और दूरी पर खाई में गिर सकती थी। इस घटना के बारे में जैसे ही स्थानीय लोगों पता चला वे बचाव करने के लिए घटना स्थल पर पहुंच गए और घायलों को कार से बाहर निकाला।

पुलिस, प्रशासन, दमकल विभाग को इस दुर्घटना की सूचना मिली मौके पर ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से सुजानपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। बताया जा रहा है कि गाड़ी करीब 100 से 150 फीट नीचे लुढ़क गई थी। सुजानपुर पुलिस थाना के प्रभारी मस्त राम ने बताया कि इस बारे मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## भोटा कॉलेज में प्रबंधन कमेटी की मीटिंग में कई मुद्दों पर की चर्चा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सबसे पहले कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान द्वारा विभिन्न मुद्दों से अवगत करवाने के बाद चर्चा की गई। इस बैठक में कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह, कॉलेज कमेटी की अध्यक्ष अरविंदर कौर रानी, उपाध्यक्ष निक्का राम शर्मा, सचिव कुलवीर सिंह ठाकुर, एसडीएम बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम, बड़सर कालेज के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार व समस्त प्रबंधन कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई, जैसे बीएससी, बीकॉम कोर्स शुरू करना आदि। (अनंत ज्ञान)

## झूठ बोलने में सुक्खू का कोई मुकाबला नहीं कर सकता : राणा

**ए कुमार, सुजानपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि जिस तरह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और देहरा विधानसभा क्षेत्र में पिछली बार कांग्रेस के प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश शर्मा ने अपने समर्थकों की बैठक के बीच रोते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर उन्हें मुख्यमंत्री आवास ओक ओवर में प्रताड़ित करने और धमकाने के आरोप लगाए हैं, उससे एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया है कि सुक्खू पार्टी के नेताओं और विधायकों के साथ किस तरह सुलूक करते हैं। राणा ने कहा कि झूठ बोलने में उनका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री दो दिन पहले तक कह रहे थे कि मेरे परिवार से कोई राजनीति में नहीं उतरेगा। फिर उन्होंने पत्नी को उपचुनाव में उतार दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी का मायका देहरा में है, जबकि असलियत यह है कि उनका मायका देहरा में नहीं बल्कि प्रागपुर में पड़ता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार झूठ बोलकर जनता को भ्रमित नहीं कर सकते। जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, मुख्यमंत्री का एकमात्र एजेंडा चुने हुए विधायकों को जलील करने और उन्हें प्रताड़ित करने का रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुख्यमंत्री के मुख से निकले हुए शब्द पत्थर पर लकीर की तरह होते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री झूठी घोषणाएं करने और अपनी बात से पलटने में माहिर हैं, लेकिन जनता समय आने पर माकूल जवाब देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभी तक युवाओं को हर साल एक लाख नौकरी देने का वायदा पूरा नहीं कर पाए हैं। प्रदेश में 18 से 60 साल आयु वर्ग के सभी महिलाओं को प्रतिमा 1500 रूपए भत्ता देने का वादा भी पूरा नहीं किया गया हैं। अगर एक विधानसभा क्षेत्र में 25 हजार के करीब महिलाएं इस भत्ते की हकदार बनती हैं तो उनमें से सिर्फ 3000 महिलाओं को ही यह भत्ता मिलेगा जबकि बाकी महिलाओं के साथ वादा खिलाफी होगी। (अनंत ज्ञान)

## झूठ की राजनीति करना छोड़ें लखनपाल : सुभाष

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**




पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया, साथ हैं अन्य।

राजनीति में विरोध होना जरूरी है परंतु किसी के ऊपर कीचड़ उछालना राजनीति में गलत है। एक होटल आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आज बड़सर जो पेयजल समस्या है उसके जिम्मेवार विधायक इंद्र दत्त लखनपाल स्वयं हैं। पिछले लगभग 12 सालों से बड़सर विधानसभा का नेतृत्व वे ही करते आ रहे हैं। आज वह पेयजल समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं जो की निराधार हैं। उन्होंने कहा कि झूठ की राजनीति करना लखनपाल छोड़ दें बड़सर की जनता ने उन्हें जनप्रतिनिधि चुनकर भेजा है उनका दायित्व बनता है कि बड़सर के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करें झूठे आरोपों का रोना रोना बंद करें। अन्यथा कांग्रेस पार्टी उनका हर मंच पर विरोध करेगी। ढटवालिया ने कहा की विधायक पेयजल समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पर आरोप लगा रहे हैं जो कि सरासर झूठे हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री बने हुए अभी लगभग 16 ही महीने हुए हैं बड़सर की पेयजल समस्या को लेकर मुख्यमंत्री हमेशा तत्पर रहते हैं सतलुज से जो एक लगभग 137 करोड़ की पेयजल जल स्कीम का कार्य शुरू हो गया है लगभग डेढ़ 2 सालों के बीच यह पेयजल आपूर्ति स्कीम बनकर तैयार हो जाएगी। ऐसे में बड़सर विधानसभा में पेयजल समस्या का संपूर्ण हल होने की संभावना है। ढटवालिया ने विधायक लखनपाल पर कटाक्ष करते हुए कहा अगर विधायक महोदय 12 सालों में स्कूलों में नाच गानों पर ज्यादा ध्यान न देते तो आज बड़सर में छोटी-छोटी समस्या नहीं होती, यहीं नहीं अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए दूसरों पर आरोप लगाने की आपको महारत हासिल है।

इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव पवन कालिया, कमल पठानिया नरेश लखनपाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विपिन कुमार सुरजीत सिंह डैनी जस्वाल, विशाल, राजेश जिला परिषद सदस्य मीना धीमान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेसी भाजपा विधायक पर न करें अनाप-शनाप बयानबाजी : पटियाल

**एसके ठाकुर, बिझडी**

बड़सर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी विकास पटियाल ने प्रेस बयान में कहा कि बिल्लों से बाहर निकले कांग्रेसी नेता भाजपा विधायक पर अनाप-शनाप बयानवाजी करने से बाज आएं।

उन्होंने कहा कि इंद्रदत्त लखनपाल से चुनावों में पराजित होने के बाद अपनी हार को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। यही कारण है कि आए दिन मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कांग्रेसी भाजपा विधायक पर अनाप-शनाप बयानबाजी करने पर उतारू हो गए हैं। जिस समय लखनपाल कांग्रेस में थे। उक्त कांग्रेसी किसी भी कार्यक्रम में देखे तक नहीं गए। यही नहीं कांग्रेस द्वारा घोषित किए गए प्रत्याशी की बात की जाए तो जिला परिषद रहते हुए भी क्षेत्र की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखने में नाकाम साबित हुए हैं। जिला परिषद के समय की बात की जाए तो सुभाष ढटवालिया लोगों से बात करने की बजाए शीशे बंद गाड़ी में मुंह मोड़ कर चले जाते थे। यही कारण है कि ढटवाल क्षेत्र की जनता ने भी उन्हें नकारा है।

कांग्रेस नेता भी अगर इंद्रदत्त लखनपाल की तर्ज पर लोगों का दुख दर्द बांटते तो आज उन्हें हार का मुंह न देखना पड़ता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इंद्र दत्त लखनपाल यदि किसी कार्यक्रम में ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हैं या फिर किसी भी कार्यक्रम में भोजन कर लेते हैं तो कांग्रेसियों को मिर्ची क्यों लग रही है। (अनंत ज्ञान)

## सेवानिवृत्ति पर माता की चौकी का आयोजन

**एसके ठाकुर, बिझडी**



होमगार्ड जवानों को सेवानिवृत्ति पर बिझडी में माता चौकी का आयोजनकिया गया।

पुलिस चौकी बिझड़ी में वीरवार को होमगार्ड देशराज की सेवानिवृत्ति पर माता की चौकी का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मचारियों ने रथ में बैठाकर होमगार्ड जवान देशराज को आयोजन स्थल पर पहुंचाया।

एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले जवान को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि होमगार्ड जवान की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर पुलिस कर्मचारियों की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में माता की चौकी के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कर्मचारियों की और से होमगार्ड देशराज को दुधारु गाय भेंट की गई। उन्होंने कहा कि होमगार्ड के कर्मचारी वर्षों तक सेवाएं देने के बाद भी पेंशन का लाभ नहीं ले पाते। होमगार्ड की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर होमगार्ड की टुकड़ियां मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)

## लंबाई बढ़ाने में बेहद कारगर हैं ताड़ासन : संजय

**संजीव चौहान, टौणीदेवी**



टौणीदेवी स्कूल के छात्र ताडासन का अभ्यास करते हुए।

योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है।

यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। इसी कड़ी में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में योग शिविर के माध्यम से सभी बच्चों व स्टाफ सदस्यों को योगासनों एवं अन्य क्रियाओं का सुबह प्रार्थना सभा में अभ्यास करवाया जा रहा है। शारीरिक प्रवक्ता संजय कुमार ने बच्चों को अपनी लंबाई बढ़ाने के लिए भी योग का रास्ता अपनाने का आह्वान किया, जिसके अंतर्गत उन्होंने आज मुख्यत: ताड़ासन की जानकारी दी। इसके अभ्यास से अधिक सतर्क, शांत और रचनाशील होने के साथ ही यह एकाग्रता में सुधार करने के लिए प्रभावी है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

### आज से श्रीरामचरित मानस कथा होगी शुरू

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल द्वारा 21 जून यानी आज से श्रीरामचरित मानस कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह श्री सत्यनारायण मंदिर से सुबह नौ बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, फिर श्रीरामचरित मानस कथा का शुभारंभ किया जाएगा।

संस्था के प्रधान विजय पुरी, गीता प्रचार प्रचार संस्थान के सचिव भगवान दास शास्त्री ने बताया कि संस्था ने धार्मिक अनुष्ठान करवाने का निर्णय लिया, जिसका शुभारंभ शुक्रवार से किया जा रहा है। बाल भवन वार्ड नंबर-पांच हमीरपुर में श्रीरामचरित मानस कथा का शुभारंभ किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**चुनाव** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों और उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर कड़ी नजर

## आचार संहिता की अनुपालना के लिए टीमें 24 घंटे सक्रिय

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर में उपचुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों और उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर कड़ी नजर रखने के लिए अलग-अलग टीमें तैनात की गई है। डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो व्यूइंग टीम, उड़न दस्ते, अकाउंटिंग टीम, व्यय निगरानी टीम और अन्य टीमों की तैनाती कर दी गई है।



उन्होंने बताया कि चुनाव में पैसे और अन्य उपहारों के वितरण पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। आम लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से अधिक कैश लेकर भी न चलें। अगर कोई व्यक्ति 50 हजार रुपए से ज्यादा की नकद धन राशि लेकर चल रहा है, तो उसे उस राशि के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे, अन्यथा वह राशि जब्त की जा सकती है। इसके अलावा किसी भी खाते से एक लाख रुपये से अधिक की राशि की निकासी या जमा होने पर संबंधित बैंक इसकी सूचना देंगे। यदि निकासी 10 लाख रुपए से अधिक की होगी तो निर्वाचन अधिकारी के साथ आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को भी जानकारी दी जाएगी। गूगल पे, फोन पे या फिर पेटीएम आदि के माध्यम से होने वाले लेन-देन पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान शराब, मुफ्त सामान, आभूषण और मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह की अन्य सामग्री के परिवहन या लेन-देन पर नजर रखने के लिए भी टीमें तैनात की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### मतदाताओं को प्रलोभन देने पर हो सकती है सजा

**डीसी** अमरजीत सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान रिश्वत या अन्य प्रलोभनों के माध्यम से मतदाताओं को लुभाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखने के लिए उड़न दस्तों का गठन किया गया है। अमरजीत सिंह ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ शिकायत के लिए जिला स्तर पर शिकायत निगरानी कक्ष भी स्थापित किया गया है जोकि 24 घंटे सक्रिय रहेगा। डीसी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान रिश्वत या अन्य प्रलोभन देने के दोषियों को एक साल तक की सजा और जुर्माना किया जा सकता है।

# मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने पर पंचायत प्रधान व दो सदस्य सस्पेंड

**अनिल शर्मा, मंडी**

मनरेगा में फर्जी हाजरियां लगाकर पैसा हड़पने का दोष साबित हो जाने पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अदालत ने पंचायती राज एक्ट 1997 की धारा 148 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के बल्ह विकास खंड की ग्राम पंचायत बरस्वाण की प्रधान डोलमा देवी व दो वार्ड मैंबरों संतोष कुमार व नारायणू देवी को सस्पैंड करने के आदेश दिए हैं।

उपायुक्त ने जिला पंचायत अधिकारी मंडी द्वारा पंचायत प्रधान व दो सदस्यों को लेकर स्थानीय निवासी दिनेश कुमार पुत्र नरोतम की शिकायत पर जांच के बाद प्रधान व सदस्यों को दिए गए नोटिस के जवाब से संतुष्ट न होकर 5 मार्च 2024 को इन्हें सस्पैंड करने का निर्णय सुनाया था।

इस निर्णय के अनुसार मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने के आरोप सही पाए गए थे। जिला पंचायत अधिकारी के इस फैसले के खिलाफ पंचायत प्रधान डोलमा व दो सदस्यों ने उपायुक्त मंडी के पास अपील करके निलंबन के खिलाफ स्टे ले लिया था। इस पर उपायुक्त ने अब फैसला देते हुए जिला पंचायत अधिकारी के फैसले को सही ठहराते हुए डोलमा देवी पत्नी गगन शर्मा गांव बरस्वाण जो पंचायत प्रधान हैं तथा संतोष कुमार पुत्र दलीप सिंह व नारायणू देवी पत्नी पूर्ण चंद जो वार्ड मेंबर हैं को निलंबित करने के आदेश दिए।

शिकायतकर्ता ने सबूतों के साथ शिकायत की थी कि पंचायत प्रधान तानाशाही पूर्ण रवैया रखते हुए अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल कर रही हैं तथा उसका पति पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करता है, मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजरियां लगाई गई हैं। जांच के बाद जो जवाब प्रधान व सदस्यों ने दिए उन्हें संतोषजनक न पाकर यह कार्रवाई की गई। (अनंत ज्ञान)

# बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

**आशीष, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट व आसपास के क्षेत्रों में बुधवार देर शाम को बादलों की गर्जना के साथ बारिश हुई। जिससे पिछले कई दिनों से बढ़ रही तपिश से लोगों को राहत मिली। करीब एक महीने से मौसम साफ रहने के कारण वातावरण काफी गर्म हो गया था,लोग तेज गर्मी के कारण पसीना पसीना हो रहे थे, लेकिन बुधवार को अनायास ही गर्जना के साथ आसमान में बादल छाए और वातावरण को पर्याप्त वृष्टि की ठंडक से खुशनुमा बना दिया।

किसानों में रूपचंद, भागीरथ, दीनानाथ,किशोरी लाल, राजेंद्र कुमार, रोशन लाल, मनीराम, हरिचंद, बलिराम, रवि कुमार, श्याम चौधरी, सुमन गौतम, भरत, सनी चंदेल, मुकेश ने बताया कि यह खुशी की बात है कि सही समय पर मेघ बरस रहे हैं खेतों में नमी हो जाएगी।

# मेले और त्योहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर : पठानिया

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सिहुंता छिंज मेला कमेटी द्वारा आयोजित स्टार नाइट में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की ।

कुलदीप सिंह पठानिया ने आयोजन समिति को सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि मेले व त्योहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इसे संजोए रखना समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश देवी-देवताओं की धरती है। यहां आयोजित होने वाले मेले, त्यौहार और उत्सव हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। इन मेलों से सामाजिक सहयोग, समरसता, सौहार्द तथा भाईचारा बढ़ता है।

विधानसभा अध्यक्ष को इस दौरान आयोजन समिति द्वारा शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल वन निगम कृष्ण चंद , जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस सुनाभ सिंह पठानिया, तहसीलदार सिहुंता सुरेन्द्र ठाकुर, तहसीलदार चुवाड़ी सुमन धीमान, छिंज मेला कमेटी सिहुंता के प्रधान करतार सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत सिहुंता अनिल कुमार, उप प्रधान सिहुंता मदन ठाकुर साहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए गणमन्य।





कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग तथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

## 21 को चुवाड़ी में विश्राम गृह निर्माण की रखेंगे आधारशिला

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 21 जून को चुवाड़ी, त्रिमथ तथा बनीखेत के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12:30 बजे चुवाड़ी में जल शक्ति विभाग के एक करोड़ 60 लाख की राशि से निर्मित होने वाले जल एवं स्वच्छता केंद्र-विश्राम गृह की आधारशिला रखने के पश्चात त्रिमथ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

कुलदीप सिंह पठानिया सांय 5.30 बजे बनीखेत में आयोजित होने वाले चार दिवसीय जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले का शुभारंभ करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष इस दौरान आषाढ़ नाग मेले के उपलक्ष्य पर आयोजित शोभायात्रा में भी हिस्सा लेंगे। शोभायात्रा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह बनीखेत से शुरू होकर भूरू नाग मंदिर मैदान तक चलेगी। कुलदीप सिंह पठानिया भूरू नाग मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

# एड्स लाइलाज बीमारी जागरूकता ही बचाव

**एमएम डैनियल, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा ओर एड्स कंट्रोल सोसायटी चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन की अध्यक्षता में हेल्थ केयर वर्कर के लिए एचआईवी एड्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन ने एड्स कंट्रोल सोसायटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है। उन्होंने इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा फैलने के कारणों के बारे में जानकारी दी। वहीं जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपनी शारीरिक जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी व्यक्ति को स्वेच्छापूर्वक रूप से अपनी एचआईवी की जांच करवानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि अभी तक जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर, किहार और चुवाड़ी में एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं, जिसकी जानकारी विभाग द्वारा गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने बताया कि एचआईवी के प्रति किसी भी जानकारी के लिए एड्स कंट्रोल सोसायटी भारत सरकार द्वारा जारी 1097 टोल फ्री नंबर पर किसी भी समय कॉल करके एचआईवी एड्स के प्रति जानकारी हासिल कर सकता है।

उन्होंने बताया एचआईवी एक्ट 2017 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। हम सभी को समाज के प्रति अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए हर व्यक्ति को एचआईवी की जानकारी देना और जांच के प्रति प्रेरित करना है। प्रशिक्षण शिविर में तीन स्वस्थ्य खंड समोट, किहार ओर किलाड़ के चिकित्सा अधिकारी स्वस्थ्य पर्यवेक्षक, कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर नें भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



एकदिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

# छात्रावास प्रबंधन समिति करियां की अध्यक्ष बनीं श्रोता देवी

**एमएम डैनियल, चंबा**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास करियां में प्रधानाचार्य रेखा शर्मा की अध्यक्षता में छात्रावास प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से श्रोता देवी को अध्यक्ष चुना गया। जबकि समिति सदस्यों के रूप में प्रेम देई, भारती, पूजा, अमित कुमार, कंचन, सीमा को मनोनीत किया गया ।



छात्रावास प्रबंधन समिति के सदस्य व अन्य।

गौर हो कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला चंबा के करियां में छठी से बाहरवीं कक्षा तक की बालिकाओं के लिए छात्रावास चलाया जा रहा है । इस छात्रावास में 100 बालिकाओं के लिए समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं।

बैठक में छात्रावास को अच्छे ढंग से संचालित करने के लिए सभी सदस्यों से पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया। इस अवसर पर छात्रावास का समस्त स्टाफ वार्डन ममता कटोच ,लेखाकार व्यास देव शर्मा, रीना, नसीम, लांबो, प्रियंका, रेखा तथा राजेश आदि सभी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# एमएसपी बढ़ाए जाने पर वीरेंद्र कंवर ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

**अभिषेक कुमार, ऊना**

केंद्रीय कैबिनेट ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए खरीफ की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है। इस फैसले का स्वागत करते हुए हिमाचल प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है।



प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों की हितैषी है और हमेशा उनके लिए कार्य करती रहती है। किसान सम्मान निधि योजना द्वारा देश के करोड़ों किसानों को लाभ मिल रहा है व इसके साथ ही यूरिया पर भी बहुत बड़ी धनराशि सब्सिडी के रूप में दी जा रही है। कंवर ने किसानों के हित में लिए गए इस फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि जनहित चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का देश के प्रत्येक नागरिक को लाभ मिल रहा है।

# महिलाओं ने किया एफडीओ का गठन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर विकास खंड सुंदरनगर के अधिकारी डा. विवेक चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआर एलएम) के विशेष प्रशिक्षण शिविर में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों विभिन्न पहलुओं की बारीकियां बताई गई।

इस अवसर पर एफडीओ का गठन किया गया। जिसके शहर तहत उपमंडल के तमाम स्वयं सहायता समूह अपने कृषि उत्पादन को बेहतर मार्केट में उचित मूल्य पर बेचे और इससे संबंधित विभिन्न कार्य अंजाम देंगे। विभाग के शिमला से आए इस अवसर पर स्टेट प्रोग्रामर राहुल कुमार, डोमेन एक्सपर्ट तरुण गुप्ता और समन्वयक शैलेश वर्मा और विभाग के अलग अलग विषयों के विशेषज्ञों ने महिला सदस्यों को इसके सफलता के तौर तरीके बताए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया आजीविका के नाम से जाना जाने वाला राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य गरीब ग्रामीण लोगों को बेहतर वित्तीय सेवाओं के माध्यम से सक्षम प्लेटफार्म प्रदान करना है, ताकि उनकी घरेलू आय को बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर स्टेट प्रोग्रामर राहुल कुमार, डोमेन एक्सपर्ट तरुण गुप्ता और समन्वयक शैलेश वर्मा सहित बीएलएम अंजू ठाकुर सहित एसी किशोरीलाल और विकास खंड की स्वयं सहायता समूह की चार सौ से अधिक महिला सदस्याएं शामिल रही है। (अनंत ज्ञान)

# अमित मेहरा ने संभाला चंबा के एडीएम का कार्यभार

**एमएम डैनियल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2010 बैच के अधिकारी अमित मेहरा ने चंबा जिला के नए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) के रूप में कार्यभार संभाला है ।



अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा का पदभार ग्रहण करने से पहले वे जिला कांगड़ा में अतिरिक्त पंजीयक सहकारी सभाएं का कार्यभार संभाल रहे थे।

इससे पहले भी उन्होंने चंबा में इसी पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वह चंबा के विभिन्न उप मंडलों में उप मंडल अधिकारी नागरिक (एसडीएम) के पद पर रह चुके हैं ।

उन्होंने प्रदेश के विभिन्न स्थानों में भी महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी चंबा का कार्यभार संभालने के उपरांत उन्होंने ज़िला चंबा के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाने तथा सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं , नीतियों एवं कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन में अपनी विशेष प्राथमिकता व्यक्त की है।

# होली के आधा दर्जन गांवों में एक माह से पसरा अंधेरा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अनंत ज्ञान स्पैशल

जनजातिय क्षेत्र भरमौर के तहसील होली की करीब आधा दर्जन पंचायतों में पिछले एक महीने से लोग बिजली की आंख मिचौली से बुरी तरह परेशान है। कुछ दिन पहले यहां पर बिजली की हाई वोल्टेज ने लोगों के लाखों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जला दिए हैं तो अब यहां पर बिजली ने जगना ही बंद कर दिया है।

यही नहीं यहां के लोगों ने विभाग के अधिकारियों पर उनके फोन नहीं उठाने का आरोप भी विभाग पर लगाया है। लोगों ने कहा है कि इस समस्या को लेकर कई बार विभाग से फोन पर संपर्क करना चाह रहे हैं लेकिन विभाग के आला अधिकारी सहायक अभियंता फोन ही नहीं उठा रहे हैं। विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते ग्राम पंचायत देओल नयाग्राम बजोल सहित दूसरी पंचायत के कई गांव में पिछले कई दिनों से बिजली की आंख मिचोली जारी है।

हालांकि विभाग ने यहां पर पहले दलील दी थी कि 11 केवी की तार टूट जाने के कारण यह समस्या आई थी, लेकिन करीब एक महीना बीत जाने के बाद भी अभी तक समस्या बरकरार है। तकरीबन एक महीना से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी बिजली न होने की वजह से यहां का सामान्य जीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त है।

विभाग की लापरवाही के कारण यहां पर पेड़ों के सहारे ही तारों को बांधकर एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचाया गया है। हालांकि राजीव गांधी विद्युत योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए का बजट भरमौर में लग चुका है। विभाग की इस तरह की सुस्त कार्यप्रणाली को लेकर लोगों ने भी कई सवाल खड़े करना शुरू कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

> तूफान आने की वजह से इस तरह की समस्या आई है। कर्मचारियों को तुरंत से तुरंत इस समस्या को दूर करने के लिए कह दिया गया है। जल्द ही लोगों की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।
> -प्रवेश ठाकुर, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग।

## समस्या को लेकर विभाग के खिलाफ खोला जाएगा मोर्चा

**पूर्व** प्रधान एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा कि वह इस समस्या को लेकर कई बार विभाग के सहायक अभियंता से फोन पर संपर्क कर रहे हैं लेकिन वह फोन नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि पिछले कई दिनों से यह समस्या यहां पर लगातार आ रही है जिसके चलते यहां के दर्जनों को बुरी तरह से बिजली की आंख मिचोनी से परेशान है। इससे पहले भी हाई वोल्टेज के कारण यहां कई लोगों के लाखों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए हैं। बावजूद इसके बिजली विभाग की इस तरह की कार्यप्रणाली समझ से परे है। समस्या का समाधान न हुआ तो वह स्थानीय लोगों के साथ विभाग के खिलाफ मोर्चा भी खोल देंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

# जीनियस ग्लोबल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित



नर्सरी स्टूडेंट प्रेजेंटेशन में पहुंची मदर्स बच्चों के साथ।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल में प्री-नर्सरी और नर्सरी स्टूडेंट प्रेजेंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर नीति शर्मा ने किया।

इस प्रेजेंटेशन का उद्देश्य बच्चों की ओर से सेशन के पिछले तीन महीने में सीखे गए गुणों को अपने अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत करना था, जिसे 100 बच्चों ने बहुत खूबसूरत तरीके से निभाया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्र उच्चारण से की गई। बच्चों ने योग व नृत्य की प्रस्तुतियां दीं और सभी विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए।

माई सेल्फ में अधिरा, लविश ठाकुर, पावनी, प्रियांश, विधांत ने अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि योगा में इवान, पविका, हर्षिल, पीयूष शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## सूडोकु 00102 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# आरोपी से 740 ग्राम चरस बरामद, काबू



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार चरस सहित आरोपी ।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सदर पुलिस टीम ने भ्यूली में नाकाबंदी के दौरान एक निजी वोल्वो की चेकिंग करते हुए बस में सवार अजीत कुमार पुत्र मुकेश कुमार निवासी गांव व डाकघर जाटान तहसील गनौर जिला सोनीपत हरियाणा से 740 ग्राम चरस बरामद की है।

आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना सदर मे एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर हिरासत में भेज दिया हैं। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ कर मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

# अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

21 जून, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : ज्येष्ठ, **तिथि** चतुर्दशीः (7:33) : **नक्षत्र** : ज्येष्ठा (6:16), **पक्ष** : शुक्ल, **योगः** शुभ (06:41) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:54-12:50), **राहुकाल** (10:38 -12:22 ।

**विशेष दिन**

» 21 जून 2024 : विश्व योग दिवस आज।

» 21 जून 2024 : आज पूर्ण होंगे वट सावित्री व्रत।

**मेषः** एक नई साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। व्यावसायिक परियोजनाओं के प्रति उत्साही और आश्वस्त हैं, अतः आप भविष्य में पूर्ण सफलता प्राप्त कर पाएंगे।

**वृषभः** आज आप में से कुछ की रचनात्मकता चरम पर होगी, लेकिन वित्तीय दबाव हो सकता है। धन संबंधी मामलों को समझदारी से निपटाया जाना चाहिए।

**मिथुनः** व्यावसायिक अवसर बढ़ाने और विस्तृत करने में अति सहायक सिद्ध होंगे। आप नए क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार होंगे।

**कर्कः** आज के दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होंगे और आपका उत्साह बल प्रदान करेगा जिसके फलस्वरूप आप व्यावसायिक स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ पाएंगे।

**सिंहः** आर्थिक रूप से आप अच्छा करेंगे और कुछ महंगी वस्तुओं की खरीदारी भी कर सकते हैं। भूमि में निवेश भी संभव है। व्यावसायिक रूप से दिन शुभ है।

**कन्या** : विदेशी संपर्क वाले लोग आज व्यावसायिक गतिविधि में उतार-चढ़ाव अनुभव कर सकते हैं। यदि आप प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी तलाश कर रहें है।

**तुलाः** व्यवसाय में उन लोगों के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। व्यावसायिक और आर्थिक परियोजनाएं उचित विचार और परिश्रम के बाद ही पूर्ण और संपन्न होंगीं।

**वृश्चिकः** आय अच्छी रहेगी, किन्तु बेकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाना श्रेयकर रहेगा। करियर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु** : व्यावसायिक रूप से आज का दिन शुभ रहेगा। पदोन्नति या व्यावसायिक बेहतरी का प्रबल संकेत है। आपको लंबे समय से पोषित सपने एवं परियोजना पर काम करने का अवसर मिल सकता है।

**मकरः** किस्मत आपका साथ देगी और महत्वाकांक्षी परियोजनाएं गतिशील हो सकती हैं। नए क्षेत्र में उद्यम करते समय अथवा नए सहयोगियों से बात करते हुए शब्दों का चयन सोच-समझ कर कीजिए।

**कुंभ** : वित्तीय रूप से दिन शुभ है और कुछ महत्वपूर्ण लाभ प्राप्ति भी संभव है। उद्यमी और व्यवसायी एक नए संघ या साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं।

**मीनः** आज का दिन उत्साहजनक नहीं है। हालांकि पारिवारिक सहयोग रहेगा और आर्थिक रूप से आप ठीक करेंगे। यात्रा स्थगित करनी पड़ सकती है।

# योग पर पढ़ाया जाएगा जागरूकता का पाठ

**अनिल शर्मा, मंडी**

**संत निरंकारी मिशन की शाखाओं में चलेगा अभियान**

योग दिवस पर हर वर्ष की तरह शुक्रवार सुबह संत निरंकारी मिशन भी देशभर में लोगों को योग पर जागरूकता का पाठ पढ़ाएगा। लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ रखने की जहां प्रेरणा दी जाएगी वहीं योग क्रियाओं की सारी जानकारियां भी प्रदान की जाएंगी। योग की आध्यात्मिक शक्ति से व्याधि का भी उपचार किया जा सकता है।

संत निरंकारी मिशन यह अभियान सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के नेतृत्व में पूरे देशभर आयोजित करेगा। उनके प्रशिक्षित योग शिक्षक शुक्रवार सुबह छह बजे अपने अपने खुले स्थानों में योग क्रियाओं से लोगों को अवगत करवाएंगे और लोगों को योग सिखाएंगे। संत निरंकारी मिशन के मंडी जोनल हैड डॉ. आरके अभिलाषी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग बेहद जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

## महिलाओं के लिए योग जरूरी

**माता** सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान समय में जहां महिलाएं गृहस्थ जीवन और कार्यक्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं । ऐसे में योग उनकी व्यस्तता से भरी हुई जिंदगी की एक ऐसी आवश्यक गतिविधि है जो उनको अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूर्णता से निभाने में सहायता करती है। ससुदीक्षा जी महाराज ने भी अपने विचारों में स्वस्थ मन सहज जीवन अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन देते हुए यही समझाया है कि हमें अपने शरीर को निरंकार प्रभु की अनमोल देन समझाते हुए उसे स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखना है।

> आज सेहत सबसे वड़ी चुनौती उभरी है। इससे निपटने के लिए योग जरूरी है। माता सुदीक्षा महाराज के नेतृत्व में मिशन अपनी अहम भूमिका योग के प्रति अदा करेगा। लोगों को योग के प्रति जागरूक करना उनका उद्देश्य है।
> -डॉ. आरके अभिलाषी जोनल हैड निरंकारी मिशन।

## मिशन ने चलाई कई कल्याणकारी योजनाएं

**संत** निरंकारी मिशन भी समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वयन कर उन्हें सक्षम बनाने में प्रयासरत है जिसमें मुख्यतः सिलाई एवं कढ़ाई सेंटर, ब्यूटीशियन कोर्स, ट्यूशन सेंटर इत्यादि प्रमुख है। संत निरंकारी मंडल के समाज कल्याण प्रभारी जोगिंद्र सुदीक्षा ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। योग भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है, जिसके द्वारा आध्यात्मिक, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित किया जाता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जिया जा सकता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोट
विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी (हि.प्र.)

**निविदा सूचना:-** ग्राम पंचायत कोट विकास खंड सदर मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से डाक द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 27-06-2024 को अपराहन 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं इसी दिनांक 27-06-2024 को अपराहन 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।
1. A रेत (खड्ड/नदी) B क्रशर प्रति घन मीटर, 2. बजरी (खड्ड/क्रशर) 10,20,40 एमएम प्रति धन मीटर, 3. पत्थर कट स्टोन प्रति घन मीटर, 4. बोल्डर/सोलिंग प्रति घन मीटर, 5. ईंट (2nd class) प्रति नंबर, 6. A सेटरिंग व रास्ता B भवन सेटरिंग प्रति स्क्वेयर फुट, 7. RCC पाइप व कौल्लर 300, 450,600,900 एमएम,/Paver प्रति नंबर, 8. जेसीबी हेतु प्रति घंटा 240000/से ऊपर TDS 10% कटेगा, 9. सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से गठल से कार्य स्थल तक उतराई व चढ़ाई के साथ पेवर प्रति बैग 10, पेवर 60एमएम, 80एमएम, 11. Mixture प्रति घंटा, 12. CIB प्रति

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएंगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 3. ठेकेदार-आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे (एम फार्म) एम फार्म उपलब्ध न करवाने पर सामग्री संबंधित रॉयल्टी वर्तमान में 60/-रु. प्रति एमटी टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लो.नि.विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 6. निविदादाता को 25000/-रू. धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के पास जमा करवानी होगी। तभी निविदाएं मान्य होंगी अन्यथा बिना धरोहर राशि के निविदाएं रद्द समझी जाएंगी। 7. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता तो उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापस नहीं होगी। 8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 10. दरों का उल्लेख करते समय Tax Included या Excluded का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 12. इसमें रेत 1200cum, बजरी 1200cum, पत्थर/कट स्टोन 1500cum, बोल्डर 1500cum, ईंट 3500 नं. वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित इतना ही मटीरियनल लगेगा। सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरांत किया जाएगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कोट

**योग** विश्वभर के लोगों की आकांक्षा का प्रतीक है। यह जीरो बजट में बेहतर स्वास्थ्य का आश्वासन देता है। -नरेंद्र मोदी

## संपादकीय

# राजनीति में वंशवाद

हिमाचल के देहरा विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे उपचुनाव में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी को चुनावी मैदान में उतारने के बाद विपक्षी भाजपा व अन्य दलों को वंशवाद की राजनीति पर बोलने का मौका मिल गया है। सियासी गलियारों में यह चर्चा हो रही है कि कांग्रेस ने परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा दिया है। हालांकि वंशवाद की राजनीति से भाजपा और दूसरे दल भी अछूते नहीं हैं। वंशवाद की राजनीति तब से चल रही है, जब स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार 1952 में आम चुनाव हुए थे।

जिस परिवार से कोई बड़ा नेता राजनीति में अपनी गहरी जड़ें जमा लेता है, वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी राजनीति में खींच लेता है। परिवार के बाकी सदस्यों को विरासत में राजनीति मिल जाती है। उन्हें राजनीति में अपना करियर बनाने के लिए बना बनाया ग्राउंड मिल जाता है और यह क्रम तकरीबन सभी दलों में चलता रहता है, नतीजतन राजनीति को वंशवाद और परिवारवाद से निजात नहीं मिल पा रही है। सबसे अधिक समय तक विरासत की राजनीति गांधी और नेहरू परिवार की मानी जाती है। हिमाचल की राजनीति में दो राजनीतिक परिवारों का दबदबा दशकों से चला आ रहा है। पहला वीरभद्र सिंह का परिवार है, जिसे राजा परिवार भी कहा जाता है, उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह और बेटा विक्रमादित्य सिंह राजनीति में हैं। मां और बेटा वीरभद्र की कांग्रेसी राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं।

दूसरा धूमल फैमिली है। प्रेम कुमार धूमल हिमाचल के दो बार मुख्यमंत्री रहे। उनके बेटे अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री रहे हैं। हालांकि, इस बार धूमल ने खुद विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा। पंजाब की सियासत भी दो राजनीतिक परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती है। पहला परिवार प्रकाश सिंह बादल का है। वह पांच बार मुख्यमंत्री रहे। उनकी राजनीतिक विरासत को उनके बेटे सुखबीर बादल ने आगे बढ़ाया। सुखबीर बादल डिप्टी सीएम रहे। सुखबीर की पत्नी हरसिमरत कौर मोदी सरकार में मंत्री रहीं। दूसरा परिवार है कैप्टन अमरिंदर सिंह का, जिनकी पत्नी और बेटी राजनीति में हैं। हरियाणा में चौटाला, हुड्डा और बिश्नोई परिवार ने राज किया। देवीलाल, भजनलाल और बंसीलाल ने सालों तक राजनीति में अपना सिक्का जमाया।

जम्मू-कश्मीर की राजनीति में आज तक दो परिवारों अब्दुल्ला परिवार और मुफ्ती परिवार ने ही अपनी सल्तनत चलाई। उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव और चौधरी चरण सिंह के परिवार की तीसरी पीढ़ी सियासी विरासत को आगे बढ़ा रही है। संजय निषाद, ओम प्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल का परिवार और मायावती के भतीजे भी पार्टी संभाल रहे हैं। बिहार में लालू प्रसाद यादव के दो बेटे और दो बेटियां राजनीति में हैं। लालू की पत्नी राबड़ी देवी भी सीएम रह चुकी हैं। राम विलास पासवान के बेटे चिराग पासवान पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। जीतन राम मांझी के बेटे संतोष मांझी भी राजनीति में जड़ें जमा ली हैं। झारखंड में पूर्व सीएम शिबू सोरेन के बेटे हेमंत सोरेन के पिता की सियासी विरासत को संभाले हुए हैं। महाराष्ट्र में दो बड़े राजनीतिक परिवारों का दबदबा है। पहला है बाल ठाकरे परिवार। उनके बेटे उद्धव ठाकरे भी मुख्यमंत्री रहे और पोते आदित्य ठाकरे मंत्री।

दूसरा है पवार परिवार। शरद पवार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे। बेटी सुप्रिया सुले सांसद हैं। भतीजे अजीत पवार महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम हैं। ओडिशा में पटनायक फैमिली का सियासी दबदबा रहा। बीजू पटनायक मुख्यमंत्री थे। फिर बेटे नवीन पटनायक ने पिता की राजनीति को आगे बढ़ाया और वह भी मुख्यमंत्री हैं। कर्नाटक में देवेगोड़ा फैमिली का राजनीतिक दबदबा रहा। तमिलनाडु में एम करुणानिधि मुख्यमंत्री रहे और अब उनके बेटे एमके स्टालिन सत्ता में हैं। स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन भी राज्य सरकार में मंत्री हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी मुख्यमंत्री हैं और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी सांसद हैं। ऐसे में सीएम सुक्खू की पत्नी का चुनाव लड़ना भला कहां गलत हो सकता है। जब पूरा देश ही राजनीति के वंशवाद में आकंठ डूबा हो तो परिवारवाद और वंशवाद की बातें बेमानी सी लगती हैं। निकट भविष्य में भी भारतीय राजनीति से वंशवाद का अंत होता नहीं दिख रहा है। ■

# स्वस्थ शरीर ही नहीं सुंदर काया भी देता है योग

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष**

यदि आप अपने शरीर को डिटॉक्सिफाई करना चाहते हैं, अपनी मांस पेशियों को मजबूत बनाना चाहते हैं तथा जिंदगी के रोजमर्रा के तनाव से मुक्ति चाहते हैं तो आप केवल योग और प्राणायाम कीजिए। योग से चेहरे पर असली आभा का निखार आता है और आपकी रंगत में भी निखार आता है तथा आपका चेहरा और व्यक्तित्व बाकई में आकर्षक और मनमोहक दिखने लगते हैं। रोज सुबह प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, शीर्षासन, मत्स्य आसान से शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं, जिससे शरीर की पाचन प्रणाली सामान्य हो जाती है और रक्त का प्रवाह सही हो जाता है, जिसके परिणाम स्वरूप त्वचा में खिंचाव आता है, झुर्रियां हट जाती हैं और आप सुंदर और स्वस्थ दिखने लगते हैं।

योग आसनों से आप गहरी नींद पा सकते हैं, कोलेस्ट्रॉल स्तर कम हो जाता है। कोलेजन में वृद्धि होती है, जिससे आपकी स्वास प्रणाली मजबूत होती है। आपके जोड़ों को चिकनाहट मिलती है। आपकी मांस पेशियां मजबूत होती हैं। योग में सांस लेने वाली क्रियाओं तथा शरीर के विभिन्न आसनों से हार्मोन्स संतुलित होते हैं तथा आंतड़ियों में जमा गंदगी बाहर आ जाती है। इससे हम हल्का और स्वस्थ महसूस करते हैं जिसे आंतरिक सौंदर्य का नाम दिया जाता है। मेरा यह मानना है अगर आप शारीरिक रूप से सुंदर हैं तो आपका सौंदर्य चेहरे पर स्वाभाविक रूप से झलकेगा। कुछ योग आसनों के नियमित अभ्यास से आप प्राकृतिक सुंदरता, दमकती त्वचा तथा शारीरिक आकर्षण ग्रहण कर सकते हैं। वास्तव में अगर आप योग साधना को अपने जीवन से जोड़ लें तो शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही प्राकृतिक तौर पर स्थायी रूप से सुंदर तथा प्रभावशाली भी बनाया जा सकता है तथा महंगे सौंदर्य प्रसाधनों, ब्यूटी सैलूनों के महंगे उपचार तथा समय को बचाया जा सकता है। भारतीय आयुर्वेदिक पद्धति योग के साधारण आसनों के जरिए आप स्थायी आंतरिक तथा बाहरी सौंदर्य मुफ्त में आसानी से पा सकते हैं।

प्रतिदिन महज आध घंटा सुबह तथा शाम सूर्या नमस्कार, प्राणायाम, उत्थान आसन, कपाल भाती, धनुर आसन तथा सांसों की क्रिया के माध्यम से आप अपने यौवन, सौंदर्य तथा प्राकृतिक आकर्षण को जीवन पर्यंत बनाए रख सकते हैं। बालों तथा त्वचा के सौंदर्य को बनाए रखने में प्राणायाम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्राणायाम से जहां तनाव कम होता है, वहीं दूसरी ओर शरीर में प्राण वायु का प्रभावी संचार होता है तथा रक्त का प्रभाव बढ़ता है। प्राणायाम सही तरीके से सांस लेने की बेहतरीन अदा है। प्रतिदिन 10 मिनट तक प्राणायाम से मानव शरीर की प्राकृतिक क्लींजिंग हो जाती है। प्राणायाम का आज पूरे विश्व में अनुसरण किया जाता है। प्राणायाम से मानव खोपड़ी में व्यापक आक्सीजन तथा रक्त संचार होता है, जिससे बालों की प्राकृतिक रूप से वृद्धि होती है तथा बालों का सफेद होना तथा झड़ने जैसी समस्या को रोकने में भी मदद मिलती है। योग का मानसिक शारीरिक, भावनात्मक तथा मनोभाव पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। योग से आप आत्मिक तौर पर शांत महसूस करते हैं, जिससे आपके बाहरी सौंदर्य में भी निखार आता है।


लेखिका : शहनाज हुसैन
अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य विशेषज्ञ

आमतौर पर अनिद्रा, तनाव आदि में पैदा होने वाली कील, मुहांसे, काले धब्बों आदि की समस्याओं के स्थायी उपचार में योग महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उत्थान आसन के लगातार उपयोग से आप कील, मुहांसे, काले धब्बों आदि की समस्याओं का स्थायी उपचार पा सकते हैं। कपालभाती आसन से खून को साफ करने में मदद मिलती है। धनुर आसन से शरीर में रक्त का प्रभाव बढ़ता है तथा शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इससे शरीर की त्वचा में प्राकृतिक चमक आती है। योग के लगातार अभ्यास से त्वचा तथा शरीर में यौवन को दीर्घकालीन तौर पर बनाए रखने में मदद मिलती है। योगासन से रीढ़ की हड्डी तथा जोड़ों को लचकदार बनाया रखा जा सकता है। योग से शरीर के भार को कम करने में भी मदद मिलती है तथा इससे मांसपेशियां नरम तथा मुलायम हो जाती हैं। योग से थकान से मुक्ति मिलती है तथा शरीर में ऊर्जा का प्रभावी संचार होता है। सूर्य नमस्कार आसन से शरीर पर बढ़ती आयु के प्रभाव को रोका जा सकता है। चेहरे की झुर्रियों से मुक्ति पाने के लिए सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम दोनों प्रभावी आसन हैं।

योग प्राचीन भारतीय विद्या है तथा इसके निरंतर अभ्यास से संयमित व्यक्तित्व तथा वृद्धावस्था की भाव मुद्राओं को रोकने में मदद मिलती है। योग का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे सांसों पर नियंत्रण रहता है तथा योगाभ्यास के दौरान सांस खींचने तथा सांस बाहर निकालने की उचित विधि से श्वास को संयमित करने में मदद मिलती है जिससे शरीर में ऑक्सीजन को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होती है। योग से शारीरिक तथा मानसिक उल्लास की असीम अनुभूति प्राप्त होती है।

जब हम सौंदर्य की बात करते हैं तो हम केवल बाहरी चेहरे की सौंदर्य की ही बात नहीं करते बल्कि इसमें आंतरिक सूरत भी शामिल होती है जिसमें लचकपन, हाव-भाव तथा शारीरिक आकर्षण होना नितांत आवश्यक होता है। जहां तक बाहरी सौंदर्य का संबंध है, वहां छरहरे बदन से व्यक्ति काफी युवा दिखाई देते हैं जो कि लंबे समय तक यौवन बनाए रखने में सहायक होता है। योग से शरीर के हर टिशू को ऑक्सीजन प्राप्त होती है जिसे शरीर में सौंदर्य तथा स्वास्थ्य प्राप्त होता है। यदि आप ऐसी जीवनशैली गुजार रहे हैं जिसमें शारीरिक गतिविधि नगण्य है तो आप वास्तव में बुढ़ापे को निमंत्रण दे रहे हैं। अनेक सौंदर्य समस्याएं मानसिक तनाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। योग से तनाव को कम करने तथा स्वच्छंद मानसिक उन्मुक्त वातावरण तैयार करने में मदद मिलती है तथा इससे तनाव से जुड़ी सौंदर्य समस्याओं को निजात प्रदान करने में मदद मिलती है।

आज का समय लगातार बढ़ती जटिलताओं और गति का समय है। जीवन यापन के लिए हर कोई लगातार गतिमान है। भागदौड़ की इन स्थितियों में एक सुसंगत, संयमित और स्वास्थ्य जीवन दृष्टि की खोज हर व्यक्ति को है। हर कोई अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहता है। भारतीय परंपरा हमेशा से ही जीवन को समग्र और संतुलित रूप से जीने की दृष्टि देती रही है। भारतीय चिंतन और परंपरा का आधार रहा है योग-शास्त्र। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवन को संतुलित रूप से जीने का शास्त्र है। यह निरंतर बढ़ती हुई भाग-दौड़ में व्यक्तित्व को एक ठहराव, एक गहराई देने की विद्या है। ऐसे में आज न केवल भारत बल्कि विश्व के दूसरे देश भी योग को जीवन शैली में सुधार लाने का एक प्रमुख उपाय मान रहे हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# योग मानसिक और आत्मिक शांति प्रदान करने का साधन

योग का इतिहास हजारों साल पुराना है और यह प्राचीन भारतीय सभ्यता में उत्पन्न हुआ है। योग शब्द संस्कृत भाषा के 'युज' धातु से बना है, जिसका अर्थ है जोड़ना या मिलाना। योग केवल शारीरिक अभ्यास ही नहीं अपितु यह मानसिक और आत्मिक शांति प्रदान करने का साधन भी है। योगासन, प्राणायाम, ध्यान और आध्यात्मिक अनुशासन प्राणायाम के प्रमुख अंग हैं।

हर वर्ष 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसे अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करना है। योग जो भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, अब इसने वैश्विक पहचान हासिल कर ली है। इस वर्ष की योग दिवस की थीम है 'स्वयं और समाज के लिए योग'। योग हमारी प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। योग हमारे मन ,शरीर, विचार और क्रिया की एकता का प्रतीक है, जो हमारे स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए मूल्यवान है। योग हमारे मन और शरीर, मनुष्य और प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य का संकेत देता है। भारत के लिए यह दिन बेहद खास है क्योंकि योग भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। युगों पहले से ही ऋषि-मुनि यहां योगाभ्यास करते आए हैं, लेकिन अब भारत से निकलकर योग दुनिया के तमाम हिस्सों में पहुंच चुका है।


लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा के इस दौर में इंसान अनेक प्रकार की परेशानियों से घिरा हुआ है तो योग एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा इंसान अपनी परेशानियों को कुछ हद तक कम कर सकता है और अवसादग्रस्त होने से बच सकता है। तेजी से बदलती जीवन शैली, पढ़ाई का दबाव और करियर की चुनौतियां युवाओं पर भारी असर कर रही हैं, ऐसे में योग एक महत्वपूर्ण साधन बनकर उभरता है जो उन्हें संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करता है, इसीलिए युवाओं को अपनी व्यस्तता भरी जीवनशैली से थोड़ा वक्त अपने लिए निकाल कर योग जरूर करना चाहिए।

बुजुर्गों के लिए योग एक प्रभावी साधन है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन भी प्रदान करता है। गर्भावस्था एक महिला के जीवन का महत्वपूर्ण और संवेदनशील चरण होता है। इस दौरान शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक होता है। योग एक ऐसा सशक्त साधन है, जो गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता है। योग से शरीर का लचीलापन बढ़ता है और प्रसव के दौरान होने वाली पीड़ा में भी कमी आती है। इस प्रकार योग सभी आयु वर्ग में पूर्ण रूप से सहायक और कारगर सिद्ध होता है जो हमारे मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक तंत्र को संतुलित बनाए रखने में सहायता प्रदान करता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

कविता



### योग

मनीष कुमार
जयसिंहपुर

*योग का महत्व है अनमोल*
*है सच्ची आनंद की राह*
*तन और मन को आपस में जोड़े*
*जीवन में लाए एक नई चाह*
*योग की प्राचीन धारा*
*भारत की है यह उपहार*
*पतंजलि के सूत्रों में*
*सहेजा ज्ञान अपार*
*हम रहे हैं सारी सुख सुविधाएं भोग*
*जानते हुए भी कि 'योग रखे निरोग'*
*भूल रहें हैं हम करना रोज योग*
*आओ मिलकर संकल्प लें*
*योग को जीवन में अपनाएं*
*स्वस्थ और संतुलित शरीर,*
*मानसिक तनाव को दूर करने के लिए*
*प्रतिदिन योग दिवस मनाएं*
*'हर रोज योग' करने का संदेश फैलाएं।*

# योग मानव जाति के लिए भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार

योग भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उपहार है। भारत प्राचीन काल से ही ऋषि और मुनियों की भूमि रही है, इसलिए भारतीय संस्कृति पूरे विश्व के आंगन में अपनी श्रेष्ठता और महानता के लिए प्रसिद्ध रही है। भारतीय संस्कृति के मूल में सभी सुखी रहें की भावना पूर्ण रूप से निहित है। इस कारण हमारे ऋषि और मुनियों ने मानव जीवन को सुखी बनाने के लिए अनेक उपाय किए तथा इसमें से एक उपाय है योग। योग मानव जाति के लिए भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार है। योग शब्द संस्कृत के 'युज' धातु से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है जोड़ना। साधारण शब्दों में अभिप्राय है कि किसी अच्छे कार्य से खुद को जोड़ना।

महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योग सूत्र, योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। पतंजलि को योग के पिता के रूप में जाना जाता है। 21 जून 2015 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार मनाया गया था। 21 जून को उत्तरी गोलार्ध में साल का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन सूर्य जल्दी उगता है और सबसे देर में सूर्यास्त होता है। इसके अलावा भारत में 21 जून ग्रीष्मकालीन संक्रांति का दिन भी होता है। चित्त की प्रवृत्तियों को रोकना ही योग है। शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है। योग में अनुलोम विलोम, कपालभाति तथा ओम उच्चारण जैसे प्राणायाम से बहुत फायदे मिलते हैं। विश्व योग दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य योग के अद्भुत और चमत्कारी प्राकृतिक फायदों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है, ताकि योग के द्वारा विश्व के विभिन्न देशों के बीच आपसी भाईचारे, शांति व समन्वय को बढ़ाया जा सके। आसन की शक्ति शरीर में लचीलापन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जानी जाती है।

कहा भी जाता है कि योग सभी को नियमित रूप से करना चाहिए जिससे मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। एक स्वस्थ व्यक्ति अपने जीवन में बहुत लाभ कमा सकता है और स्वास्थ्य पूर्ण जीवन जीने के लिए नियमित योग बहुत ही आवश्यक है। आज के आधुनिक जीवन में तनाव काफी बढ़ चुका है और आसपास का पर्यावरण भी स्वच्छ नहीं है। परिणाम स्वरूप बड़े शहरों में रहने वाले लोगों को कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आजकल की जीवन शैली के अनुसार योग का हर स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय व अन्य संस्थाओं में होना बहुत जरूरी हो गया है। आजकल के युवा ज्यादातर मानसिक तनाव से जूझते रहते हैं जिसके चलते बच्चे गलत गतिविधियों का सहारा ले लेते हैं, इसलिए यदि बच्चे हर दिन योग करेंगे तो नशा व आत्महत्या जैसे मामलों में कमी आएगी, साथ ही बच्चे स्वस्थ और शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे। योग के बहुत लाभ हैं। प्राणायाम का अभ्यास करके मनुष्य तनाव को अपने जीवन से हमेशा के लिए दूर कर सकता है।


लेखक : लकेश चंदेल
बिलासपुर, हिप्र

दैनिक योग मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। योग के विभिन्न आसन शरीर को लचीला बनाते हैं जो कि एक स्वस्थ शरीर की निशानी होती है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ही मनुष्य की असली दौलत है, जिसे योग के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। योग ने अपने शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों व चमत्कारों के कारण दुनिया भर में अपनी एक अद्वितीय पहचान बनाई है। आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य अपना खानपान, आराम करने, निद्रा लेने सब बातों को भूल चुका है। परिणाम स्वरूप उसे अशांति व तनाव जैसे कारकों ने उसे घेर रखा है। मनुष्य अपने जीवन में यह सब भागदौड़ सुख की प्राप्ति के लिए ही करता है, परंतु इस भाग दौड़ के बावजूद भी उसे सुख शांति प्राप्त नहीं होती।

अत: हम कह सकते हैं कि योग एक ऐसी प्राकृतिक पद्धति है, जो मनुष्य को पूर्ण सुख शांति प्रदान करता है। योग, पूर्ण जैविक खेती के उत्पाद, शुद्ध वातावरणीय घटक, सकारात्मक सोच ऐसे पहलू है जो मनुष्य के जीवन को सुख, शांति, स्वास्थ्य पूर्ण रूप से प्रदान करते हैं। आमतौर पर शिक्षण संस्थानों में भी यह पाया गया है कि योग करने के परिणामस्वरूप बच्चों में पढ़ने के प्रति जागरूकता व ध्यान केंद्रित शक्ति में बढ़ावा आया है। योग शिक्षा जितनी कम उम्र से ली जाए, उतना ही शरीर को ज्यादा लाभ पहुंचाती है और वैसे भी बच्चों का शरीर बड़ों की तुलना में ज्यादा लचकदार होता है, इसलिए बच्चे आसानी से चीजों को ग्रहण कर लेते हैं। आजकल के बच्चे पहले के बच्चों की तुलना में घर से बाहर कम खेलते हैं, जिस वजह से बच्चे गैजेट्स आदि के सिवाय और कहीं अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। इस कारण बच्चों में शिक्षा के प्रति उदासीनता तथा विभिन्न प्रकार के रोगों का आगमन देखा गया है। योग बच्चों के मन मस्तिष्क को उसके कार्य के प्रति जागरूक करता है। योग से बच्चों की सहनशीलता बढ़ती है और मन शक्तिशाली होता है। योग अभ्यास से मन मस्तिक का संतुलन बना रहता है। अब जनसाधारण के जीवन में भी योग का महत्व प्रमाणित हो चुका है।

योगासन और प्राणायाम से मनुष्य का तन और मन दोनों स्वस्थ बनते हैं। शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। योगासनों से साधारण रोग ही नहीं बल्कि असाध्य रोग जैसे कैंसर, किडनी रोग, हृदय के रोग, मधुमेह रोग इत्यादि भी ठीक हो रहे हैं। अत: हम कह सकते हैं कि योग भगाए रोग। योग के महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संगठन ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया है। योग भारतीय संस्कृति की एक प्रमुख देन है, जो भारत को विश्व गुरु के रूप में दर्शाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध साहित्यकार, नाटककार और कहानीकार

**विष्णु प्रभाकर** अपने साहित्य में भारतीय वाग्मिता और अस्मिता को व्यंजित करने के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। उनका जन्म मीरापुर, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। इन्हें एक अन्य नाम 'विष्णु दयाल' से भी जाना जाता है। इनके पिता दुर्गा प्रसाद धार्मिक विचारधारा वाले व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी माता महादेवी पढ़ी-लिखी महिला थी, जिन्होंने अपने समय में पर्दा प्रथा का घोर विरोध किया था। उन्होंने कहानी, उपन्यास, नाटक, जीवनी, निबंध, एकांकी, यात्रा-वृत्तांत और कविता आदि प्रमुख विधाओं में अपनी बहुमूल्य रचनाएं की हैं। विष्णु प्रभाकर ने आकाशवाणी, दूरदर्शन, पत्र-पत्रिकाओं तथा प्रकाशन संबंधी मीडिया के प्रत्येक क्षेत्र में ख्याति प्राप्त की थी। 1931 में 'हिंदी मिलाप' में पहली कहानी दीवाली के दिन छपने के साथ ही उनके लेखन का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह जीवनपर्यंत निरंतर चलता रहा। नाथूराम शर्मा प्रेम के कहने से वे शरतचंद्र की जीवनी 'आवारा मसीहा' लिखने के लिए प्रेरित हुए, जिसके लिए वे शरतचंद्र को जानने के लिए लगभग सभी स्रोतों और जगहों तक गए। उन्होंने बांग्ला भाषा भी सीखी और जब यह जीवनी छपी, तो साहित्य में विष्णु जी की धूम मच गई। कहानी, उपन्यास, नाटक, एकांकी, संस्मरण, बाल साहित्य सभी विधाओं में प्रचुर साहित्य लिखने के बावजूद 'आवारा मसीहा' उनकी पहचान का पर्याय बन गई। इसके बाद में 'अर्द्धनारीश्वर' पर उन्हें बेशक साहित्य अकादमी पुरस्कार हिंदी प्राप्त हुआ, लेकिन 'आवारा मसीहा' ने साहित्य में उनकी एक अलग ही पहचान पुख्ता कर दी। ■


विष्णु प्रभाकर
जन्म : 21 जून, 1912
मृत्यु : 11 अप्रैल, 2009

## अपनी बात

**आज** दुनियाभर के देशों के लिए बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। बेरोजगारी का एक मुख्य कारण आधुनिक टेक्नोनॉजी मशीनें भी हैं। तकनीकी आविष्कारों का नकारात्मक असर हमारे देश में रोजगार पर पड़ा है। पहले जिस काम को दस मजदूर घंटों में करते थे, अब नई तकनीक से एक मशीन से एक ही व्यक्ति उस काम को कुछ ही मिनटों में कर रहा। इन मशीनों को तैयार करने के लिए भी मशीनों का ही सहारा लिया जाता है। भारत में इन मशीनों का निर्माण भी न के बराबर है। इस कारण भी नई तकनीक भारत में रोजगार के लिए अभिशाप मानी जा सकती है। ऐसा नहीं कि आधुनिक टेक्नोलॉजी एआई के नकरात्मक परिणाम हैं, इसके सकरात्मक पहलू भी हैं, लेकिन हमें भी भी सोशल मीडिया के युग में सतर्क और जागरूक रहना होगा।

**-नवीन शर्मा, दरंग**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# भारत ने धर्म, अध्यात्म और ज्ञान-विज्ञान में दुनिया का किया मार्गदर्शन

जैसे शिखरों में हिमालय श्रेष्ठ है, वैसे ही समस्त दर्शनों, नीतियों, नियमों, धर्मों और व्यवस्थाओं में योग श्रेष्ठ है। भारत ने दुनिया को धर्म, अध्यात्म और ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में हमेशा महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया है। यह सही है कि आर्थिक प्रगति के दौर में हमने बेशक भौतिक रूप से काफी तरक्की कर ली हो, लेकिन हमारे मन-मस्तिष्क में अनेक विकृतियां भी पैदा हो रही हैं, जिन्हें केवल योग के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है।

आज के चिकित्सा शोधों ने भी साफ तौर पर साबित कर दिया है कि योग शारीरिक और मानसिक रूप से मानव जाति के लिए वरदान है, क्योंकि यह न केवल हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यासों को एकीकृत करता है, बल्कि इससे शरीर में लचीलापन, शक्ति, मानसिक स्पष्टता, तनाव में कमी इत्यादि साफ तौर पर देखी जा सकती है। हर साल 21 जून को दुनिया भर के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए एकजुट होते हैं। यह दिन योग की प्राचीन भारतीय प्रथा और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए इसके कई गुना लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगांठ की 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम इस प्राचीन अभ्यास के सार को पूरी तरह से व्यक्त करती है। योग केवल व्यक्तिगत कल्याण के बारे में नहीं है, यह आंतरिक आत्म और बाहरी दुनिया के बीच संबंध को बढ़ावा देता है। वैसे भी 'योग' शब्द जो कि संस्कृत मूल 'युज' से लिया गया है और जिसका अर्थ है 'जुड़ना' या 'जोड़ना' या 'एकजुट होना'। वह भी कहीं न कहीं यही संदेश देता है कि योग का लगातार अभ्यास न केवल व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना के साथ जोड़ता है, बल्कि मन और शरीर, मनुष्य और प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य का संकेत देता है

आम तौर पर, जब हम 'योग' शब्द सुनते हैं, तो सबसे पहले हमारे दिमाग में जो छवि आती है, वह है हमारी शारीरिक भलाई, यानी विभिन्न आसन और प्राणायाम और कुछ शारीरिक मुद्राएं, परंतु योग इतने तक ही सीमित नहीं है, वह तो जीवन जीने की ऐसी कला है जो धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे के रूप में समाहित एक विज्ञान है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जैसे शिखरों में हिमालय श्रेष्ठ है, वैसे ही समस्त दर्शनों, विधियों, नीतियों, नियमों, धर्मों और व्यवस्थाओं में योग श्रेष्ठ है। योग हमारी सांस्कृतिक विरासत है और हमारे प्राचीन और समृद्ध शास्त्रों ने हमें पूरी मानव जाति के लिए खुशी, सद्भाव और कल्याण प्राप्त करने की तकनीक दी है। यही कारण है कि हम योग के 'विश्व गुरु' हैं। भारत में आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार मुख्य समस्या है, जिसके कारण देश की आर्थिक स्थिति लगातार गिरती जा रही है, लेकिन अगर हमें स्वास्थ्य की बात करें, तो यह कुछ हमारे ऊपर भी निर्भर करता है कि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति कितने जवाबदेह हैं।


लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी स्कूल

योग भारत की अमूल्य धरोहर है,, इसके बावजूद भी हम भारतीय योग और ध्यान क्रिया से बहुत दूर हैं। क्या हम भारतीय इतने लापरवाह हो चुके हैं कि हम अपनी ही धरोहर को अपनाना नहीं चाहते? ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग से जोड़ने के लिए सबसे पहले, हमें प्रशिक्षण और कौशल विकास को बढ़ाने की जरूरत है। वैश्विक प्रमाणन के माध्यम से योग के मानकीकरण की दिशा में योग गुरुओं, प्रमुख संस्थानों और योग के स्कूलों को शामिल करते हुए एक व्यवस्थित प्रयास किया जाना चाहिए। ऐसे योग पेशेवरों और शिक्षकों के लिए बेंचमार्किंग और उच्च मूल्यों और मानकों को स्थापित करने की प्रक्रिया भी अपनानी चाहिए जो पढ़ाने के लिए उचित रूप से योग्य हों। भारत के साथ-साथ विदेशों में उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की भारी मांग को पूरा करने के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना संस्थानों के माध्यम से महत्वपूर्ण है, जो मजबूत मानकों के साथ योग में उच्च शिक्षा प्रदान करते हैं। योग के असंख्य लाभों का समर्थन करने के लिए साक्ष्य-आधारित शोध तैयार करने पर भी जोर दिया जाना चाहिए। योग, एक सॉफ्ट स्किल के रूप में योग स्कूलों को क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करके और बुनियादी, पेशेवर, विशेषज्ञता स्तर पर पाठ्यक्रम पेश करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके आगे बढ़ाया जा सकता है।

पुरानी कहावत है कि शरीर बदलेगा तो मन बदलेगा, मन बदलेगा तो बुद्धि बदलेगी, बुद्धि बदलेगी तो आत्मा स्वत: ही स्वस्थ हो जाएगी और इसीलिए योग जीवन में अनिवार्य दिनचर्या के रूप में शामिल होना चाहिए। अगर आप नियमित योग करते हैं तो आपका शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है। इससे आपके मन, मस्तिष्क का विकास होता है। योग को अपने जीवन में शामिल करने के लिए हमें किसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जरूरत नहीं है। अगर किसी चीज की जरूरत है, तो वह आपके आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की है। आइए स्वस्थ भारत की कल्पना के लिए योग और मेडिटेशन को अपने जीवन में शामिल कर एक स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाते हैं और भारतीय धरोहर योग व ध्यान को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी हमारी इस धरोहर को जान सकें और इस पर गर्व महसूस कर सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### वशिष्ट स्कूल के छात्र का मर्चेंट नेवी में चयन


हिमांशु ठाकुर

**राजेश शर्मा, ऊना।** भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय द्वारा बीटेक एंट्री-2024-25 के लिए वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्र हिमांशु ठाकुर का चयन हुआ है। हिमांशु ठाकुर ने पूरे भारतवर्ष में ऑल इंडिया रैंक -77 हासिल किया है। मर्चेंट नेवी में इस रैंक को हासिल करना बहुत बड़ी उपलब्धि है।यह स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है। हिमांशु ठाकुर का बचपन से ही सपना था कि वह मर्चेंट नेवी में सेलेक्ट हो जिसके लिए उसने कड़ी मेहनत की। हिमांशु ठाकुर के पिता जोध सिंह ठाकुर तथा माता श्वेता ठाकुर ने इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के स्टाफ तथा सौहार्दयपूर्ण वातावरण को दिया। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट जी ने इस उपलब्धि के लिए हिमांशु ठाकुर तथा उसके अभिभावकों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### सिक्योरिटी गार्ड के लिए साक्षात्कार 25-26 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा 100 पद सिक्योरिटी गार्ड के पुरुष वर्ग में भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 25 जून को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना और 26 जून को उपरोजगार कार्यालय अंब में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष तथा ऊंचाई 168 सेंटीमीटर होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी को 16,500 से 19,500 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण पत्र व बायोडाटा सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पिपलू मेले में विधायक ने निभाई अहम भूमिका : शर्मा


मेले में गणमान्य को सम्मानित किया गया।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** पिपलू मेला का सफल समापन हो गया है। इस मेले के प्रबंधन में हमारे विधायक विवेक शर्मा ने अहम भूमिका निभाई है। जिला यूथ कांग्रेस के महासचिव व सोशल मीडिया इंचार्ज अभिषेक शर्मा ने इसे सफलतापूर्वक समाप्त करने पर खुशी जताई। पिपलू मेले में लोगों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और अपनी परंपरागत विरासत को जीवंत बनाया। मेले में विभिन्न स्थानीय खाद्य पदार्थों का परिचय भी दिया गया, जिससे स्थानीय व्यापारियों को भी उनका बाजार मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### डॉ. अतुल ने बंगाणा अस्पताल में कार्यभार संभाला



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के सिविल हॉस्पिटल बंगाणा मे स्त्री रोग विशेषज्ञ तैनात हो गए हैं । अतुल राणा के बंगाणा क्षेत्र में आने से लगभग 15 पंचायतों के लगभग सैकड़ों परिवारों को लाभ मिलेगा। अब महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञ से जुड़ी समस्या के लिए अन्य स्थानों का रुख नहीं करना पड़ेगा। पहले 35-40 किलोमीटर का सफर तय करके ऊना या हमीरपुर जाना पड़ता था। अब समय तथा धन दोनों की बचत होगी। बंगाणा और साथ लगते क्षेत्रों की जनता की बार-बार मांगों को देखते हुए सरकार द्वारा डॉ. अतुल राणा (स्त्री रोग विशेषज्ञ) को बंगाणा में अस्थायी रूप से तैनात कर दिया गया है, इसके लिए कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता ने नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त किया है । अब आम जनता की सरकार से यही गुजारिश है कि यहां अब डॉ. अतुल राणा की स्थायी नियुक्ति के साथ ऑपरेशन थिएटर का भी प्रबंध किया जाए ताकि उन्हें समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री ने 356.72 करोड़ की विकास योजनाओं के किए लोकार्पण और शिलान्यास

## ऊना और हरोली विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा लाभ

**राजेश शर्मा, ऊना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को ऊना जिले के ऊना और हरोली विधानसभा क्षेत्रों के लिए 356.72 करोड़ रुपए की सात विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। इस अवसर पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने पेखूबेला में 220 करोड़ रुपए की 32 मेगावाट डीसी क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना, 92 लाख रुपए के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन पीरनिगाह (बसोली) और ऊना विधानसभा क्षेत्र के लिए 42 लाख रुपए की स्वास्थ्य उपकेंद्र जंकार का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हरोली क्षेत्र में विकास योजनाओं का शिलान्यास करते हुए, उनके साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधायक सुदर्शन बबलू और विवेक शर्मा विक्कू आदि मौजूद रहे।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पन्जुआना में प्रशासनिक और टाउनशिप ब्लॉक से कुठेड़ बीट में बल्क ड्रग पार्क के फेक्टरी गेट तक 42.04 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले संपर्क मार्ग, 73.84 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले प्रशासनिक और आवासीय ब्लॉक बल्क ड्रग पार्क परियोजना, 14.44 करोड़ रुपए की लागत से पोलियां गांव में बल्क ड्रग पार्क स्थल के लिए 10 एमवीए बिजली आपूर्ति और हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के 132/33 केवी सब-स्टेशन के समीप टाहलीवाल में 15.83 करोड़ रुपए की लागत से 220/132 केवी 100 एमवीए सब स्टेशन (50 एमवीए की अधिकतम सीमा के साथ) स्थापित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# गगरेट अस्पताल के लिए 1.60 करोड़ रुपए मंजूर, दो माह में तैयार होगा भवन

**सन्नी पुरी, गगरेट**

विधायक राकेश कालिया के अथक प्रयासों की बदौलत पिछले माह से रुका हुआ नागरिक अस्पताल गगरेट के निर्माणाधीन नए भवन का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 1.60 करोड़ रुपए का बजट जारी हो गया है।



करीब तीन महीने से बंद पड़ा निर्माण कार्य एक सप्ताह के भीतर दोबारा शुरू हो जाएगा। इसके बाद आगामी दो माह यानी अगस्त में चार मंजिला भवन बनकर तैयार हो जाएगा। वर्तमान में नागरिक अस्पताल गगरेट पुराने और छोटे भवन में चल रहा है। इस कारण से अस्पताल में नई मशीनें स्थापित नहीं हो पा रही थीं। यहां स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भवन का विस्तार आवश्यक था। करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे अस्पताल भवन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बता दें कि भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए बजट न मिलने के कारण करीब तीन माह तक कार्य बंद था। मगर अब आचार संहिता हटने के बाद लंबित बजट भी जारी हो गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने लोक निर्माण विभाग को लंबित पड़े निर्माण कार्य को भी एक सप्ताह के भीतर शुरू करने के लिए कहा है।

बता दें कि चार मंजिला नए भवन में आधुनिक लिफ्ट सहित मरीजों के इलाज के लिए आधुनिक उपकरण और विशेषज्ञ चिकित्सक भी तैनात होंगे। ब्लड बैंक सहित इस भवन में मोर्चरी की भी सुविधा होगी।

इससे पहले पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना जाना पड़ता था। इसके अलावा गगरेट अस्पताल में बेड की संख्या को सरकार की तरफ 50 बेड किया गया है। मगर वर्तमान में पुराने भवन में अस्पताल चल रहा है, ऐसे में यहां केवल 20 बेड ही लगाए गए हैं।

वहीं, नए भवन में अल्ट्रासाउंड, क्रस्ना लैब सहित अन्य सुविधाएं भी मरीजों को मिलेंगी। अस्पताल में चिकित्सकों और मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए अलग-अलग कैंटीन की सुविधा होगी। नए भवन के कार्य को अगस्त माह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लोगों को जल्द से जल्द नए भवन का लाभ मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## शिमला ने मंडी को 5 विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत मंडी का मुकाबला शिमला के साथ ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया। शिमला की टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मंडी की टीम ने पहले खेलते हुए 31 ओवर के मैच में 4 विकेट खोकर 150 रन बनाए। शिवानी ने 62 नाबाद रनों की पारी खेली। शिमला की निकिता चौहान और कशिश वर्मा ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया।

शिमला की टीम ने अपना लक्ष्य 28.2 ओवर में पांच विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। निकिता चौहान ने 87 रन बनाए। निकिता चौहान और नीना चौधरी ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। शिमला ने मंडी को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

# बल्क ड्रग पार्क प्रदेश के लिए एक क्रांतिकारी शुरुआत : मुख्यमंत्री

**कहा-उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री क्षेत्र के विकास के लिए रहते हैं चिंतित**

**राजेश शर्मा, ऊना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना जिले के हरोली पंजुवाना में बल्क ड्रग पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश के इतिहास में एक क्रांतिकारी शुरुआत है, जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होने से आय में भी बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने कहा राज्य सरकार बल्क ड्रग पार्क में लगने वाले उद्योगों को एक रुपए की दर से भूमि, तीन रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली और दस साल तक निशुल्क पानी की सुविधा उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैजों से पोलियां तक पांच किलोमीटर लंबी रेललाइन बिछाने के लिए राज्य सरकार बजट का प्रावधान करेगी, जिस पर 3400 करोड़ रुपए खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि 48 घंटे के भीतर जिला ऊना को दो बड़ी सौगातें मिली हैं। राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि की शुरुआत जिला ऊना के हरोली से की और आज बल्क ड्रग पार्क परियोजना के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि प्यारी बहना योजना के तहत महिलाओं को एक साल में 18 हजार रुपए मिलेंगे।

राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया है। राज्य सरकार विधवाओं को घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए की आर्थिक मदद देगी और 27 वर्ष तक उनके बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन करेगी। प्रदेश के 9 हजार दिव्यांग बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए सोलन जिले के कंडाघाट में एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जा रहा है। पिछली भाजपा सरकार केंद्र तथा प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने का दम भरती थी, लेकिन उन्होंने सत्ता में रहते हुए सरकारी खजाने का दुरुपयोग किया, जिसकी वजह से आज हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति पर 1.25 लाख रुपए का कर्ज है।

वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने चुनाव क्षेत्र हरोली के लिए बहुत काम किया है और वह हमेशा क्षेत्र के विकास की चिंता करते हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बल्क ड्रग पार्क के निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से एक हजार करोड़ रुपए उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्क में अब कोई प्राइवेट एजेंसी नहीं होगी। इस परियोजना से वॉलीबॉल, कुठार बीत और पोलियां क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा।

नैहरियां से पेखूबेला और पेखूबेला से पोलियां तक बिजली लाई जाएगी। इस अवसर पर विधायक सुदर्शन बबलू, विवेक विक्कू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, मंडल अध्यक्ष विनोद बिट्टू, निदेशक उद्योग राकेश प्रजापति, उपायुक्त जतिन लाल सहित अन्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सगूर**
**विकाख खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सर्व** साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सगूर द्वारा प्रस्ताव संख्या 04 दिनांक 06-06-2024 को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने का प्रस्ताव पास किया गया है, जिसमें निम्न निर्माण सामग्री ली जाएगी। जिस वेंडर के रेट कम होंगे, उसको सप्लाई आर्डर दिया जाएगा और 25000 रुपए की एफडीआर ग्राम पंचायत सगूर के नाम प्लज होगी। अगर वेंडर घटिया सामग्री देगा या सप्लाई आर्डर देने में एक सप्ताह तक सामग्री नहीं देगा तो उसकी कुटेशन को रद्द करके नई कुटेशन काल कर ली जाएगी और वेंडर से सामग्री लेते समय HP MINERAL RULES 2015 अनुसार XY प्रस्तुत करने उपरांत ही ठेकेदार/वेंडर को भुगतान किया जाएगा। कुटेशन दिनांक 26-06-2024 तक 5:00 बजे ली जाएगी।

1. रेता क्रशर दर प्रति फुट, 2. क्रशन 20-40 प्रति फुट, 3. क्रशर गटका 63-90 प्रति फुट, 4. बोल्डर पत्थर (फाड़ा) प्रति फुट, 5. बोल्डर सोलिंग प्रति फुट, 6. ईंट अव्वल प्रति ईंट, 7. ईंट दोम प्रति ईंट। सेटरिंग फट्टा प्रति स्क्वेयर फुट । सेटरिंग प्लेट प्रति फुट। जीप भाड़ा सीमेंट पंचरुखी से सगूर निर्माण कार्य तक व सीमेंट लेबर उतराई/चढ़ाई। निर्माण कार्य डिस्प्ले बोर्ड 2x3 दर प्रति बोर्ड।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सगूर**
**विकाख खंड पंचरुखी**
**जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

# कुटलैहड़ से भाजपा-कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों की दूरी क्यों?

## करीब 7 सालों से कुटलैहड़ में किसी भी मुख्यमंत्री ने नहीं किया गैर चुनावी दौरा

**अभिषेक कुमार, ऊना**

बीते सात सालों से कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में किसी भी मुख्यमंत्री का गैर चुनावी दौरा नहीं हुआ है। ऊना जिले के तहत कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में बीते लगभग 7 सालों में किसी भी मुख्यमंत्री का कोई दौरा न होने के कारण क्षेत्र के विकास में बाधा बनता नजर आ रहा है।

बताते चलें कि वर्तमान कांग्रेस की सरकार से पूर्व प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तब जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री थे और कुटलैहड़ से भाजपा के विधायक वीरेंद्र कंवर थे, जो कि कैबिनेट में मंत्री थे, लेकिन इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोई भी कुटलैहड़ का दौरा नहीं किया था, जिससे कुटलैहड़ क्षेत्र को कुछ लाभ हुआ हो। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को भी लगभग दो साल होने को हैं, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह केवल चुनावों में ही कुटलैहड़ में पहुंचे हैं। बात विकास की करें तो कोई भी बड़ा प्रोजेक्ट कुटलैहड़ को देने में दोनों ही सरकारें अब तक असमर्थ रही हैं। इसके पीछे का क्या कारण है, यह कुटलैहड़ की जनता जानना चाहती है।

एक मजेदार किस्से के साथ आपको पूरी कहानी समझाते हैं। जब प्रदेश में भाजपा सरकार थी तो कुटलैहड़ विधानसभा के पिपलू में होने वाले जिला स्तरीय मेले में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को मेले में बुलाया गया।

पूरी तैयारियां हो चुकी थीं, जगह-जगह बैनर लग चुके थे, कई उद्घाटन होने थे, लेकिन जयराम ठाकुर कुटलैहड़ मेले में नहीं पहुंचे। इस कारण लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। परिणाम स्वरूप कुटलैहड़ विधायक वीरेंद्र कंवर चुनाव हार गए। इसके उपरांत 2022 में कांग्रेस की सरकार बनी।

देवेंद्र भुट्टो विधायक बने, फिर हर जगह बैनर लगे कि मुख्यमंत्री मेले में आ रहे हैं, फिर भी मुख्यमंत्री सुक्खू नहीं आए। 14 महीने के देवेंद्र भुट्टो के कार्यकाल में सीएम एक बार भी गैर चुनावी दौरा कुटलैहड़ का नहीं कर पाए। इस बार प्रदेश में उपचुनाव हुआ। कुटलैहड़ से विवेक शर्मा विधायक बने।

विवेक शर्मा तो मुख्यमंत्री के चहेते माने जाते हैं। उन्होंने भी मुख्यमंत्री को मेले का निमंत्रण दिया, लेकिन इस बार भी मुख्यमंत्री नहीं पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्रियों द्वारा कुटलैहड़ की अनदेखी बार-बार हो रही है, ऐसे में लोगों का रोष बढ़ता जा रहा है।

लोगों ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री सुक्खू भी ऐसा ही करते रहे तो इतिहास फिर दोहराया जाएगा। लोगों का कहना यह भी है कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह का कोई विधायक कुटलैहड़ से नहीं होने के बावजूद भी वह कई बार कुटलैहड़ पहुंचे और कुटलैहड़ का निस्वार्थ भाव से विकास करवाया। लोगों का कहना है कि उनके जैसा नेतृत्व या मुख्यमंत्री न तो कभी कांग्रेस के पास होगा और न ही भाजपा के पास। (अनंत ज्ञान)

# अंबेहड़ा स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष बने सतीश कुमार


सतीश कुमार अपने अन्य सदस्यों तथा स्कूल स्टाफ के साथ।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंबेहड़ा में सत्र 2024-2027 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन संपन्न हुआ। इसमें सतीश कुमार को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस पद के लिए सतीश कुमार को 57 व विशबिंद्र कुमार को 35 मत मिले।

इस अवसर पर पंचायत अंबेहड़ा की प्रधान अंजू शर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस मौके पर अंबेहडा स्कूल प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया जिसमें सतीश कुमार अध्यक्ष, वहीं सुग्रीव कुमार, पवन कुमार, राज कुमार, बलवान सिंह, राधेश्याम, होशियार सिंह, अविनाश, दविन्द्र, सुषमा देवी, डिंपल, सुनीता, नीतू, पूनम रीना, पिंकी देवी सहित अन्य कमेटी सदस्य चुने गए।

वहीं, नव निर्वाचित अध्यक्ष सतीश कुमार ने आश्वासन दिलाया कि वह जिम्मेदारी पर खरा उतरने की हरसंभव कोशिश करूंगा। (अनंत ज्ञान)

# जिला परिषद अपनी भूमि पर बनाएगी व्यावसायिक परिसर

**राजेश शर्मा, ऊना**


जिला परिषद सदस्य अपनी भूमि की निशानदेही कराते हुए।

ऊना जिला परिषद ने भड़ोलियां खुर्द में अपनी भूमि की निशानदेही करवाई है, जो कि वर्षों से यह भूमि वीरान पड़ी थी। बुधवार को राजस्व विभाग के कानूनगो, पटवारी व अन्य कर्मियों ने जिला परिषद सदस्यों की मौजूदगी में भूमि की निशानदेही की। अब जल्द जिला परिषद इस भूमि पर अपना कब्जा करेगा। इसके बाद उक्त भूमि का व्यावसायिक इस्तेमाल होगा।

ऊना के एडीसी ने राजस्व विभाग को निशानदेही करने के निर्देश दिए थे। जिला परिषद के उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा ने कहा कि भडोलियां खुर्द में जिला परिषद भूमि आती है। इस मुद्दे को जिला परिषद की बैठक में उठाया गया था। इस पर भूमि की निशानदेही करवाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था।

इसी के चलते आज भूमि की निशानदेही करवाई गई है। इस भूमि पर कब्जा करने के बाद यहां पर काम्प्लैक्स बनाने की योजना है। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा, जिला परिषद सदस्य अशोक धीमान, एसडीओ मंजीत सिंह,एसडीओ राकेश कुमार, जिला परिषद वरिष्ठ सहायक राज कुमार, रणवीर आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## 24 और 25 को होगा रक्षा पेंशन संबंधी समाधान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों की पेंशन संबंधी समस्याओं व उनके समाधान के लिए रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक कार्यालय पेंशन प्रयागराज का एक दल 24 व 25 जून को योल कैंप, धर्मशाला के सभागार में मौजूद रहेगा। यह जानकारी उपनिदेशक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया ने दी। उन्होंने बताया कि जिन भूतपूर्व सैनिकों या उनके परिवारजनों को पेंशन संबंधी समस्या है, वे योल कैंप में उपस्थित होकर अपनी समस्या बता सकते हैं। इसके अलावा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में अपनी समस्या बता सकते हैं, ताकि ऐसे मामलों को समाधान के लिए दल तक पहुंचाया जा सके।

## नुकसान — बुधवार देर रात तूफान से लोगों को आई परेशानी

# नलवाड़ी-तलमेहड़ा सड़क पर यातायात रहा बाधित

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**


नलवाड़ी-तलमेहड़ा सड़क पर गिरा हुआ पेड़ जिससे यातायात प्रभावित रहा।

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र में बुधवार देर शाम को भारी वारिश होने से जहां पर प्रचंड गर्मी से राहत मिली, वहीं पर जंगलों में पिछले दिनों शरारती तत्वों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर जंगल जलाने से आग पर भी कुछ हद तक काबू हुआ और जंगली जानवरों को भी पीने के लिए पानी मिला।

वहीं पर बुधवार देर रात को भारी तूफान तथा हल्की बूंदाबांदी होने पर जहां पर मौसम में थोड़ा बदलाव आया, वहीं पर तूफान आने से कई घरों की टीम पोश शेड तथा डिश आदि उखाड़ फेंकी तथा आम की फसल को भी नुकसान हुआ। इसके अलावा नलबाड़ी-तलमेहड़ा सड़क के मध्य कोकरा गांव के नजदीक मेन सड़क पर आम के पेड़ की बड़ी-बड़ी शाखाएं गिरने से लगभग आठ से दस घंटे यातायात प्रभावित रहा।

हालांकि उस बड़े पेड़ को सड़क से हटाने में गांव वालों में अशोक ठाकुर, तरसेम लाल, अजय ठाकुर, रवि ठाकुर, विनय भारद्वाज सहित अन्य युवाओं ने मिलकर सहयोग कर यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने में मदद की।

लोनिवि बंगाणा के सहायक अभियंता संजीब गौत्तम ने कहा कि विभाग द्वारा पेड़ को काटकर सड़क से हटाकर यातायात सुचारु रूप से खोल दिया है। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कैलाशपुर**
**विकास खंड पंचरुखी तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के निर्माण हेतु वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

अतः दिनांक 24-06-2024 को शाम पांच बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कैलाशपुर/प्रधान महोदय जी के पास इच्छुक सप्लायर अपनी-अपनी निविदाएं जमा करवा सकते हैं तथा दिनांक 25-06-2024 को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत कैलाशपुर में समस्त पंचायत पदाधिकारियों के समक्ष खोली जाएंगी। सप्लायर के पास जीएसटी नं. होना आवश्यक है। यदि सप्लायर समय पर सामग्री की सप्लाई नहीं करता है तो उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी।

| क्र. सं. | नाम वस्तु विवरण |
|---|---|
| 1. | क्रैशर रेत |
| 2. | क्रैशर बजरी |
| 3. | बोल्डर |
| 4. | ईंटें I, II |
| 5. | सेटरिंग (लकड़ी स्टील) |
| 6. | सीमेंट किराया वलेवर पंचरुखी से कार्य स्थल तक |
| 7. | साइन बोर्ड |

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कैलाशपुर**
**विकास खंड पंचरुखी तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**



## न्यूज ब्रीफ

### इन जगह योग अभ्यास सत्र होंगे आयोजित

**कमलेश वर्मा, केलांग।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भी योग अभ्यास कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी लाहौल-स्पीति डॉक्टर बनिता शर्मा ने बताया कि जिले के तीन उपमंडल मुख्यालय के विभिन्न स्थलों पर प्रातः सात बजे से योग अभ्यास सत्र कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुझाए गए विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' के तहत लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित बनाई जा रही है और लोगों से डॉक्टर बनिता शर्मा ने कल शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाने वाले योग अभ्यास सत्र के दौरान बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। उन्होंने योग को दैनिक दिनचर्या में भी शामिल करने की बात कही और निरोग तथा स्वस्थ रहने के लिए अपने जीवन शैली में योग को अपनाने की भी सलाह दी है। आयुष विभाग लाहौल-स्पीति की ओर से जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम अटल टनल नॉर्थ पोर्टल पर आयोजित किया जा रहा है। इसी तरह से स्पीति उपमंडल में काजा के लोसर, गियू, किह मॉनेस्ट्री व कुंजुम दर्रा तथा केलांग में सीमा सड़क संगठन के स्टिंगरी कैंप, दालंग आर्मी ट्रांजिट कैंप, कारगा आइटीबीपी कैंप, कारदंग मॉनेस्ट्री तथा उदयपुर उपमंडल के त्रिलोकनाथ मंदिर, आईटीआई उदयपुर के कैंपस में भी योग अभ्यास सत्र करवाए जाएंगे। बनिता ने बताया कि लाहौल-स्पीति के स्कूलों, महिला मंडल विभिन्न पंचायतों में भी योग की गतिविधि को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### दिव्यांगता शब्द की गहनता के बारे में बताया



**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** आश बाल विकास केंद्र कुल्लू में वीरवार को साम्फिया फाउंडेशन के इंटर्नशिप स्टूडेंट्स को दिव्यांगता के विषय पर जागरूक करने के लिए कार्यशाला आयोजित की। इस मौके पर देश की विभिन्न नामी यूनिवर्सिटी में पढाई कर रहे छात्रों को दिव्यांगता शब्द की गहनता के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने बताया कि आजकल विद्यार्थियों के शैक्षणिक अध्याओं में समाजिक विकास परियोजना को बहुत महत्व दिया जाता है, जो कि एक सराहनीय पहल है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थिओं को अपने पाठन सामग्री के साथ-साथ किसी एनजीओ में समाजिक विकास के कार्यों के लिए जुड़ना होता है। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि इस वर्ष हमारे संस्थान में देश की विभिन्न यूनिवर्सिटी के साथ- साथ विदेश के हाई स्कूल से भी छात्र इंटर्नशिप के लिए आए हैं, जिनमें इस समय यूनाइटेड अरब अमिरात के कैंब्रिज हाई स्कूल अबुढाभी से भी एक छात्र हमारे संस्थान में इंटर्नशिप कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### 19 बच्चों ने उत्तीर्ण की छात्रवृत्ति की परीक्षा

**एसपी जैरथ, नाहन।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरिपुरधार स्कूल ने मिडिल मेरिट स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति योजना के प्रथम चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही पाठशाला से 19 बच्चों ने प्रथम चरण की परीक्षा उत्तीर्ण की। इससे पूर्व इसी छात्रवृत्ति योजना के तहत तीन बच्चे अभिषेक छिंटा, लविश राणा व वंशिका शर्मा 180000 प्रति छात्र छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बच्चों को प्राइवेट पाठशालाओं से निकालकर इस सरकारी पाठशाला में दाखिला देना शुरू कर दिया है। तीन-तीन प्राइवेट पाठशाला होने के बावजूद भी इस छोटे से कस्बे में 140 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पाठशाला में दाखिला पाने के लिए जिला शिमला के कुपवी क्षेत्र व शिलाई विधानसभा क्षेत्र से भी लगभग 15 से 20 किलोमीटर के दायरे से लोग स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### एकल गान प्रतियोगिता में स्वस्तिक प्रथम



**कमलेश वर्मा, मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में प्रातः कालीन सभा के दौरान एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। यह प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से पांचवीं के छात्रों के लिए आयोजित की गई। इसमें लगभग 10 बच्चों ने भाग लिया। सभी ने अपनी-अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को खूब लुभाया। इस प्रतियोगिता में कक्षा चौथी के स्वास्तिक ठाकुर ने प्रथम स्थान, कक्षा तीसरी की सृष्टि ने दूसरा स्थान तथा कक्षा चौथी के स्वास्तिक ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने सभी एकल गायन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को उनकी बेहतरीन प्रस्तुति को खूब सराहा। (अनंत ज्ञान)

# केलांग-जंस्कार रोड पर चार जगह खराब पाई गई सड़क

## सड़क की हालत ठीक होते ही कुछ दिनों में शुरू हो जाएगी बस सेवा, बस ट्रायल से पहुंची पददुम

**कमलेश वर्मा, केलांग**

सामरिक महत्व से महत्वपूर्ण कारगिल के लिए एचआरटीसी बस सेवा शुरू करने जा रहा है। वीरवार को एचआरटीसी ने बस का ट्रायल किया। हालांकि बस जंस्कार पहुंच गई, लेकिन चार जगह सड़क खराब पाई गई।

कारगिल विकास प्राधिकरण ने एचआरटीसी से बस के संचालन का आग्रह किया था। ऐसा पहली बार है, जब एचआरटीसी बस केलांग से दारचा और शिंकुला दर्रे से जांस्कर घाटी होते हुए पददुम तक पहुंचेगी। लद्दाख हिमाचल के लाहौल-स्पीति जिले का सीमावर्ती क्षेत्र है। केलांग से शिंकुला दर्रा होकर जांस्कर घाटी के लिए बीआरओ ने बड़े वाहनों के लिए सड़क तैयार की है। भारत का सीमावर्ती क्षेत्र होने के चलते निगम की बस सेवा शुरू होने से यहां तैनात सैनिकों को आवाजाही करने में सुविधा प्राप्त होगी।



केलांग-जंस्कार रूट पर एचआरटीसी बस के ट्रायल को बस रवाना करते हुए आरएम केलांग सहित अन्य अधिकारी।

दूसरी और हालांकि लेह में पर्यटन चरम पर है, लेकिन जंस्कार घाटी में बहुत कम पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन अब शिंकुला होते हुए जंस्कार लाहौल से जुड़ गया है, जिस कारण पर्यटन भी बढ़ा है। लद्दाख में तेजी से पर्यटन विकास हो रहा है, ऐसे में बस सेवा शुरू होने से सैलानियों के लिए भी आना-जाना आसान हो जाएगा। अक्तूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर स्टेट ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन की बसें यहां चलती थीं, लेकिन लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मिलने के बाद बस सेवा बंद कर दी गई।

बीते करीब पांच सालों से लद्दाख में सार्वजनिक परिवहन बस सेवा उपलब्ध नहीं है। लद्दाख के लोगों को सार्वजनिक परिवहन बस सेवा उपलब्ध करवाना एचआरटीसी के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। (अनंत ज्ञान)

### ट्रायल के लिए सुबह 6 बजे केलांग से रवाना हुई बस

आरएम राधा देवी ने बताया कि केलांग से पददुम वाया दारचा, शिंकुला के लिए वीरवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम की 37 सीटर बस संख्या एचपी 42-3164 ट्रायल के लिए सुबह 6 बजे केलांग से रवाना हुई। बस के साथ चालक मनोज कुमार तथा परिचालक आयुष ठाकुर कार्यरत थे। निगम के प्रबंध निदेशक रोहन ने गठित निरीक्षण कमेटी जिसमें राधा देवी स्वयं, कार्य प्रबंधक कुल्लू आयुष उपाध्याय एवं निरीक्षक मान चंद के अतिरिक्त केलांग क्षेत्र के वरिष्ठ लेखा परीक्षक उमेश शर्मा भी बस के साथ पदम के लिए रवाना हुए। बस लगभग तीन बजे पदम पहुंची। पदम जंसकर पहुंचने पर सदस्यों ने एसडीएम पदम रोमिल सिंह से मुलाकात की तथा उनको बस के सफल ट्रायल के बारे में अवगत करवाया।

> लद्दाख का हिमाचल से घनिष्ठ संबंध है। जंस्कार के अधिकतर लोग कुल्लू मनाली में रहते हैं। जम्मू और दिल्ली जाने को भी हिमाचल से होकर सफर करते हैं। केलंग से कारगिल करीब 160 किलोमीटर है। एचआरटीसी विश्वसनीय बस सेवा है। इसलिए कारगिल के लिए बस सेवा शुरू करने का आग्रह किया गया था। आज बस के घाटी में पहुंचने से खुशी का माहौल है।
>
> **पुंचोक ताशी, डिप्टी मिनिस्टर, स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद, कारगिल, लद्दाख।**

### कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सौंपा ज्ञापन


**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल जिला संयोजक की अध्यक्षता में डीएसपी मनाली से मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने मनाली में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डीएसपी मनाली केडी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एबीवीपी के जिला संयोजक सारांश ने बताया कि मनाली में बीते कुछ दिन से कानून व्यवस्था का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले इंटरनेट के माध्यम से एक वीडियो सामने आई थी, जिसमें बाहरी राज्यों के कुछ युवक मनाली क्षेत्र में दराट से हमला कर रहे थे, जिसका वीडियो इंटरनेट में वायरल हुआ था। इस घटना के बाद से मनाली में एक डर का माहौल बना हुआ है। देवभूमि हिमाचल के मनाली में इससे पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें एक नशेड़ी युवक द्वारा चाकू मारकर चार लोगों को घायल किया गया था। (अनंत ज्ञान)

## पीएम किसान सम्मान निधि से देश का किसान हुआ गौरवान्वित : अखिलेश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर ने कहा कि देश में किसानों को सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना चलाई है।



अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने के बाद एक बार फिर से किसानों के खातों में 20 हजार करोड रुपए की राशि हस्तांतरित की है। केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस राशि के माध्यम से देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों को सम्मान मिला है और किसानों को अपने कृषि कार्यों सहित अन्य कार्य को पूरा करने में भी आसानी हुई है। अखिलेश ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर का फायदा मिला है और अभी तक पीएम किसान के तहत 11 करोड़ किसानों को 3.15 लाख करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। भारत में किसानों की मदद के लिए मोदी सरकार ने 2018 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत किसानों को हर चार महीने में 2000 रुपए की तीन किस्तों में सालाना 6000 रुपए मिलते हैं। सरकार ने अब तक 16 किस्तें जारी की हैं और अब पीएम मोदी ने 17वीं किश्त भी जारी कर किसानों को सम्मान दिया हैं। अखिलेश ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम देश के किसान की पीड़ा को समझते हैं और किसान सम्मान पूर्वक खेती-बाड़ी के कार्य को पूरा कर सकें। इसके लिए देश में किसान सम्मान निधि योजना शुरू की गई है, जिसका फायदा हिमाचल प्रदेश के लाखों किसानों को भी मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### मेला मैदान में मनाया जाएगा योग दिवस

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी के मेला मैदान में आज उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेद विभाग की ओर से इस संबंध में तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। सुबह 6.45 बजे से योग दिवस कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। विभाग की ओर से तैनात योग प्रशिक्षक इस दौरान उपस्थित लोगों को योग का प्रशिक्षण देंगे। इस दौरान आनी उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। सहायक आयुक्त (विकास) एवं बीडीओ अमनदीप सिंह और तहसीलदार आनी भीम सिंह नेगी भी इस दौरान विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। उपमंडल आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिकांत ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग भाग लेकर योग दिवस को सफल बनाएं। इसके चलते ही भारत सरकार के प्रयासों के चलते 21 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पुरी दुनिया में मनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

## मेडिकल वार्ड में तैनात सुरक्षाकर्मी से तीमारदार ने की गाली-गलौज

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय ढालपुर में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में महिला सुरक्षाकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार एवं अश्लील गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है।

वीरवार को क्षेत्रीय अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में मरीज के साथ आए एक व्यक्ति ने सर्जिकल वार्ड की सुरक्षा में तैनात एक महिला सुरक्षा कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की साथ ही उक्त व्यक्ति ने सुरक्षा कर्मी को सीपीएस की धमकी देते हुए नौकरी से निकालने की धमकी दे डाली। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए पीड़ित सुरक्षा कर्मचारी नीमू देवी ने बताया कि सुबह के करीब 9:17 पर मेडिकल वार्ड में चिकित्सक राउंड पर थे और वह उस समय सुरक्षा में तैनात थी उस दौरान वार्ड में किसी भी व्यक्ति को



आवाजाही की अनुमति नहीं थी और दरवाजा बंद कर रखा था, जबकि दूसरा दरवाजा जो कि सर्जिकल वार्ड के लिए जाता है, वो भी बंद रखा गया।

जब अज्ञात व्यक्ति को मेडिकल वार्ड से जाने को रोका, तो व्यक्ति ने अश्लील गाली देना शुरू कर दी और साथ ही सीपीएस की धौंस देते हुए नौकरी से निकालने की धमकी दे डाली और यह भी कहा कि एक दिन उनके घर काम करके देखना। पीड़िता के अनुसार अमूमन अस्पताल में मरीज के तीमारदारों के साथ थोड़ी बहुत कहा सुनी होती है, मगर इस हद तक असहनीय अश्लील गाली आज तक किसी ने भी अस्पताल में नहीं दी और न इस तरह की अभद्रता किसी ने की। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उक्त व्यक्ति को जल्द से जल्द पकड़ें और उस पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

> आए दिन अस्पताल के कर्मचारियों के साथ मरीज के तीमारदारों के द्वारा बदतमीजी और गाली-गलौज करने का मामला सामने आ रहा है और आज एक महिला सुरक्षा कर्मी के साथ अज्ञात व्यक्ति ने गाली-गलौज की इसलिए इस मामले की पूरी छानबीन कर उक्त व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डॉ नरेश चंद, एमएस कुल्लू।**

## कांग्रेस वंशवादी व परिवारवादी पार्टी : गोविंद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से वंशवादी व परिवारवादी पार्टी है। यह पार्टी सिर्फ अपने ही परिवार को पालने का काम कर रही है।

वीरवार को कुल्लू के ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी का गांधी परिवार के पास ही सारा कार्य रहा। सबसे पहले जवाहर लाल नेहरू को अपनी बेटी इंदिरा की चिंता हुई। उन्होंने इंदिरा गांधी को आगे लाया। फिर इंदिरा गांधी को अपने बेटों की चिंता हुई। फिर राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाया। इसके बाद सोनिया गांधी को आगे लाया, उसे राहुल व प्रियंका की चिंता हुई।





इसके बाद राजीव गांधी के बाद लगातार परिवार के सदस्य को आगे ले जाते रहे। हिमाचल में भी उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। वीरभद्र सिंह के बाद प्रतिभा को वीरभद्र सिंह ने अपने मुख्यमंत्री होते हुए सांसद बनाया। अपने बेटे को विधायक बनाया और आज मंत्री हैं। अभी हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी यही परंपरा चलाई। अब अपनी धर्म पत्नी को कैबिनेट में लाने का प्रयास कर रहे हैं। अपनी पत्नी से देहरा से चुनाव लड़ाया जा रहा है। पहले सीएम ने कहा कि मेरी पत्नी के चुनाव लड़ने की अफवाह कौन उड़ा रहा है।

अब कह रहे हैं कि कांग्रेस हाईकमान ने यह निर्णय लिया, जिसे मैं टाल नहीं सका। देहरा से 2022 के चुनाव में प्रत्याशी रहे राजेश ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री आवास में उन्हें नौ घंटे रोके रखा। बंधक की तरह वहां मेरे साथ व्यवहार किया गया और मुझे परेशान किया गया, मेरे साथ अन्याय हुआ है। सीएम आवास से जनता को सुरक्षा की उम्मीद होती है, इस तरह की बंधक बनाने की परंपरा गलत है। (अनंत ज्ञान)

### हवाई सेवा शुरू होने से पर्यटन को लगेंगे पंख

गोविंद ने कहा है कि भुंतर-देहरादून हवाई सेवा शुरू होने से कुल्लू-मनाली के पर्यटन को नए पंख लगेंगे। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया। इस दौरान उनके साथ होटल एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष मुकेश व उपाध्यक्ष रोशन भी उपस्थित रहे। भुंतर से अमृतसर के बीच चल रही हवाई सेवा से लोगों को सुविधा मिल रही है। अब जम्मू के वैष्णो देवी, वाराणसी और राजस्थान के जयपुर के लिए हवाई सेवाएं शुरू करने की योजना पर काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से भुंतर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का प्रयास किया जाएगा।

## इस बार 14 से 27 जुलाई तक चलेगी श्रीखंड महादेव यात्रा

**जितेंद्र गुप्त, आनी**

उतर भारत की सबसे कठितम धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड कैलाश यात्रा इस बार 14 से 27 जुलाई तक चलेगी।

इस बारे में श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की बैठक समिति हॉल निरमंड में हुई, जिसकी अध्यक्षता श्री खंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने की। डीसी ने विभागीय अधिकारियों, यात्रा ट्रस्ट के सदस्यों और चायल, जुआगी के टैंट व्यापारियों के साथ श्री खंड यात्रा को लेकर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार यात्रा 14 से 27 जुलाई तक चलेगी। डीसी ने बताया कि इस बार यात्रा को पांच सेक्टरों में बांटा गया



है। इसमें बेस कैंप सिंह गाड, बेस कैंप थाचड़ू, कुनशा, भीम ड्वार और यात्रा के अंतिम बेस कैंप पार्वती बाग में प्रशासन की ओरसे बेस कैंप स्थापित किए जाएंगे। इसमें सैक्टर मजिस्ट्रेट और उनके साथ पुलिस अधिकारी/इंचार्ज की नियुक्ति की जाएगी। इन कैंप में मेडिकल स्टाफ राजस्व विभाग और रेस्क्यू टीम तैनात रहेगी। यात्रा में पहली बार बचाव दल एसडीआरएफ की यूनिट को यात्रा के अंतिम बेस कैंप पार्वती बाग में तैनात किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 22 से शुरू होगी मृकुला ट्रॉफी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन मृकुला आर्ट एंड कल्चरल क्लब उदयपुर की ओर से किया जा रहा है। मृकुला ट्रॉफी का आयोजन व्हाइट लेदर बॉल के साथ उदयपुर स्टेडियम में होने जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों से आज अपनी टीम की एंट्री जमा करवाने के बारे में आयोजनकर्ताओं ने अपील की है। प्रतियोगिता के लिए प्रवेश शुल्क 2500 रुपए निर्धारित किया गया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 22 से शुरू होने जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## गणेश को मिलेगा ओकार्ड साहित्य सम्मान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

शिमला के रिज मैदान में 21 से 30 जून तक राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।

ओकार्ड इंडिया संस्था दिल्ली के निदेशक राकेश गुप्ता और पुस्तक मेला के संयोजक सचिन चौधरी ने बताया कि ओकार्ड इंडिया का पुल फॉर्म ओजस सेंटर फॉर आर्ट एंड रीडरशिप डवेलपमेंट है। ओकार्ड संस्था प्रति वर्ष एक ओकार्ड साहित्य सम्मान दे रही है। इस बार का छठा ओकार्ड साहित्य सम्मान कुल्लू हिमाचल स्थित हिंदी के चर्चित कवि व आलोचक गणेश गनी को दिया जा रहा है। यह सम्मान 23 को ऐतिहासिक गेयटी सभागार में दोपहर तीन बजे एक साहित्य समारोह में दिया जाएगा।

गणेश गनी मूलतः घाटी के शौर गांव से संबंध रखते हैं और अभी तक उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें साहित्य संवाद की पुस्तक किस्से चलते हैं बिल्ली के पांव व सांप सीढ़ी नहीं खेलता, हवा को जाने नहीं देगी, यह समय है लौटाने का, थोड़ा समय निकाल लेना और जो बात शुरू हुई थी प्रमुख है। (अनंत ज्ञान)

### कुल्लू सहित पैतृक गांव में खुशी का माहौल



उनका फोकस हमेशा नवोदित और युवा रचनशीलता को प्रोत्साहित करना है और उन्होंने अब तक 100 से अधिक युवाओं पर लिखा है। गणेश गनी हिंदी साहित्य की मुख्य धारा में आज एक चर्चित व प्रसिद्ध नाम है। बहुत थोड़े समय में गणेश गनी के बहुत पाठक बने हैं। ओकार्ड इंडिया संस्था दिल्ली की ओर से गणेश गनी को यह सम्मान दिए जाने पर कुल्लू सहित उनके पैतृक गांव में भी खुशी का माहौल है।

### ददाहू बस स्टैंड में लगाई मीठे पानी की छबील

**जोशी, रेणुका जी।** बस स्टैंड पर अमर ज्वैलेर्स के सौजन्य से मीठे पानी व कड़ी चावल की छबील लगाई गई। यह छबील निकुंज ठाकुर ने अपने स्वर्गीय पिता अमर सिंह ठाकुर की स्मृति में लगाई है। इनके पिता का लगभग 20 वर्ष पहले छोटी उम्र में अचानक स्वर्गवास हो गया था। इन्होंने पहली मर्तबा शरबत व कड़ी चावल की छबील लगाई है। (अनंत ज्ञान)

## एनएचपीसी एवं ओसका के बीच समझौता

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

ऊर्जा सेक्टर की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी व नई दिल्ली की एक संस्था ओएससीए के बीच एक समझौता ज्ञापन हुआ।

इस समझौता ज्ञापन में एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशक डॉ. अमित कंसल व पार्वती परियोजना के प्रमुख एवं कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सीएसआर विंग एनएचपीसी लिमिटेड का बिजनस फिलोसोफी का एक अभिन्न अंग रहा है तथा एनएचपीसी सामाजिक कल्याण



को ध्यान एवं उच्चतम नैतिक व्यवहार बनाए रखते हुए, सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से अपने व्यवसाय का संचालन कर रहा है। साथ ही सभी हितधारकों का भरोसा और विश्वास जीतने के लिए सीएसआर के क्षेत्र में सर्वोत्तम और कुशल प्रबंधन तरीकों को अपनाता है। सीएसआर के अंतर्गत एक और कदम बढ़ाते हुए एनएचपीसी लिमिटेड की ओर से पंजाब के संगरूर जिले के गांव सुनाम शहीद उधम सिंह रेल्वे स्टेशन में सजावटी नींव के साथ सौ फुट का राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए, एनएचपीसी लिमिटेड एवं ऑर्गनाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस्स रजिस्टर्ड ऑफिस नई दिल्ली के बीच एक एमओयू साइन किया गया। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत एनएचपीसी द्वारा ऑर्गनाइज़ेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस्स (ओस्का) को प्रदान की जाने वाली सहयोग राशि 5.80 लाख है। (अनंत ज्ञान)

**आरोप** अभिभावकों ने अध्यापक पर बच्चों के साथ भेदभाव और बेवजह मारपीट का लगाया आरोप

## तीन छात्रों पर चोरी का आरोप लगाकर काटा नाम

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाची में नाबालिग बच्चे के साथ स्कूल के ही अध्यापकों के द्वारा की गई मारपीट और उस पर लगाए गए चोरी के आरोप से जहां बच्चों के अभिभावक परेशान हैं, वहीं बताया जा रहा है कि बच्चे भी स्कूल के नाम से ही खोफजदा हो चुके हैं।

इसी विषय को लेकर तीनों बच्चों में से दो बच्चों के पिता ओम प्रकाश ने बताया कि स्कूल में जब ये मामला पेश आया तो उन्होंने इस संदर्भ में राष्ट्रपति और मंडी डीसी को शिकायत पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत करवाया साथ ही





इस संदर्भ में जांच की मांग की। ओमप्रकाश का कहना है कि हैरानी की बात है कि राष्ट्रपति से शिमला मुख्यसचिव को जांच के आदेश जारी हुए और इसी दौरान डीसी मंडी के द्वारा जब उपनिदेशक, उच्च शिक्षा, जिला मंडी को प्रेषित किया था, जिसकी एक प्रतिलिपि उनके पास भी है, बावजूद इसके इस मामले को संबंधित विभाग के द्वारा मामले को गति नहीं दी जा रही है। 14 को आई जांच टीम में जो अधिकारी शामिल रहे उन्होंने इस मामले में मात्र खानापूर्ति की है।

ओमप्रकाश के अनुसार जिस दुकानदार के दुकान से चोरी का इल्जाम लगाया गया है, वह दुकानदार भी उनके दुकान में हुए चोरी से इंकार कर रहा है, जबकि अध्यापक चोरी का इल्जाम लगाकर छात्र को पिट भी चुके हैं। जांच टीम ने उनके और इंद्र शर्मा के बच्चे से भी सवाल पुछे थे तथा उन्हें प्रिंसिपल कार्यालय में दरवाजे के बाहर बैठाकर अपने बयान लिखने को कहा तथा अन्य बच्चों को प्रिंसिपल के कार्यालय में कुर्सी पर बैठाकर लिखने को कहा। (अनंत ज्ञान)

### स्कूल से गैर हाजिर होने के चलते काटे गए हैं नाम

प्रिंसिपल जगदीश चंद्र के अनुसार तीनों छात्र काफी समय से स्कूल से गैर हाजिर थे और जब लंबे समय से तीनों छात्र स्कूल में नहीं आए, तो ऐसे में तीनों छात्रों का नाम काटा गया है। हांलाकि इस संदर्भ में तीनों बच्चों के अभिभावकों से बातचीत या संपर्क स्थापित करने की कोशिश की जा रही, ताकि छात्रों की शिक्षा बाधित न हो।



# मां शूलिनी मेला : दुल्हन की तरह सजा सोलन शहर

## सांस्कृतिक संध्याओं में हिंदी, पंजाबी और पहाड़ी संगीत का तड़का, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल करेंगे मेले का शुभारंभ

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी का राज्य स्तरीय शूलिनी मेला 21 से 23 जून तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। परंपरा के मुताबिक देवी शूलिनी गंज बाजार स्थित शक्तिपीठ मंदिर में अपनी बड़ी बहन के यहां दो दिन रुकती है और तीसरे दिन वापस मंदिर लौट जाती है।



रंग-बिरंगी लाइटों से सजा मां शूलिनी का प्रवेश द्वार।

इस परंपरा को शोभायात्रा के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि माता शूलिनी सच्ची श्रद्धा से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। इसी के चलते स्थानीय लोगों में मेले को लेकर खासा उत्साह है। पहले दिन मां शूलिनी देवी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेले में सुरक्षा के इंतजाम के लिए पुलिस ने पूरे शहर को छावनी में तब्दील किया गया। शोभायात्रा में प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य के लोग भी देवी शूलिनी के दर्शन को सोलन पहुंचते हैं। मेले के सफल आयोजन के लिए माता के मंदिर सहित पूरे सोलन शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। इससे लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। मंदिर से लेकर शहरभर में सजावटी लाइट्स लगाई गई हैं। डीसी सोलन मेला कमेटी के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने कहा कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम रहेंगे। ट्रैफिक प्लान में तय किया गया है। सांस्कृतिक संध्या, खेलकूद और झूलों के मनोरंजन को लेकर ठोडो मैदान सज गया है। शहर के जगह-जगह पर स्टॉल लगने शुरू हो चुके हैं। वहीं ठोडो मैदान में दंगल, ठोडा खेल वॉलीबाल और कबड्डी प्रतियोगिता का स्थान भी चिन्हित हो चुका है। इसी तरह मंच के जीर्णोद्धार का कार्य भी पूरा हो चुका है। पहले दिन 21 को माता की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। मेले का शुभारंभ व माता की डोली का स्वागत इस बार स्थानीय विधायक कर्नल धनीराम शांडिल करेंगे, हालांकि यह परंपरा अभी तक प्रदेश के मुख्यमंत्री या राज्यपाल निभाते आ रहे हैं। इस बार मेले के समापन पर उपमुख्यमंत्री मुकेश मुख्यातिथि होंगे। मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में हिंदी, पंजाबी और पहाड़ी संगीत का तड़का लगेगा।

सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचल के लोक गायक पंकज ठाकुर, विक्की राजटा, एसी भारद्वाज, अजय तोमर, अजय भारद्वाज, अरुण जस्टा अपने पहाड़ी गानों से दर्शकों को खूब नचाएंगे, वहीं मेले की आखिरी और तीसरी सांस्कृतिक संध्या पंजाबी गानों पर आधारित होगी। इसमें पंजाबी गायक अखिल, अनुज शर्मा और कॉमेडियन प्रिंस भी लोगों का हंसाने का काम करेंगे। प्रशासन ने इस बार देव कार्य में होने वाले सोलन के प्रसिद्ध करियाला को भी मेले में शामिल किए जाने का निर्णय लिया है। किन्नौरी नृत्य सहित जिले के तीन बेहतरीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया है। मेले के पहले दिन हिंदी गानों की नाइट करवाई जाएगी, जिसमें सोलन का मशहूर बैंड अपनी प्रस्तुती देगा। इसके साथ सारे-गामा फेम के कलाकार तनमय



चतुर्वेदी, रैप आडी और स्थानीय गायकों को अपनी जोहर दिखाने का मौका मिलेगा, जबकि सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी गानों की धूम रहेगी। कुल मिलाकर मेले में 200 से भी अधिक स्थानीय कलाकरों को मौका दिया गया है। एएसपी अजय यादव ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या में मुख्य कलाकारों के लिए 30 लाख रुपए की राशि रखी गई है। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों के लिए भी लगभग इतनी ही राशि मानदेय के रूप में दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### शाया से 22 को चूड़धार जाएगी शिरगुल देव यात्रा

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध आराध्य देव शिरगुल महाराज की जातर अथवा देव यात्रा उनके जन्म स्थल मुख्य मंदिर शाया से 22 जून को चूड़धार जाएगी। यह जातर सुबह 10 से शाया स्थित शिरगुल जन्मस्थली मंदिर से निकलेगी। प्राचीन परंपरा के अनुसार हर तीसरे वर्ष यह जातर शाया से देवस्नान के लिए चूड़धार जाती है। इस जातर यानी देव यात्रा में देवता के पुजारी, घनिते, कार कारिंदे, शावगी और नौ तबीन के लोग शामिल होंगे। यह जातर पारंपरिक रूप से गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकलेगी। यह जानकारी देते हुए शिरगुल देवता के देव कार्य प्रमुख निवेश ने बताया कि 22 को शाया से निकलकर ये जातर बांगा पानी नामक स्थान पर विश्राम करेगी। अगले दिन रविवार को शिरगुल महाराज चूड़धार पहुंचकर वहां देव स्नान होगा। उस रात उनका रात्रि विश्राम पिछले मोड पर होगा। 24 जून को महाराज अपने जन्मस्थान शाया वापस पहुंचेंगे। निवेश के अतिरिक्त भाग सिंह ठाकुर, पृथ्वीराज ठाकुर और यशवंत ठाकुरने सभी नौ तबीन के लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में जातर में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें और शिरगुल महाराज का आशीर्वाद ग्रहण करें। इसके अतिरिक्त जातर के दौरान अपने कारीभारी को भी अदा करें। (अनंत ज्ञान)

### किरायेदारों के वेरिफिकेशन की पहल शुरू

**रघुवंशी, अर्की।** आखिरकार जो कदम पंचायत या पुलिस विभाग को आम जनता के जान माल सुरक्षा व अन्य आपराधिक मामलों में लगाम लगाने के लिए उठाना चाहिए था, वह कदम विकास खंड कुनिहार के विकास खंड अधिकारी तन्मय कंवर द्वारा उठाये जाने पर लोगों में उक्त अधिकारी की प्रशंसा कर रहे हैं। पूर्व में ज्यादातर आपराधिक मामलों में अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस विभाग के कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी है। इसका सबसे बड़ा कारण रहा है। हिमाचल के अन्य जिलों व अन्य प्रदेशों से आए कामगारों का मकान मालिक पंचायत व पुलिस के पास पूर्ण जानकारी न होना। यह सब मकान मालिक व पंचायत प्रतिनिधियों की निष्क्रियता से आजतक हो रहा है क्योंकि ज्यादातर पीजी व किराये के कमरों के मालिक किराये के लालच में इस प्राथमिक सुरक्षा के इस उपाय को दरकिनार कर देते है। यदि कभी कहीं कोई भी किसी भी प्रकार का अपराध होता है व अपराधी का पूर्ण ब्यौरा नहीं मिलता है, तो उस पंचायत के पदाधिकारियों सहित मकान मालिक को आर्थिक व न्यायिक दंड मिलना चाहिए क्योंकि पुलिस विभाग घर-घर जाकर वेरिफिकेशन नहीं कर सकता है, लेकिन एक वार्ड मेंबर या पार्षद अपने वार्ड में रहने वाले मकान मालिकों एवं किरायेदारों की जानकारी पंचायत में दे सकता है, ताकि पंचायत किरायेदारों की वेरिफिकेशन रजिस्टर बनाकर पुलिस को सूचित कर सके। (अनंत ज्ञान)

### प्रवासी श्रमिकों को दी जा रही अनुदानित खाद्यान्न सुविधा

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सिरमौर नरेंद्र कुमार ने बताया कि सिरमौर जिले में सभी प्रवासी श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अनुदानित खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिए श्रमिक का भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर नाम दर्ज होना जरूरी है। बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय के पारित आदेशों के अनुपालन में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत सभी पंजीकृत श्रमिकों को अनुदानित खाद्यान्न मुहैया कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है। नरेंद्र ने बताया कि सिरमौर जिले में दो प्रवासी श्रमिक परिवारों के आठ सदस्यों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अनुदानित खाद्यान्न की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने सिरमौर के विविध क्षेत्रों में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों से अपील की है कि वे भी अनुदानित खाद्यान्न के लिए शहरी क्षेत्र में निरीक्षक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिव के पास राशन कार्ड बनाने के लिए संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### खेम राज बने बुघार स्कूल के एसएमसी के प्रधान

**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में अभिभावकों की आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा का मुख्य एजेंडा नई स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन रहा। इस आम सभा में चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से खेम राज को एसएमसी प्रधान चुना गया। रीता देवी, सुनीता देवी, नीता देवी, सावित्री देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, निर्मला, बबीता देवी, लीला देवी, रजनी, शीशपाल, संतराम, पवन कुमार व त्रिपता देवी को एसएमसी कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर चुना गया। अध्यापकों में से दीपक ठाकुर, सुरेश कुमार व भूपेंद्र सिंह को एसएमसी कार्यकारिणी में सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। उपप्रधान चाखड़ बुघार मनसा राम को भी सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। रेखा राठौड़ ने एसएमसी कार्यकारिणी के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों से विद्यालय व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में हर संभव सहायता व सहयोग देने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

### सिरमौर स्कूल क्रीड़ा संघ के उपाध्यक्ष बने नरेंद्र



**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर विद्यालय क्रीड़ा संघ की आम सभा की बैठक जिला परिषद हाल नाहन में उपनिदेशक उच्च शिक्षा अजीत चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें आगामी सत्र के लिए जिला विद्यालय क्रीड़ा संघ के चुनाव हुए तथा अंबोया स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र नेगी को सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया, जबकि उपनिदेशक उच्च शिक्षा संघ के पदेन अध्यक्ष होंगे। इनके अतिरिक्त किशन दत्त शर्मा मुख्याध्यापक, देवली टिकरी उपाध्यक्ष, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा मानपुर देवड़ा मनीष टंडन, रणजोत प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा दाहन, डीपीई फागू दिनेश शर्मा, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा नोहराधार विद्यालय मधु पुंडीर तथा शारीरिक शिक्षक माया राम को संघ का सदस्य बनाया गया। एडीपीओ गुरदयाल सिंह ने बताया कि इस बैठक में आम सभा के समक्ष विगत वर्ष के आय-व्यय का विवरण रखा गया। साथ ही आगामी सत्र के लिए विभिन्न मुद्दों पर प्रस्तावित व्यय पर आम सभा से स्वीकृति प्राप्त की गई। आम सभा में शैक्षणिक सत्र 2024- 25 के लिए 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के स्टूडेंट्स के खंड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन पर गहन विचार-विमर्श हुआ। आयोजन स्थल पर आम सभा की सहमति प्राप्त की गई। (अनंत ज्ञान)

### सूरजपुर स्कूल को भेंट किया वाटर कूलर



**आर मोहन चौहान, सोलन।** अर्की उपमंडल के तहत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सूरजपुर में डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने वाटर कूलर भेंट किया है। अपने स्व. पिता अनंत राम शर्मा व स्व. माता रामदेई शर्मा की स्मृति में पिपलूघाट से संबंध रखने वाले डॉ. ओमप्रकाश ने यह दान किया है। वीरवार को उन्होंने अपनी पत्नी राधा शर्मा व बेटी रंजना शर्मा के साथ मिलकर विधिवत रूप से पूजा करवाकर स्कूल प्रशासन को यह वाटर कूलर सौंपा है। डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि इस स्कूल से उनकी सभी बेटियों ने शिक्षा प्राप्त की है। वर्तमान में डॉ. ओमप्रकाश शर्मा पिपलूघाट क्षेत्र में अपना निजी क्लीनिक चलाते हैं। अगर कोई गरीब व्यक्ति उनके पास ईलाज के लिए आते हैं, तो वह उनको निःशुल्क उपचार भी करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### रोशनी संस्था के दिव्यांग बच्चों ने किया योगाभ्यास




**आर मोहन चौहान, सोलन।** रोशनी संस्था ने 20 को संस्था के प्रांगण में दिव्यांग बच्चों एवं अध्यापकों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। 21 जून से संस्था के बच्चों को छुट्टियां होनी निश्चित हुई थीं इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन 20 को ही किया गया। इस अवसर पर सरोज कुमारी रोशनी संस्था की अध्यापिका ने बच्चों, अभिभावकों व संस्था के सदस्यों को योग के विभिन्न आसन करवाए और योग के जीवन में क्या प्रभाव पड़ते हैं इसके बारे में सभी को जानकारी दी। इसके उपरांत बच्चों को शीतल पेय व अल्पाहार भी वितरित किए गए। (अनंत ज्ञान)

# जल शक्ति विभाग सिरमौर में करे पेयजल समस्या का निदान : चौहान

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला सिरमौर के नाहन स्थित बचत भवन में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उद्योग, संसदीय मामले, श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष हर्षवर्धन चौहान ने की।



जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति बैठक की अध्यक्षता करते हर्षवर्धन चौहान।

उद्योग मंत्री ने जल शक्ति महकमे को चंदोल उपमंडल के अंतर्गत आने वाली सभी पंचायतों की पीसी बस्तियों को उठाऊ पेयजल योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाला क्यार में उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजना को सुचारु करने व पंचायत कटाह शीतला को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेरीपुल-पुलवाहन सड़क को ब्लैक स्पॉट में लेकर कार्य करने को कहा। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिकायत निवारण समिति सरकार और जनता की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि बैठक के माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सकेगा। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता प्रदेश में रिक्त पदों को भरना है। प्रदेश में शिक्षा को सुदृढ करने के लिए अध्यापक भर्ती की संख्या में बढ़ोतरी की गई है।

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बैठक के अध्यक्ष तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि हिमाचल के लोगों को पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन प्रदान करने की प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए हिमाचल में शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया। शिकायत निवारण समिति का उद्देश्य है कि समिति के माध्यम से जन शिकायतों के त्वरित निपटारे को प्राथमिकता प्रदान करते हुए उत्तरदायी एवं संवेदनशील शासन सुनिश्चित करना है। सिरमौर के लोगों की ओर से प्राप्त शिकायत और मांगों का त्वरित एवं प्रभावी निदान सुनिश्चित करने के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक में अवगत करवाया गया कि पांवटा साहिब के माजरा में मल निकासी योजना के लिए भूमि की आवश्यकता के लिए अनापति प्रदान की जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# 261 पदों के लिए आज इंटरव्यू

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर जगदीश कुमार ने बताया कि मैसर्ज जेबी रोलिंग मिल्स लिमिटेड कालाअंब सिरमौर में रोलिंग मिल हेल्पर, फरनेंस हेल्पर, लोहार, शापरमैन, फायरमैन, टोंगसमैन, फस्टहैंड, सुपरवाइजर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, क्रेन ड्राइवर, फोरमैन आदि के 261 पद रोजगार कार्यालय के माध्यम से भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 21 जून को उपरोजगार कार्यालय पांवटा साहिब में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन पदों के लिए उम्मीदवार दो पासपोर्ट साइज फोटो व मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी तथा अनुभव प्रमाण पत्र लेकर प्रात: 10 बजे उपरोजगार कार्यालय पांवटा साहिब में पहुंच कर इस मौके का लाभ उठा सकता है। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 35 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता में 10वीं, 12वीं व आईटीआई रखी गई है तथा न्यूनतम वेतन 12 हजार से 22 हजार रुपए कार्य अनुभव के आधार पर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# परवाणू पुलिस ने पानी मीटर के चोर को किया गिरफ्तार

**महेंद्र, परवाणू**

थाना परवाणू के तहत पुलिस ने पानी के मीटर चोर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। जानकारी के मुताबिक परवाणू निवासी लखविंद्र सिंह का 17 जून को दोपहर के समय पानी का मीटर चोरी हो गया था, उसके उपरांत उन्होंने हिमुडा के माध्यम से पानी का नया मीटर लगाया। वह भी 19 को कोई व्यक्ति चोरी कर ले गया, जब इसने अपने तौर पर पता किया, तो इसके पड़ोस में रहने वाले संजीव कुमार व चादना के मीटर चोरी हुए हैं।

इससे पहले भी पानी के कई मीटर अन्य जगहों से चोरी हुए हैं, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में चोरी की धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस थाना परवाणू की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित कुमर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 5 पानी के मीटर व एक चाबी, जिससे यह मीटर खोलने के लिए इस्तेमाल करता था बरामद किए गए



हैं। जांच के दौरान पाया कि आरोपी ने परवाणू क्षेत्र से 60 से ज्यादा पानी के मीटर चोरी किए हैं। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि यह आरोपी चोरी किए गए पानी के मीटरों को 300 प्रति किलो के हिसाब से आगे बेच देता था। परवाणू क्षेत्र से पानी के मीटरों की चोरी के संदर्भ में कुछ समय से शिकायतें मिल रही थी, जिस पर परवाणू पुलिस काफी समय से मीटर चोरों की तलाश कर रही थी। उक्त चोरी हुए मीटरों में भी इसी आरोपी का हाथ होना पाया गया। यह आरोपी परवाणू क्षेत्र में पेंटर का काम करता है। (अनंत ज्ञान)

# फलों व सब्जियों के दामों ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

गर्मी का असर अब सब्जियों व फलों के दामों पर भी दिखने लगा है। इन दिनों फलों एवं सब्जियों के दाम सातवें आसमान पर हैं।

मध्य वर्गीय परिवारों की थालियों से सब्जियां गायब हो रही हैं और आदमी की रसोई का बजट बिगड़ कर रह गया है। अगर यहां सब्जियों के दामों पर एक नजर डाली जाए, तो मटर के दाम 100 से 160 रुपए प्रति किलो पहुंच गए हैं, जबकि फ्रांसबीन 80 से 100 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। प्याज 30 से 40, घीया 40 से 60, करेला 40 से 50, कटहल 80, मूली 50, अरबी 80, बंद गोभी 40, गाजर 50, बैंगन 40, भिंडी 40 प्रति किलो की दर से बिक रही है। आलू भी अब 35 से 40 रुपए प्रति किलो पहुंच गया है, जबकि लाल सोना कहे जाने वाले टमाटर के दाम 40 रुपए प्रति किलो पहुंच गए हैं। अदरक 280 रुपए और लहसुन 240 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। फलों के दामों में भी उछाल आया है। अंगूर 120 रुपए, आम 80 से 100, आड़ू 50 से 60, खरबूजा 40, तरबूज 30 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। यहां सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि इन दिनों मैदानी क्षेत्रों से फल एवं सब्जियां यहां आती हैं, मगर भंयकर गर्मी के कारण सब्जियां एवं फलों की आवक कम है। (अनंत ज्ञान)

# घड़याच में एसएमसी के अध्यक्ष बने खेमरा

**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़याच में कार्यकारी प्रधानाचार्य अमर सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में स्कूल प्रबंधन समिति के गठन के लिए आम सभा का आयोजन किया गया। प्रवक्ता इंग्लिश शीला देवी ने उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत कर सदन में गत वर्ष की आय व व्यय का ब्यौरा समस्त अभिभावकों के समक्ष रखा और समस्त कार्यकारिणी का सहयोग के लिए आभार जताया। पूर्व प्रधान खेम राज ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया। उसके उपरांत सर्व समिति से खेमराज को पुनः अध्यक्ष चुना गया। सदस्यों में अमरी देवी, मीरा, अध्यापक वर्ग में प्रवक्ता सुनीता देवी, चमन लाल पाठक, कुंहर पंचायत की प्रधान निशा को सदस्य चुना गया। (अनंत ज्ञान)

# प्रवासियों के खिलाफ पंचायत प्रधानों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन में कपड़ों की दुकान चलाने वाले उत्तर प्रदेश के युवक की ओर से सोशल मीडिया पर गो हत्या की फोटो वायरल करने के बाद बुधवार को विभिन्न पंचायत प्रधानों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पंचायत प्रधान, उपप्रधान और पार्षद ने मांग की बाहरी राज्यों से आकर गांव में फेरी लगाने वालों को कोई परमिशन न दी जाए।

नाहन शहर में रेहड़ी तथा छोटी दुकान लगाने वाले सभी प्रवासियों की जांच की जानी चाहिए। यह प्रवासी फेरी वाले गांव में चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं। वहीं, नाहन में रहे सभी प्रवासी की जांच पड़ताल की जाए।



साथ ही नाहन शहर वासियों से प्रवासियों को अपने मकान व दुकानों को किराए पर न देने की अपील की। ज्ञापन में बताया गया कि भविष्य में अगर इस तरह की सिरमौर जिले में घटना दोबारा होती है, तो इस तरह की घटना के लिए संबंधित मकान और दुकान मालिक जिम्मेदारी होंगे। सिरमौर में रह रहे सभी प्रवासियों की पुलिस वेरिफिकेशन भी होनी चाहिए। नाहन उपमंडल की पंचायत नाहन के उपप्रधान राम प्रकाश, बनेठी पंचायत के उपप्रधान राजकुमार ठाकुर और नाहन नगर परिषद वार्ड नंबर-2 के पार्षद विक्रम वर्मा ने एडीएम को सौंपे ज्ञापन में शहर व गांव में किसी भी फेरी वाले को परमिशन न दिए जाने की मांग भी की। उधर, इस संदर्भ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने नाहन में कहा कि नाहन शहर में कपड़ों की दुकान चलने वाले प्रवासी युवक ने सोशल मीडिया पर गो हत्या के फोटो और वीडियो अपलोड किए हैं। वह नाहन के कई लोगों के संपर्क में है, उसने किस उद्देश्य से यह फोटो अपलोड किए। यह घटना कहां पर हुई है, प्रदेश सरकार को मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग उठाई। (अनंत ज्ञान)

जय मां शूलिनी मेला सोलन की हार्दिक शुभकामनाएं, जय मां शूलिनी मेला सोलन की हार्दिक शुभकामनाएं



निमंत्रण
मां शूलिनी मेला 2024
21 से 23 जून तक

**21 जून 2024**

मुख्य अतिथि कर्नल (डॉ.) धनीराम शांडिल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री (हि.प्र.)
विशिष्ट अतिथि श्री रामकुमार चौधरी मुख्य संसदीय सचिव, हि.प्र. (शहरी नियोजन, उद्योग एवं राजस्व)

माता की पूजा......प्रातः 11.00 बजे से
मुख्य अतिथि द्वारा कचहरी चौक पर माता की डोली का स्वागत ......दोपहर 2.00 बजे
शोभा यात्रा......दोपहर 2.30 बजे
खेल प्रतियोगिताएं (ठोडो ग्राऊंड में) ...... सायं 4.00 बजे
स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ......सायं 4.00 बजे से
सांस्कृतिक संध्या......8.00 बजे से 10.00 बजे रात्रि तक

**22 जून 2024**

मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार उपाध्यक्ष हि.प्र. विधान सभा
विशिष्ट अतिथि श्री संजय अवस्थी मुख्य संसदीय सचिव, हि.प्र. (सूचना एवं जन संपर्क, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा लोक निर्माण)

फूलों की प्रदर्शनी ......प्रातः 9.00 बजे
खेल प्रतियोगिता ......प्रात 11.00 बजे
पारंपरिक ठोडा नृत्य ...... दोपहर 12.00 बजे
महिला एवं पुरूष पहलवानों की कुशियां ...... दोपहर 3.00 बजे
स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ...... 4.00 बजे से 08.00 बजे तक
सांस्कृतिक संध्या......8.00 बजे से 10.00 बजे तक

**23 जून 2024**

मुख्य अतिथि श्री मुकेश अग्निहोत्री उप मुख्यमंत्री हि.प्र.
विशिष्ट अतिथि श्री विनोद सुल्तानपुरी विधायक, कसौली निवार्चन क्षेत्र

बेबी शो ......प्रातः 9.00 बजे
डॉग शो ...... प्रातः 9.00 बजे
खेलों के अंतिम मुकाबले ......प्रातः 10.00 बजे
महिला एवं पुरूष पहलवानों की कुश्तियां ......दोपहर 3.00 बजे
स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ......4.00 बजे से 08.00 बजे तक
सांस्कृतिक संध्या......08.00 बजे से 12.00 बजे रात्रि तक

उत्तराकांक्षी एवं विनीत : मां शूलिनी मेला समित, सोलन

जय मां शूलिनी मेला सोलन की हार्दिक शुभकामनाएं, जय मां शूलिनी मेला सोलन की हार्दिक शुभकामनाएं


## न्यूज ब्रीफ

### भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड का निधन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का वीरवार को बेंगलुरु में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1996 में दो टेस्ट मैच खेले थे और तीन विकेट लिए थे। जॉनसन की बेंगलुरु में एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद मौत हो गई। उनके करीबी लोगों के अनुसार, जॉनसन को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका घरेलू करियर 39 प्रथम श्रेणी मैचों तक फैला रहा, जिसमें उन्होंने 125 विकेट लिए। उन्होंने चार बार पांच विकेट और एक बार दस विकेट भी लिए। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पर अपनी संवेदना व्यक्त की। शाह ने लिखा कि हमारे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श गेंदबाजी के लिए उपलब्ध



**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने 2024 टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में गेंदबाजी के लिए खुद को तैयार घोषित किया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया को एंटीगुआ में बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले एक और विकल्प मिल सके। मार्श ने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल छोड़ने के बाद से गेंदबाजी नहीं की है और उनकी वापसी के लिए सतर्क दृष्टिकोण अपनाया गया है। मार्श ने वीरवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा कि मैं गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहूंगा। हमारे पास जो लाइन-अप है, उसे देखते हुए मुझे वास्तव में गेंदबाजी करने की आवश्यकता नहीं दिखती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस प्रारूप में विकल्प होना वास्तव में महत्वपूर्ण है और हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं। मार्श ने यह नहीं बताया कि ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश के खिलाफ तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा या स्कॉटलैंड के खिलाफ इस्तेमाल किए गए आक्रमण का संतुलन बनाए रखेगा।

### जस्टिन सैमंस बने जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के मुख्य कोच



**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप के लिए जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-0 सीरीज के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे। वह न्यूजीलैंड की सीनियर पुरुष टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा हैं।जिम्बाब्वे क्रिकेट के अध्यक्ष तावेंग्वा मुकुहलानी ने एक बयान में कहा,''हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जस्टिन जिम्बाब्वे की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच होंगे। उनके पास कोचिंग का अपार अनुभव है और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में कई युवा प्रतिभाओं को तलाशा और तराशा है।''

### चेन्नईयिन एफसी ने ब्रैंबिला के साथ किया करार



**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने 2024-25 सत्र से पहले एक साल के लिए ब्राजील के मिडफील्डर लुकास ब्रैंबिला के साथ करार किया है। लुकास साइप्रस के शीर्ष स्तरीय क्लब ओथेलोस एथिनोउ से मरीना माचांस (चेन्नईयिन एफसी का दूसरा नाम) में शामिल हो गए हैं। फुटबॉल क्लब ने वीरवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चेन्नईयिन एफसी 2024-25 सत्र से पहले अपने रोस्टर में मिडफील्डर लुकास ब्रैंबिला को शामिल करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने दुनिया भर की विभिन्न लीगों में खेला है और क्लब में उनके पास अनुभव और कौशल का खजाना है। चेन्नईयिन के साथ एक साल के करार पर जुड़ते हुए, मिडफील्डर का आगमन 2024-25 सत्र के लिए क्लब का नौवां हस्ताक्षर और एल्सिन्हो डायस, चीमा चुक्वू और विलमर जॉर्डन गिल के बाद उनका चौथा विदेशी अधिग्रहण है। लुकास ने कहा कि मैं इस महान क्लब में शामिल होकर बहुत खुश और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उम्मीदें बहुत बड़ी हैं और मैं इस शर्ट को पहनने और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का और इंतजार नहीं कर सकता। हेड कोच ओवेन कॉयल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ब्रैंबिला एक रोमांचक खिलाड़ी हैं और अपने रचनात्मक कौशल से टीम को लाभ पहुंचाएंगे। लुकास ब्रैंबिला ने दुनियाभर के क्लबों के लिए खेलते हुए विभिन्न देशों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### कांगड़ा ने ऊना को 8 विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत ऊना का कांगड़ा से मुकाबला ऊना के पीसीसीए स्टेडियम संतोषगढ़ में खेला गया। कांगड़ा की टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। कांगड़ा टीम का निर्णय सही साबित हुआ, जब ऊना की टीम 31 ओवर में मात्र 54 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आर्या अग्निहोत्री ने 18 रन बनाए, बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका। कांगड़ा के गेंदबाज रिजुल सरोच ने तीन, प्रीति, आहना शमा और श्वेता जमवाल ने 2-2 खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि पल्लवी ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया। कांगड़ा के बल्लेबाजों ने अच्छी के बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट खोकर ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। हिमानी शर्मा ने 12, आहना शर्मा ने 27 रन, श्वेता जामवाल ने नाबाद 5 रन बनाए। अंशिता ने एक खिलाड़ी को आउट किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। कांगड़ा की टीम ने 13.4 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया और ऊना की टीम को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। (अनंत ज्ञान)

# साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया

## फिल ने 47 गेंद में नाबाद 87, बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए

**एजेंसी, ग्रोस आइलेट**

फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैंपियन इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को वीरवार को आठ विकेट से हराया।

अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाए, लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिए। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है, जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डालीं। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक-एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की।



शॉट खेलते फिल साल्ट।

साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया। धीमी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया, जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाए। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आंद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया।

आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108.9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए। इसके बाद हालांकि, साल्ट और बेयरस्टो ने टीम को आसानी से जीत तक पहुंचाया। इससे पहले वेस्टइंडीज की शुरुआत शानदार रही, जब ब्रेंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स ने पांचवें ओवर तक बिना किसी नुकसान के 40 रन बना लिए थे।

किंग को सैम कुरेन की गेंद बाजू में लगी और चोटिल होने के कारण उन्हें मैदान से जाना पड़ा। शानदार फॉर्म में चल रहे पूरन इसके बाद क्रीज पर आए और उन्होंने चार्ल्स के साथ पावरप्ले में 54 रन तक स्कोर पहुंचाया। पूरन ने आठवें ओवर में मार्क वुडको छक्का लगाया, लेकिन इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वापसी की। चार्ल्स ने रशीद को छक्का लगाया, लेकिन अगले ओवर में मोईन अली ने उन्हें लॉन्गऑन पर हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाया। चार्ल्स ने 34 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन बनाए।

# कांगड़ा ने हमीरपुर को 9 विकेट से हराया



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अंडर-23 वर्ग का फाइनल मुकाबला हमीरपुर और कांगड़ा के बीच में आज खेला गया, कांगड़ा की टीम ने टॉस जीता था और गेंदबाजी करने का फैसला किया था, जिसमें हमीरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 140 रन बनाए। वास्तव गर्ग ने 14, अतुल जसवाल ने 16, राशित ठाकुर ने 44 रन, मृदुल सरोच ने 13, जतिन शर्मा ने 14 रन बनाए। अरशद धीमान ने तीन, साहिल कुमार और प्रबल प्रताप ने 2-2, रितिक और अखिल ने एक-एक विकेट लिया। कांगड़ा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपना लक्ष्य 19.4 ओवर में एक विकेट खोकर आसानी से प्राप्त कर लिया। ईनश महाजन 71 गेंद में 104 रन नाबाद बनाए रहे, उसने 11 चौके और छह छक्के लगाए। अरशद धीमान ने नाबाद 17 रन बनाए। हमीरपुर का कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में सफल नहीं हो सका। कांगड़ा का एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

## वालेंसिया ने मुख्य कोच रूबेन का बढ़ाया करार



**मैड्रिड।** वालेंसिया के मुख्य कोच रूबेन बाराजा ने एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वह जून 2026 तक क्लब में बने रहेंगे। नया अनुबंध पूर्व खिलाड़ी द्वारा फरवरी 2023 में जेननारो गट्टूसो की जगह लेने के बाद से किए गए उत्कृष्ट काम के लिए एक पुरस्कार है। एक बार फिर, बाराजा ह्यूगो डूरो, पेपेलू, डिएगो लोपेज़ और क्रिस्टियन मॉस्केरा जैसे खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहे।

## भारतीय रग्बी पुरुष-महिला टीम के मुख्य कोच बने वैसाले सेरेवी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



विश्व रग्बी हाल आफ फेम में शामिल वेसाले सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला रग्बी 7 टीमों का मुख्य कोच बनाया गया है। फीजी के सेरेवी क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर 15 प्रति टीम रग्बी खेल चुके हैं। 'किंग आफ सेवंस' कहलाए जाने वाले सेरेवी ओलंपिक में रग्बी सेवंस को शामिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विश्व रग्बी के सलाहकार भी रह चुके हैं।

रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा,''रग्बी इंडिया में हम सभी का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना है। हम भारतीय राष्ट्रीय सेवंस टीमों के मुख्य कोच के तौर पर सेरेवी का स्वागत करते हैं।''

## एंबरोज बोले-बुमराह को एक्शन में बदलाव की जरूरत नहीं

**एजेंसी, ब्रिजटाउन**

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।



इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिये वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं।

एम्बरोज ने पीटीआई को फोन पर दिए इंटरव्यू में कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा,''मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैंने उसे पहली बार देखा है। वह गैर-पारंपरिक गेंदबाज हैं, लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिये सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है।'' बुमराह के गेंदबाजी एक्शन से उनकी कमर पर काफी दबाव पड़ता है, लेकिन एम्बरोज का मानना है कि हर तेज गेंदबाज को इस तरह के जोखिम से गुजरना पड़ता है।

## बांग्लादेश की चुनौती से पार पाने के लिए ऑस्ट्रेलिया को दिखाना होगा ऑलराउंड खेल

**एजेंसी, नॉर्थ साउंड ( एंटीगा )**

कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है। बांग्लादेश ने 2021 में अपनी घरेलू धरती पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था। यहां की परिस्थितियां भी काफी हद तक उपमहाद्वीप से मिलती हैं और ऐसे में किसी भी तरह की ढिलाई ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ सकती है।

ऑस्ट्रेलिया के लिए इस तरह की परिस्थितियों में लेग स्पिनर एडम जंपा और ग्लेन मैक्सवेल तथा कामचलाऊ स्पिनर ट्रैविस हेड की भूमिका अहम होगी। यहां की पिच धीमी हैं और ऑस्ट्रेलिया बाएं हाथ के स्पिनर एस्टन एगर को भी अंतिम एकादश में बनाए रख सकता है। वह निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाज भी साबित हो सकते हैं। परिस्थितियां कैसी भी हों ऑस्ट्रेलिया का मजबूत पक्ष उसका तेज गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड शामिल हैं। इन तीनों तेज गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों को खासा परेशान किया है। बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन है।



**संभावित टीमें**

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा, रिजर्व जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट शॉर्ट।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। रिजर्व अफीफ हुसैन, हसन महमूद।

### न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता : विलियमसन



**वेलिंगटन।** केन विलियमसन ने कहा है कि अगले साल एसए-20 लीग खेलने के लिए उन्होंने न्यूजीलैंड का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस टी-20 लीग से पहले वह न्यूजीलैंड के लिए तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। एसए-20 नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेली जाएगी और इसी दौरान न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश भी होना है। न्यूजीलैंड के नियमों के अनुसार केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने की दशा में सुपर स्मैश में खेलना अनिवार्य है।

विलियमसन ने टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद स्वदेश लौटने पर मीडिया से कहा,''मैं जब तक खेल सकता हूं, खेलना चाहता हूं। उस दौरान कई बेहतरीन टूर्नामेंट है, लेकिन एसए-20 दिलचस्प लग रहा है। इसके लिए मुझे केंद्रीय अनुबंध ठुकराना होगा।''

## क्वींस क्लब चैंपियनशिप के बीच मैच से हटे एंडी मरे

**एजेंसी, लंदन**

पीठ की समस्या के कारण क्वींस क्लब चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर होने के बाद तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मरे ने कहा है कि उनकी चोट कितनी चिंताजनक है, यह जानने के लिए स्कैन कराया जाएगा, जिससे यह तय होगा कि वह आगामी विंबलडन 2024 में खेलेंगे या नहीं।



तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मरे जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ दूसरे दौर के मैच से पांच गेम के बाद अपनी पीठ की समस्या के कारण रिटायर हो गए। एटीपी के अनुसार मरे ने कहाकि जाहिर है कि यह बहुत अच्छा नहीं था। मैं कुछ समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा था। मेरे दाहिने पैर में ताकत की कमी थी, इसलिए नियंत्रण में कमी थी, समन्वय नहीं था। हां, मैं हिल नहीं सकता था। पीठ की समस्या से जूझना मरे के लिए कोई नई बात नहीं थी, 37 वर्षीय मरे ने खुलासा किया कि एटीपी 500 मैच से पहले उन्हें बहुत दर्द हो रहा था। मरे ने जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच से नाम वापस ले लिया, जबकि शुरुआती सेट में वे 4-1 से पीछे थे। तीन गेम के बाद उन्होंने अपने कूल्हे और पीठ के निचले हिस्से के दर्द का इलाज करवाया। बाद में, यह पता चला कि मरे को पीठ की समस्या थी। मरे को उम्मीद है कि वह विंबलडन में अपने अंतिम ग्रैंड स्लैम मैच में भाग लेंगे, जो एक जुलाई से शुरू हो रहा है। हालांकि, समस्या की गंभीरता का पता लगाने के लिए एक स्कैन किया जाएगा।

# हॉकी इंडिया ने ओलंपिक पूर्व शिविर के लिए 27 खिलाड़ियों का किया चयन



**एजेंसी, बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने 21 जून से 8 जुलाई तक यहां भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) परिसर में लगाए जाने वाले ओलंपिक पूर्व राष्ट्रीय शिविर के लिए वीरवार को 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। भारत को ओलंपिक में पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड से होगा। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ओलंपिक में अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी।

भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो-लीग में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद शिविर में वापसी करेगी। प्रो-लीग में भारत 16 मैच में 24 अंक के साथ अभी चौथे स्थान पर है। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह को शिविर के लिए चुनी गई टीम में जगह नहीं मिली है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रो लीग मैच खेलना उनकी टीम के लिए शानदार अनुभव रहा है।

उन्होंने कहा,''यह शिविर हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहे। खिलाड़ियों को हॉकी प्रो-लीग में खेलने से काफी कुछ सीखने को मिला।''

**चुनी गई टीम**

**गोलकीपर:** कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, **डिफेंडर:** हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, आमिर अली, **मिडफील्डर:** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, फॉरवर्ड: मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, अराइजीत सिंह हुंदल।

**यूरो 2024** अल्बानिया ने ग्रुप चरण के दूसरे दौर में क्रोएशिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला

# जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में किया प्रवेश

**एजेंसी, बर्लिन**

जमाल मुसियाला और इल्के गुंडोगन के गोलों की मदद से जर्मनी ने हंगरी पर 2-0 से लगातार दूसरी जीत हासिल कर यूरो 2024 के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया, जबकि अल्बानिया ने ग्रुप चरण के दूसरे दौर में क्रोएशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला।

हंगरी ने बेहतर शुरुआत की और पहले मिनट में ही गोल करने का सुनहरा मौका चूक गया। जर्मनी के गोलकीपर मैनुअल नेउर ने जोशुआ किमिच के रिटर्न पास को रोलैंड सलाई के पास पहुंचने से पहले ही रोक लिया। मैच के 22वें मिनट में विली ओर्बन ने अपने बॉक्स के अंदर गेंद को फंसा दिया, जिससे गुंडोगन को मुसियाला के लिए गोल सेट करने का मौका मिला। मुसियाला ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और जर्मनी को 1-0 की बढ़त दिला दी। हंगरी ने बराबरी के लिए बहुत जोर लगाया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और मध्यांतर तक जर्मनी 1-0 से आगे रहा। मैच दोबारा शुरू होने के बाद जर्मनी नियंत्रण में रहा। मैच के 67वें मिनट में मैक्सिमिलियन मिटेलस्टैड ने गुंडोगन को बॉक्स में स्क्वायर पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में बदलकर जर्मनी को 2-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ, जर्मनी ग्रुप-ए में दो जीत के साथ शीर्ष पर बना हुआ है।



### शाकिरी के गोल से स्विट्जरलैंड ने स्कॉटलैंड से ड्रॉ खेला



**कोलोन (जर्मनी)।** जेरदान शाकिरी के शानदार गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में स्कॉटलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। 32 वर्ष के शाकिरी ने लगातार छठे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल दागा है, जिसमें तीन विश्व कप और तीन यूरो चैंपियनशिप शामिल है। स्कॉटलैंड के लिए 13वें मिनट में स्कॉट मैक टोमिने के पास पर फेबियन शार ने पहला गोल दागा। शाकिरी ने 26वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस ड्रॉ के बाद स्विट्जरलैंड के चार अंक हैं और वह ग्रुप-ए में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर है। जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली है।

# न्यूज ब्रीफ

## इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का अपहरण

**लाहौर।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अपहरण कर लिया है। मीडिया में आई खबरों में वीरवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता शाहबाज गिल के बड़े भाई गुलाम शब्बीर का दो दिन पहले अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय अपरहण कर लिया जब वह इस्लामाबाद जा रहे थे। इस बाबत कान्हा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पूर्व सैनिकों के लिए आज लगेगा रोजगार मेला

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के हिंडन (गाजियाबाद) स्थित वायु सेना स्टेशन के ऑडिटोरियम में 21 जून को पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेला लगाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) की ओर से आयोजित इस मेले का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को रोजगार का दूसरा अवसर दिलाना है। देशभर से तीनों सेनाओं के पूर्व सैनिक इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। मेले में लगभग 40 कॉरपोरेट कंपनियों के भाग लेने की उम्मीद है, जो पूर्व सैनिकों को फील्ड जॉब, प्रशासनिक कार्य, डेस्क जॉब, संस्थागत सुरक्षा और संबंधित कार्यों जैसी विभिन्न नौकरियों की पेशकश करेंगे। रोजगार मेला स्थल पर सुबह 7 से 10 बजे तक पंजीकरण होगा। इसके लिए पूर्व सैनिकों को अपना पहचान पत्र और नवीनतम बायो-डेटा की पांच प्रतियां फोटो के साथ लानी होंगी।

## बागवानी विभाग ने लगाई राज्य स्तरीय लीची प्रदर्शनी



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** बागवानी विभाग, पंजाब की ओर से राज्य स्तरीय लीची फल प्रदर्शनी एवं गोष्ठी का आयोजन लीची एस्टेट, सुजानपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि सरदार चेतन सिंह जौड़ामाजरा कैबिनेट मंत्री, सूचना और जनसंपर्क, स्वतंत्रता सेनानी, रक्षा सेवा कल्याण, बागवानी, खनन और भू-विज्ञान, भूमि, जल संरक्षण और जल संसाधन मंत्री आदि उपस्थित हुए। इस मौके पर उनकी ओर से विभिन्न किसानों की ओर से लाई गई लीची की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। वहीं लीची से बनने वाले जाम, शरबत का भी उन्होंने अवलोकन किया। इस मौके पर जौड़ामाजरा ने कहा कि सरकार लीची भगवानों को प्रोत्साहित करने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला पठानकोट के सुजानपुर क्षेत्र की लीची की क्वालिटी काफी अच्छी है। सरकार की ओर से पूरे प्रयास किया जा रहे हैं कि लीची को एक्सपोर्ट किया जाए।

## सोपोर में मुठभेड़, दो आतंकी किए ढेर

**श्रीनगर।** सेना ने वीरवार को कहा कि उत्तरी कश्मीर के सोपोर में राफियाबाद मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता है। कुपवाड़ा जिले के पोहरूपेट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सेना की 7 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के कमांडर दीपक मोहन ने कहा कि 19 जून को जम्मू-कश्मीर पुलिस को हादीपोरा, राफियाबाद के एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिली थी, जिसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान में मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए दोनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े थे और उनकी पहचान उस्मान और उमर के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के बाद काफी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

## पीएम मोदी से मिला अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल



**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए अमेरिकी संसद के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका की संसद में विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैक्कॉल, पूर्व यूएस हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी, ग्रेगोरी मीक्स, मेरिनेटे मिलर मीक्स, निकोल मालियोटाकिस, एमी बेरा और जिम मैकगवर्न शामिल रहे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से फोन पर बात की, जिसमें दोनों नेताओं ने भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से फोन पर बात करके बहुत खुशी हुई।

## अमेरिका में विमान हादसे में दो की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के अलास्का प्रांत के केनाई प्रायद्वीप में क्रिसेंट लेक में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई है। बचाव दल ने एक हेलिकॉप्टर और एक फ्लोट प्लेन को क्षेत्र में भेजा, जिसने झील में मलबा पाया, लेकिन पानी में या किनारे पर किसी के जीवित बचे होने के कोई संकेत नहीं मिले। पेट्रोलिंग टीम के प्रवक्ता ऑस्टिन मैकडैनियल के अनुसार, विमान मूस पास से रवाना हुआ था और उसी क्षेत्र में उसके वापस आने की उम्मीद थी। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड दुर्घटना की जांच कर रहा है।

## मणिपुर में चार नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के साथ ही उग्रवादियों के पकड़े जाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। इसी सिलसिले में सुरक्षाबलों के अलग-अलग अभियानों में चार कट्टर केसीपी (नोयोन) संगठन के उग्रवादियों को पकड़ा गया। वहीं, इंफाल पश्चिम जिले के यांगोई के सामान्य क्षेत्र से दो एसबीबीएल गन, एक कार्बाइन और एक मैगजीन, 12 नंबर 36 हैंड ग्रेनेड, 07 डेटोनेटर, छह ट्यूब लॉन्चिंग, 10 जिंदा गोला-बारूद, दो 80 स्मोक हैंड ग्रेनेड और एक चार्जर के साथ एक वायरलेस मोटोरोला सेट बरामद किया गया।

## बीएसएफ को अमृतसर में मिले दो पाकिस्तानी ड्रोन

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने खुफिया जानकारी के आधार पर पंजाब में अलग-अलग तलाशी अभियानों के दौरान चीन में निर्मित दो पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किए हैं। अमृतसर जिले के रत्तनखुर्द गांव से बीएसएफ ने एक ड्रोन बरामद किया है। दूसरा ड्रोन पंजाब पुलिस ने तरनतारन जिले के दल गांव से बरामद किया। दोनों ड्रोन चीन में बने डीजेआई माविक 3 क्लासिक मॉडल के हैं। बीएएफ ने कहा कि उसकी सटीक खुफिया जानकारी और त्वरित कार्रवाई ने सीमा पार से पंजाब में ड्रोन भेजने के एक और प्रयास को विफल कर दिया।

# बजट में मिल सकता है टैक्स छूट का तोहफा

## टैक्स स्लैब में हो सकता है बदलाव : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बजट 2024-25 का बजट जनहित में होगा. बजट में टैक्सपेयर्स को गुड न्यूज मिल सकती है। सरकार करदाताओं को टैक्स छूट का तोहफा दे सकती है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से खबर है कि नई टैक्स रिजीम में बदलाव हो सकता है। सरकार 15 से 17 लाख रुपए सालाना कमाने वाले व्यक्तियों को राहत दे सकती है।

जुलाई के तीसरे हफ्ते में 2024-25 का पूर्ण बजट पेश होने की संभावना है। इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण टैक्स को लेकर कोई बड़ा ऐलान कर सकती हैं। सरकार मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए आयकर छूट से जुड़े विकल्पों पर गंभीरता से विचार कर रही है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक साल 2024-25 का बजट जनहित में होगा। सरकार 15-17 लाख रुपए हर साल कमाने वाले व्यक्तियों के लिए इनकम टैक्स रेट कम करने पर विचार कर रही है। ये बदलाव न्यू टैक्स रिजीम में लागू हो सकते हैं। इस तरह से नई टैक्स रिजीम के टैक्स स्लैब में बदलाव देखने को मिलेगा।

**न्यू टैक्स सिस्टम में स्लैब और टैक्स**

| | |
|---|---|
| * इनकम 3 लाख रुपए | कोई टैक्स नहीं |
| * इनकम 3 लाख से ज्यादा से 6 लाख तक | 05 प्रतिशत टैक्स |
| * 6 लाख से ज्यादा से 9 लाख तक | 10 प्रतिशत टैक्स |
| * 9 लाख से ज्यादा से 12 लाख तक | 15 प्रतिशत टैक्स |
| *12 लाख से ज्यादा से 15 लाख तक | 20 प्रतिशत टैक्स |
| *15 लाख से ज्यादा पर | 30 प्रतिशत टैक्स |

### पांच साल से नहीं मिली है कोई छूट

**पिछले** 5 साल से करदाताओं को आयकर संबंधी कोई छूट नहीं दी गई है। सरकार की तरफ से 5 साल में सिर्फ न्यू टैक्स रिजीम लागू किया गया है, जिसमें 50 हजार रुपए के स्टैंडर्ड डिडक्शन को मिलाकर साढ़े 7 लाख रुपए की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता है। अब वित्त मंत्रालय के सूत्रों से पता चला है कि करदाताओं को राहत दे सकती है और टैक्स स्लैब में बदलाव हो सकता है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने जन्मदिन पर भगवान जगन्नाथ से लिया आशीर्वाद



**पीएम मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दी बधाई**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वीरवार को अपने जन्मदिन पर दिल्ली स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जन्मदिन पर राष्ट्रपति मुर्मू को बधाई दी और उनकी अच्छी सेहत व लंबे जीवन की कामना की।

# बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आज आएंगी भारत

**एजेंसी, बांग्लादेश**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21 और 22 जून को भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगी।

इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ रणनीतिक संबंधों को और ज्यादा मजबूत करना है. 18वें लोकसभा चुनाव के बाद भारत में सरकार बनने के बाद यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय परामर्श के अलावा प्रधानमंत्री शेख हसीना का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। इसके साथ ही विदेश मंत्री एस जयशंकर का बांग्लादेश की प्रधानमंत्री से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

# सेंसेक्स 77,479 के ऑल टाइम हाई पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार में वीरवार को उछाल देखा गया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर पहुंच गए। विदेशी निवेशकों की खरीदारी के बीच, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, और एचडीएफसी बैंक जैसे हैवी वेटेज वाले शेयरों में लिवाली से बाजार चढ़कर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज तेजी के साथ 77,554.83 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 77,643.09 अंक के रिकॉर्ड हाई लेवल तक चला गया था। अंत में सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत या 141.34 अंक की बढ़त के साथ 77,478.93 अंक के ऑल टाइम हाई लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 0.22 प्रतिशत या 51 अंक की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 23,567 अंक के लेवल पर बंद हुआ।

## माफिया अशरफ की पत्नी के घर पर चला बुलडोजर

**प्रयागराज।** माफिया अतीक के भाई अशरफ की पत्नी फातिमा जैनब के पूरामुफ्ती के अकबरपुर गांव स्थित आलीशान भवन पर वीरवार को पीडीए का बुलडोजर चला। तीन बुलडोजर इमारत को गिराने में लगे। पुलिस ने आसपास बैरिकेडिंग कर दी और भीड़ को वहां से हटा दिया गया। पीडीए के अनुसार यह मकान वक्फ की संपत्ति पर बनाया गया है। इसको पहले ही कुर्क किया जा चुका है और तोड़ने की कार्रवाई आज हुई है। माना जा रहा है कि उमेश पाल हत्याकांड मामले में फरार चल रहे अन्य नामजद आरोपियों के घरों पर जल्द ही बुलडोजर चल सकता है। अकबरपुर में हुई इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारियों के साथ कई थानों की फोर्स और पीएसी तैनात रही।

# हरियाणा की दो लोकसभा सीटों की ईवीएम होंगी चेक

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**दोनों भाजपा ने जीतीं; कांग्रेस की शिकायत पर चुनाव आयोग का फैसला**

**चुनाव** आयोग ने हरियाणा की 2 लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें करनाल और फरीदाबाद सीट शामिल है। इनकी अब ईवीएम चेक कराई जाएंगी।

करनाल से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते हैं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई थी। इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत भी की गई थी। इसके अलावा चुनाव आयोग ने चुनाव आयोग ने हरियाणा के अलावा आंध्र प्रदेश की एक सीट के 2 बूथों, छत्तीसगढ़ की एक सीट के 4 बूथों, महाराष्ट्र की एक सीट के 40 बूथों, तमिलनाडु की 2 सीटों के 20 बूथों और तेलंगाना की एक सीट के 20 बूथों की ईवीएम चेक कराने का भी फैसला लिया है। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर ईवीएम की जांच करने की मांग की थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भी गड़बड़ी की आशंका जताई थी। चुनाव आयोग ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे।

## भारत-श्रीलंका में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र शुरू

**कोलंबो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से वीरवार को समुद्री बचाव समन्वय केंद्र की संयुक्त रूप से शुरुआत की। इसके निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया है। जयशंकर वीरवार सुबह श्रीलंका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं और बिजली, ऊर्जा, संपर्क, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा," श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

# असम में बाढ़ से भारी तबाही, कई पुल बहे

## करीमगंज और नलबाड़ी जिले में सबसे अधिक नुकसान, घर पानी में डूबे

**एजेंसी, गुवाहाटी**



**असम** में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ से राज्य में हालात और खराब हो गए हैं। पिछले 24 घंटों में नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई जगहों पर भीषण बाढ़ आ गई है। बाढ़ के कारण कुछ इलाकों में खाने-पीने और रहने की समस्या भी उत्पन्न हो गई है।

बाढ़ की वजह से कई जगहों पर बांस और लकड़ी के पुल बह गए हैं। प्रशासन ने बाढ़ से प्रभावित जिलों में शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने की घोषणा की है और एहतियात के तौर पर प्रशासन ने धारा 144 लागू कर दी है। असम राज्य आपदा प्रबंधन के अनुसार, राज्य के 19 जिले बाढ़ की चपेट में है। वहीं, बाढ़ से अब तक में 26 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। करीमगंज और नलबाड़ी जिले को बाढ़ ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। करीमगंज में 280 गांव और नलबाड़ी में 109 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। अकेले करीमगंज जिले में बाढ़ से एक लाख 4 हजार 517 लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ पीड़ितों की मदद और उन्हें आश्रय देने के लिए 105 आश्रय शिविर और राहत शिविर स्थापित किए गए हैं. बाढ़ राहत शिविरों में फिलहाल 12,166 और बाढ़ राहत शिविरों में 10,287 पीड़ित शरण लिए हुए हैं। करीमगंज में एसडीआरएफ ने बाढ़ राहत शिविरों से 73 लोगों को बचाया है।

# दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल पर दौड़ी ट्रेन

**एजेंसी, रियासी**



संगलधान से रेलवे स्टेशन रियासी तक वीरवार को दस डिब्बों वाली ट्रेन का ट्रायल रन पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान ट्रेन विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल से होकर गुजरी। दोपहर 12 बजे के लगभग यह ट्रेन संगलधान से रियासी के लिए निकली और दो बजे के करीब रियासी पहुंचने पर रेलवे स्टेशन 'भारत माता की जय' के जयघोष गूंज उठा।

ट्रेन में परियोजना पर काम करने वाले कर्मचारियों को ट्रायल रन ट्रेन में बिठाया गया था। इसके अलावा रेलवे के अधिकारी भी ट्रेन में मौजूद रहे। ट्रायल रन पूरा होने के बाद ट्रेन को रियासी से कश्मीर तक इसी माह के अंत तक चलाया जा सकता है।

इस मौके पर पूर्व सरपंच राज कुमार शर्मा ने बताया कि लंबे समय बाद लोगों का सपना साकार हुआ है। 20 वर्ष पहले जब काम शुरू हुआ था तो काफी किस्म की परेशानियां सामने थी। रेलवे ने पहाड़ों को काट कर मार्ग तैयार किए। इसके बाद टनल बनाए गए और आज ट्रेन का इंजन थोड़े डिब्बों के साथ आया है। आने वाले दिनों में ट्रेन पूरी तरह से आएगी। अब इस ट्रेन का फाइनल ट्रायल कमिश्नर रेलवे सेफ्टी को 27 व 28 जून को करना है।

## जंग हुई तो इसराइल का कोई कोना नहीं छोड़ेंगे: नसरल्लाह



**नई दिल्ली।** लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह ने इसराइल को चेतावनी दी है।

नसरल्लाह ने कहा कि अगर इसराइल के साथ जंग हुई तो वहां एक भी जगह सुरक्षित नहीं बचेगी। इसके अलावा नसरल्लाह ने साइप्रस को भी हमले की धमकी दी है। नसरल्लाह ने कहा कि इसराइल ने हमला किया तो हम जमीन, हवा और पानी हर तरफ से उन पर अटैक करेंगे। इससे भूमध्य सागर भी खतरे में पड़ सकता है। हिजबुल्लाह बिना किसी नियम और सीमा के लड़ने को तैयार है।

# मोदी पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे : राहुल

## नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों पर साधा निशाना, बोले- शिक्षण संस्थानों को भाजपा ने कैप्चर किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीरवार को नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लेकर हमला बोला।

राहुल ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए। नीट पेपर और यूजीसी-नेट के पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की लड़ाई रोक दी थी। इसराइल और गाजा की लड़ाई को भी नरेंद्र मोदी ने रोक दी थी, लेकिन किसी न किसी कारण में हिंदुस्तान में जो पेपर लीक हो रहे हैं उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं रोक पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते।

# जल संकट के लिए भाजपा, हरियाणा सरकार और एलजी जिम्मेदार : संजय

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने दिल्ली में जल संकट के लिए बीजेपी, हरियाणा की भाजपा सरकार, दिल्ली के एलजी और प्रधानमंत्री को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है।

संजय ने कहा कि दिल्ली में जल संकट भाजपा की ओर से प्रायोजित है। हमारे बार-बार निवेदन करने के बाद भी हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली के हक का पानी नहीं छोड़ा। भाजपा वालों ने दिल्ली के 3 करोड़ लोगों का पानी रोक कर पाप किया है। इस विषय के बारे में खुद को प्रधानसेवक कहने वाले कुछ नहीं कर रहे हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि दिल्ली वालों का क्या गुनाह है? उन्होंने तो बीजेपी को सातों सीट जिताई है। उसके बाद भी उन्हें उनके हक का पानी नहीं मिल रहा। आरोप लगाया कि बीजेपी ने दिल्ली की सातों सीटें जीतते ही सबसे पहले दिल्ली के हक का पानी रुकवा दिया। हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के हक का पानी रोके हुए है।

**मुकाम** ओएजी ने जारी की रिपोर्ट, पहले दो स्थानों पर अमेरिका और चीन

# दुनिया का तीसरा घरेलू एयरलाइन मार्केट बना भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**एविएशन** सेक्टर में पिछले एक दशक में हुई मजबूत ग्रोथ के कारण अब भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू एयरलाइन बाजार बन गया है। भारत 10 साल पहले 80 लाख सीट के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा घरेलू एयरलाइन बाजार था।

अमेरिका, चीन, ब्राजील और इंडोनेशिया क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर थे। मौजूदा समय में पहले और दूसरे स्थान के साथ अमेरिका एवं चीन के घरेलू एयरलाइन बाजार ही भारत से आगे हैं। ओएजी डाटा के मुताबिक, अप्रैल 2024 में भारत 1.56 करोड़ सीटों की क्षमता के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू एयरलाइन बाजार था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में पिछले 10 साल में सीटों की संख्या 6.9 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ी है। इस दौरान चीन में घरेलू एयरलाइन सीट की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही है। अमेरिका और इंडोनेशिया के घरेलू एयरलाइन बाजार की भी लगभग यही स्थिति रही। ओएजी की रिपोर्ट में बताया गया है कि बड़े घरेलू एयरलाइन बाजार में लो-कॉस्ट कैरियर (एलसीसी) कैपेसिटी शेयर की काफी अहम भूमिका होती है। अप्रैल 2024 में भारतीय घरेलू एयरलाइन बाजार में एलसीसी की हिस्सेदारी 78.4 प्रतिशत रही है, जो पांचों बड़े बाजारों में सबसे अधिक है। पिछले 10 साल में इंडिगो ने 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ अपना मार्केट शेयर बढ़ाकर 62 प्रतिशत कर लिया है। वर्ष 2014 में उसकी बाजार हिस्सेदारी 32 प्रतिशत थी। हालांकि, अन्य किसी एयरलाइन की बाजार हिस्सेदारी में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है।

# मोदी सरकार ने भर्ती प्रणाली को किया तहस-नहस : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द किए जाने पर केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार 'लीक और फ्रॉड' के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। केंद्र सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है।

मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए सीबीआई को सौंपा है। खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि ये कैसी 'परीक्षा पे चर्चा', जहां रोजाना लीक होता पर्चा। मोदी सरकार ने देश की शिक्षा व भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कर दिया है। नीट, यूजीसी-नेट, सीयूईटी में पेपर लीक, धांधली और घोर अनियमितताओं का अब पर्दाफाश हो चुका है। बहुप्रचारित एनआरए (राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी) पूर्णतः निष्क्रिय है।